जबलपुर
सोमवार, 25 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष - 1
वर्ष : 20, अंक : 118
पृष्ठ : 14, मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 26
न्यूल. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


आईबी में करीब 30 साल तक सेवाएं दी

## आईपीएस अनीश दयाल बनाए गए डिप्टी एनएसए



नई दिल्ली। सीआरपीएफ और आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को डिप्टी एनएसए नियुक्त किया गया है और उन्हें आंतरिक मामलों को संभालने का दायित्व सौंपा गया है। मणिपुर कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सिंह दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का नेतृत्व करने से पहले, उन्होंने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में लगभग 30 वर्षों तकअपनी सेवाएं दी हैं ।

डीआरडीओ ने बनाया स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम, ओडिशा तट पर आईएडीडब्ल्यूएस का पहला परीक्षण सफल



# भारत के दुश्मन हवा में उड़ जाएंगे, मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम के क्षेत्र में 'बड़ी' सफलता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सैन्य क्षेत्र में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। इसी क्रम में मल्टिलेयर एयर डिफेंस सिस्टम के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डीआरडीओ ने ओडिशा तट पर आईएडीडब्ल्यूएस की पहली उड़ान का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। इस परीक्षण में मिसाइलों को लक्ष्य के पीछे उड़ाया गया और मिसाइलें अपने लक्ष्य को हवा में ही मार गिराने में सफल रहीं। यह एक बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है, जिसमें कई स्वदेशी मिसाइलें और एक शक्तिशाली लेजर हथियार शामिल हैं।



### क्या है आईएडीडब्ल्यूएस ?

डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (डीईडब्ल्यू) एक ऐसा हथियार है जो लेजर जैसी ऊर्जा का उपयोग करता है। यह हवा में दुश्मन के फाइटर जेट और मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम है। डीआरडीओ ने इस सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और इसे विकसित करने वालों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा उड़ान परीक्षण देश की बहु-स्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित करता है।


### कितना मजबूत है भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम?

भारतीय वायु रक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे उन्नत और मजबूत प्रणालियों में से एक है, जो हवाई खतरों जैसे बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों, लड़ाकू विमानों, ड्रोनों और हेलिकॉप्टरों से रक्षा करने में सक्षम है। यह मल्टी-लेयर्ड सिस्टम विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न होने वाले खतरों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। भारत का वायु रक्षा तंत्र उन्नत रडार, मिसाइल सिस्टम, और कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटरों के एकीकृत नेटवर्क पर आधारित है, जो इसे अत्यंत प्रभावी बनाता है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 25-26 को गुजरात दौरे पर



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 और 26 अगस्त को दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद और आसपास के क्षेत्रों में 5,400 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में शहरी विकास, ऊर्जा, सड़क, और रेलवे से जुड़े कार्य शामिल हैं।

### फिर ठप हुई एयरटेल की सर्विसेज, यूजर्स परेशान



नई दिल्ली। एयरटेल की सर्विसेज देशभर में एक बार फिर से डाउन हो गई हैं। लोग न वॉयस कॉलिंग कर पा रहे हैं और न ही इंटरनेट चला पा रहे हैं। घरों में लगे ब्रॉडबैंड भी अचानक बंद हो गए, जिससे लोगों को काम करने में समस्या का सामना करना पड़ा। देश के कई इलाकों के यूजर्स इस आउटेज से प्रभावित हुए हैं।

### अनिल अंबानी का अकाउंट फ्रॉड घोषित



मुंबई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने भी अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के लोन खाते को फ्रॉड घोषित किया है। बैंक ऑफ इंडिया ने फाइलिंग में बताया है कि हमसे लिए गए फंड का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसमें कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी शामिल है।

नई दिल्ली में अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन 2025 का केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने किया उद्घाटन

# बिना 'सार्थक' वाद विवाद के विधानसभाएं 'निर्जीव'

जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ, इसके भयंकर परिणाम देखने पड़े

*अमित शाह ने कहा कि हमें जनता के मुद्दों को उठाने के लिए एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन का संचालन नियमों के अनुसार हो*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद और विधानसभाएं लोकतंत्र की असली ताकत हैं। जब सदन में रचनात्मक चर्चा होती है और कानून बनाए जाते हैं, तभी देश की दिशा और आने वाला कल तय होता है। लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए सदन को चलने न देना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद का मानसून सत्र विपक्ष के विरोध के चलते बार-बार बाधित हुआ और सत्र के दौरान काफी कम काम हुआ। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जब संसद में सीमित बहस या चर्चा होती है, तो इससे राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है। अमित शाह ने कहा कि लोकतंत्र में बहस होनी ही चाहिए। लेकिन किसी के संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए, विपक्ष के नाम पर सदन को चलने न देना ठीक नहीं है।





### संसद और विधानसभा सिर्फ इमारत नहीं

शाह ने कहा कि संसद और विधानसभा सिर्फ इमारत नहीं हैं। अगर इनमें भावनाओं और सार्थक चर्चा का अभाव हो जाए तो ये भवन बेमायने हो जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए पूरे सत्र को बाधित करना लोकतंत्र के लिए सही परंपरा नहीं है। प्रतीकात्मक विरोध का महत्व है, लेकिन लगातार कामकाज ठप करना देशहित के खिलाफ है।

### लाइब्रेरी के महत्व पर भी दिया जोर

अमित शाह ने इस मौके पर संसदीय नियमों के बेहतर इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रश्नोत्तर, विशेष चर्चा, विश्वास प्रस्ताव, बजट बहस और प्राइवेट मेंबर बिल जैसे प्रावधानों का पूरा उपयोग होना चाहिए।

### गृह मंत्री ने विट्ठलभाई पटेल को किया याद

गृह मंत्री ने आजादी के बाद से भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की सराहना की और कहा कि 'यहां लोकतंत्र की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सत्ता परिवर्तन के दौरान खून की एक बूंद भी नहीं गिरी है, जबकि कई देशों में लोकतांत्रिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है।' शाह ने संसद के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि '100 साल पहले आज ही के दिन, महान स्वतंत्रता सेनानी विट्ठलभाई पटेल को लोकसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिससे भारत के विधायी इतिहास की शुरुआत हुई।' शाह ने कहा कि 'अगर देश को आजादी दिलाना अहम था तो लोकतंत्र की स्थापना और विधायी प्रक्रियाओं की स्थापना भी उतनी ही महत्वपूर्ण काम है।' विट्ठलभाई पटेल ने कठिन समय में भी लोकतंत्र की स्थापना और उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम सभी को यह बात याद रखनी चाहिए।'

निक्की मर्डर केस: आरोपी पति का एनकाउंटर, पैर में गोली लगी

# दहेज के लिए पत्नी की जिंदा जलाकर हत्या की

एनकाउंटर के बाद बोला पति मुझे कोई पछतावा नहीं





एजेंसी ▶▶ नोएडा

ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए पत्नी निक्की को जलाकर मारने वाले पति विपिन की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी विपिन के पैर में गोली लगी है। वह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने पीछा किया लेकिन विपिन रुका नहीं, जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई जो विपिन के पैर में लग गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को पुलिस टीम आरोपी को थिनर की बोटल जहां से खरीदी थी, वो बरामद करने के लिए लेकर जा रही थी। तभी विपिन ने पुलिस की पिस्टल छीन ली और भागने लगा। विपिन ने कहा कि मुझे कोई पछतावा नहीं है।

### ससुराल वालों ने मांगे थे 35 लाख

रूपबास गांव के रहने वाले भिकारी सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री कंचन (29) और निक्की (27) की शादी दिसंबर 2016 में सिरसा गांव के रहने वाले रोहित और उसके भाई विपिन से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में स्कॉर्पियो गाड़ी और सभी सामान दिया था लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल के लोग 35 लाख रुपए की मांग करने लगे।

एडीसीपी ने कहा

### हमने थिनर की बोतलें बरामद कर ली हैं

एडीसीपी सुधीर कुमार ने कहा कि हमने बोतलें बरामद कर लीं, लेकिन उसी दौरान विपिन ने इंस्पेक्टर की पिस्तौल छीन ली और भागने की कोशिश की। जब पुलिस ने उसे घेर लिया, तो उसने हम पर गोली चलाने की कोशिश की। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई और गोली उसके पैर में लगी।

बिहार एसआईआर में हुआ खुलासा

### वोटर लिस्ट में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम, जांच शुरू

नई दिल्ली। बिहार के भागलपुर से एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि दो पाकिस्तानी महिलाओं का नाम राज्य की वोटर लिस्ट में पाया गया है। इसकी पुष्टि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान की गई है। गृह मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है और उसका नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों महिलाएं बुजुर्ग हैं और ठीक से बोल नहीं पातीं। बूथ लेवल ऑफिसर फरजाना खानम ने कहा कि मैंने एसआईआर के जरिए सत्यापन किया।




भारतीय आधार कार्ड बना डाला

एकतरफा प्यार में युवक की हत्या

### जिस चाकू से कटवाया केक, उसी से की हत्या

गुना। यहां 21 वर्षीय एक युवक ने अपनी बहन को परेशान करने वाले एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने वही चाकू का इस्तेमाल किया, जिससे उसकी बहन ने कुछ दिनों पहले अपने जन्मदिन का केक काटा था। मृतक युवक अनिल लगातार आरोपी अभिषेक टिंगा की बहन से संपर्क में था और उस पर दबाव डाल रहा था। वह उसे शादी के लिए कहता था और सोने-चांदी के गहने देने का वादा करता था।



पुलिस ने 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

2 बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़

### 30 करोड़ की हेरोइन और मारिजुआना जब्त, 3 दबोचे

नई दिल्ली। दिल्ली में एक साथ दो बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। कस्टम विभाग और दिल्ली पुलिस की अलग-अलग कार्रवाई में कुल 30 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन और मारिजुआना बरामद की गई है। दोनों मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक यात्री दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पकड़ा गया, जबकि दो महिलाओं को नंद नगरी इलाके से हिरासत में लिया गया है।



दिल्ली एयरपोर्ट और नंद नगरी के मामले

भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने किया सन्यास का ऐलान

# गंभीर ने कहा- जब तूफान आया तब भी वे डटे रहे

बोले- कहा जाता है हर एक अच्छी चीज का एक अंत होता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम के महान बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। पुजारा ने लिखा कि भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना, और हर बार मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना... इसे शब्दों में बयां करना नामुमकिन है कि यह कितना खास था, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, हर अच्छी चीज का एक अंत होता है, और अत्यंत आभार के साथ मैं यह घोषणा करता हूं कि मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है।



### पुजारा का अंतरराष्ट्रीय करियर

पुजारा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 103 टेस्ट और पांच वनडे खेले। टेस्ट में उन्होंने 176 पारियों में 43.61 की औसत से 7195 रन बनाए। इनमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 206 रन का रहा वहीं, वनडे में उन्होंने 39.24 की औसत से 51 रन बनाए।

स्वामी रामभद्राचार्य ने प्रेमानंद महाराज को दिया चैलेंज

# अगर वे सच में चमत्कारी हैं तो सामने आकर संस्कृत में बात करके दिखाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि वे प्रेमानंद महाराज को चमत्कारी संत नहीं मानते। रामभद्राचार्य ने उन्हें खुला चैलेंज देते हुए कहा कि अगर वे सच में चमत्कारी हैं तो उनके सामने आकर संस्कृत में बात करके दिखाएं। या वे मेरे कहे गए संस्कृत श्लोकों का अर्थ समझा दें। वो तो मेरे बालक के समान हैं। शास्त्र जिसको आए वो चमत्कार है। डायलसिस के ऊपर वो जी रहे हैं। मैं न तो उन्हें विद्वान कह रहा हूं और चमत्कारी। इतनी लोकप्रियता थोड़ी दिनों के लिए ही होती है।

ये लोकप्रियता थोड़े दिन के लिए ही



### कौन हैं प्रेमानंद महाराज?

प्रमानंद महाराज का असली नाम अनिरुद्ध कुमार पांडे है। इनका जन्म 30 मार्च 1969 को उत्तर प्रदेश के कानपुर के सरसौल गांव में हुआ। इस समय वे वृंदावन में रहते हैं, जहां उन्होंने 2016 में श्री हित राधा केली कुञ्ज ट्रस्ट स्थापित किया। यह तीर्थयात्रियों और जरूरतमंदों को खाना, आवास, चिकित्सा की सेवाएं देता है। उनकी शिक्षाएं भक्ति, गुरु का महत्व, साधारण जीवन, प्रेमपूर्ण सेवा और कृष्ण-राधा की भक्ति पर आधारित हैं।

भोपाल समेत 30 जिलों में गिरा पानी, तीन दिन बाद फिर बनेगा नया सिस्टम

# सतना में बाढ़ के हालात, डिंडौरी-अमरपुर मार्ग बंद, घाट डूबे श्योपुर में गर्भवती महिला को रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अभी भारी से अति भारी और मध्यम बारिश का दौर जारी है। रविवार को भी सुबह से शाम तक एक दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से तेज बारिश हुई। बारिश का यह सिलसिला अब पूरे अगस्त में चलने की उम्मीद है।

वर्तमान में प्रदेश में लो प्रेशर एरिया और दो सकुर्लेशन के साथ ही मानसून ट्रफ भी गुजर रही है, जिससे बारिश का दौर चल रहा है। रविवार को डिंडौरी में नर्मदा नदी उफान पर रही। इससे नर्मदा किनारे घाट डूब गए।

चित्रकूट में तेज बहाव के चलते गुप्त गोदावरी गुफा बंद कराई गई

### तवा डैम के गेट 5 फीट तक खुले



इटारसी के तवा डैम के गेट रविवार को भी खुले। तीन गेटों को 5 फीट तक खोला गया है, जिनसे करीब 25,000 क्यूसेक पानी नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा है। डैम का जलस्तर 1163.70 फीट दर्ज किया गया है।

### आज यहां फ्लैश फ्लड का खतरा

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक भिंड, ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी और श्योपुर जिलों में तेज बारिश से अचानक बाढ़ का खतरा हो सकता है। रविवार को छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, शिवपुरी, मंडला, बालाघाट सहित एक दर्जन जिलों में मध्यम बारिश हुई। भोपाल में रुक रुककर रिमझिम का दौर चला।



सत्यमेव जयते
मध्यप्रदेश शासन
NATIONAL HEALTH MISSION
सबके लिए सुलभ होतीं
आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
श्योपुर, सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का लोकार्पण
पीपीपी मॉडल पर धार, बैतूल, पन्ना एवं कटनी चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना हेतु अनुबंध हस्ताक्षर
8 लाख वय वंदना कार्ड वितरण
एवं
स्मार्ट चैटबॉट 'आयुष्मान सखी' का शुभारंभ
आशा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ
मातृ गर्भावस्था आहार प्रचार सामग्री एवं मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड का विमोचन
स्वस्थ यकृत मिशन में 1 करोड़ स्क्रीनिंग की उपलब्धि
मुख्य अतिथि
जगत प्रकाश नड्डा
केन्द्रीय मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
25 अगस्त, 2025 | अपराह्न 2:30 बजे
नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक सूचना केन्द्र, घंटाघर, जबलपुर
स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्तिकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक कोने तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें, हर जिले में मेडिकल कॉलेज हों, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण के साथ पर्याप्त स्वास्थ्य अमला भी सुनिश्चित हो।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
D-11088/25
उपचार की उच्च स्तरीय सुविधा और सभी विशेषज्ञ OPD/IPD सेवाएं
जिला चिकित्सालयों का सुदृढ़ीकरण
प्रदेश के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई प्राप्त करने का अवसर
रोज़गार के नये अवसरों का सृजन
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश
आकल्पन : म.प्र. माध्यम

### केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने किया स्वागत

# पीएम मोदी को दुनिया का 'बॉस' बताने वाले फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी भारत यात्रा पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का 'बॉस' बताने वाले फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। वह रविवार को दिल्ली पहुंचे, जहां केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने उनका स्वागत किया। फिजी के प्रधानमंत्री के साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी हैं। प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री राबुका के आगमन की जानकारी साझा करते हुए लिखा, फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका का अपनी पहली यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है।

प्रधानमंत्री राबुका का एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने स्वागत किया। यह यात्रा विविध क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करेगी। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत और फिजी ने जुलाई 2025 में सुवा, फिजी में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के छठे दौर का आयोजन किया था। इस दौरान दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण, व्यापार और निवेश, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की और उसे बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने किया।

*प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दोनों देशों की द्विपक्षीय संबंधों को सभी क्षेत्रों में मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है*

*फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा दोनों देशों के रिश्ते अधिक होंगे मजबूत*

*यह यात्रा विविध क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करेगी*



### 1879 में हुई थी भारत और फिजी की दोस्ती

फिजी समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। दोनों देशों के सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंध मजबूत हैं। भारत और फिजी के बीच संबंध 1879 में शुरू हुए जब ब्रिटेन सरकार भारतीय मजदूरों को अनुबंध प्रणाली के तहत फिजी ले गई थी। राबुका की भारत यात्रा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फिजी यात्रा के एक साल बाद हो रही है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री राबुका की यात्रा भारत और फिजी के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। इसमें कहा गया, यह यात्रा सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को और गहरा करने की दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### आज पीएम मोदी से होगी मुलाकात

अपनी भारत यात्रा के दौरान फिजी के प्रधानमंत्री आज सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से फिजी के पीएम के लिए लंच का आयोजन होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अगस्त 2024 में फिजी का दौरा किया था।भारतीय विदेश मंत्रालय का मानना है कि प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दोनों देशों की द्विपक्षीय संबंधों को सभी क्षेत्रों में मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### पुतिन और जेलेंस्की आएंगे भारत

# ट्रंप के बस की बात नहीं, पीएम मोदी रुकवाएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई ग्लोबल लीडर कहता है तो कोई उनकी सराहना करने से नहीं थकता है। जिस काम को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नहीं कर पाए उसे पीएम मोदी पूरा करने जा रहे हैं। वो है रूस-यूक्रेन के बीच शांति बहाल कराना। ट्रंप का मानना है कि भारत रूस से लगातार तेल खरीद रहा है इसके कारण यह युद्ध अनवरत जारी है।



इन तमाम आरोप प्रत्यारोपों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की खबरें सामने आईं। वहीं, अब भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत यात्रा की बात कही है। भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने कहा कि रूस के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को देखते हुए यूक्रेन भारत को संभावित शांति वार्ताओं में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में देखता है। जेलेंस्की की भारत यात्रा के बारे में पूछे जाने वाले पर राजदूत ने कहा, दोनों देश यात्रा की तारीख और वार्ता के विषय को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जल्द ही इसका ऐलान कर दिया जाएगा। राजदूत ने बातचीत में आगे कहा, हम यूक्रेन में शांति-निर्माण प्रक्रिया में भारत की अधिक भागीदारी की उम्मीद करते हैं। मेरा मानना है कि हमारी सभी बैठकें इस बात पर चर्चा का हिस्सा होंगी कि भारत सीधे या परोक्ष रूप से रूस के साथ राजनीतिक बातचीत में कैसे शामिल हो सकता है। विशेष रूप से रूस और भारत के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को ध्यान में रखते हुए हमें इसकी उम्मीद है।यूक्रेनी राजदूत ने एक लेख में भारत-यूक्रेन संबंधों के बारे में चर्चा की है। उन्होंने लिखा, यूक्रेन के तीन राष्ट्रपतियों ने भारत का आधिकारिक दौरा किया।

### एक संयुक्त रोडमैप पर हस्ताक्षर की संभावना

*दोनों देशों के विदेश मंत्रालय और राजनयिक मिशन इस साझा उद्देश्य को लागू करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत की आगामी यात्रा के दौरान रणनीतिक साझेदारी के लिए एक रोडमैप पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। 23 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय खोला। इसने रणनीतिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए दोनों लोकतंत्रों के नेताओं की आकांक्षा की पुष्टि की।*

### दोनों देशों के बीच नियमित हुई टेलीफोनिक वार्ता

जबकि भारत के दो राष्ट्रपतियों ने यूक्रेन का दौरा किया। 2021 तक यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से पहले द्विपक्षीय व्यापार लगभग 3.4 अरब तक पहुंच गया था। उन्होंने कहा, एक लंबे विराम के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री के बीच पहली बैठक नवंबर 2021 में ग्लासगो में जलवायु शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। मई 2023 से ऐसी बैठकें और टेलीफोन वार्ता नियमित हो गई हैं।

## एआई से महिला की खोई हुई आवाज आई वापस!

**नई दिल्ली।** एआई की मदद से एक महिला सालों बाद अपनी आवाज में बोल पा रही हैं। ब्रिटिश आर्टिस्ट सारा एज़ेकील मोटर



न्यूरॉन रोग से पीड़ित हैं, जिसकी वजह से उनकी बोलने की क्षमता चली गई थी। लेकिन एआई और एक पुराने होम वीडियो के बमुश्किल सुनाई देने वाले सिर्फ 8 सेकेंड के क्लिप की बदौलत एक बार फिर अपनी आवाज़ में बात कर पा रही हैं। एआई ने उस पुराने ऑडियो से उनकी आवाज़ के उच्चारण, लहजे और भाव को समझा और फिर से सारा की असली आवाज़ तैयार की।

यह आवाज़ अब मशीन से नहीं, दिल से निकलती हुई लगती है।

**हेली ने चेताया**
भारत ट्रंप की बात को गंभीरता से ले

# चीन से मुकाबले के लिए अमेरिका को भारत की पड़ेगी बड़ी जरूरत

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत को एक ऐसा मित्र बताया, जिसकी चीन से मुकाबला करने के लिए अमेरिका को जरूरत है। साथ ही हेली ने भारत से रूसी तेल के संबंध में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से लेने को कहा।



हेली ने कहा है कि भारत को रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात को गंभीरता से लेना चाहिए और व्हाइट हाउस के साथ मिलकर जल्द समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जितना जल्दी होगा, उतना बेहतर होगा।अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में निक्की हेली ने लिखा, दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक ताकतों के बीच दशकों से चली आ रही दोस्ती और भरोसा मौजूदा मतभेदों से आगे बढ़ने की मजबूत नींव है।

### भारत और अमेरिकी संबंध नाजुक मोड़ पर

अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली ने साफ किया कि व्यापार विवाद और रूस से तेल आयात जैसे मसलों पर कठिन बातचीत जरूरी है, लेकिन साझा लक्ष्य सबसे अहम हैं। निक्की हेली के मुताबिक, चीन का सामना करने के लिए अमेरिका को भारत जैसे दोस्त की जरूरत है। इससे पहले भी निक्की हेली चेतावनी दे चुकी हैं कि भारत-अमेरिका संबंध एक नाजुक मोड़ पर खड़े हैं। उन्होंने न्यूज़वीक में लिखे लेख में कहा था कि रूस तेल और टैरिफ विवाद को दोनों देशों के रिश्तों में स्थायी दरार का कारण नहीं बनने देना चाहिए।

## पाकिस्तान के मददगारों को भारतीय सिखा रहे सबक

**अंकारा।** पाकिस्तान के मददगारों तुर्की और अजरबैजान पर भारतीय पर्यटकों ने सर्किकल स्ट्राइक किए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक जून 2025 में अजरबैजान जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में करीब 66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट सीधे-सीधे ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अजरबैजान की तरफ से पाकिस्तान को खुलेआम समर्थन देने के बाद आई है। जानकारी के मुताबिक जून के महीने में सिर्फ 9,934 भारतीय पर्यटक अजरबैजान पहुंचे थे। जबकि पिछले साल इसी महीने यह संख्या 28,315 थी।

### उत्तर कोरिया लगातार बढ़ा रहा ताकत

# नई एंटी एयर मिसाइलें तैयार, किम जोंग ने किया निरीक्षण

एजेंसी ⏭ सियोल



उत्तर कोरिया लगातार अपनी युद्धक क्षमता को बढ़ा रहा है। देश ने अब दो नई एंटी एयर मिसाइलें तैयार की हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने इन मिसाइलों का निरीक्षण देखा।

माना जा रहा है कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी क्षमता को प्रदर्शन किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि शनिवार को हुए परीक्षण से यह साबित हो गया कि मिसाइलें ड्रोन और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों का मुकाबला करने में प्रभावी हैं। किम ने अगले साल होने वाले एक प्रमुख राजनीतिक सम्मेलन से पहले रक्षा वैज्ञानिकों को कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि किन मिसाइलों का परीक्षण किया और यह कहां हुआ? यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यांग जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ शिखर सम्मेलन के लिए टोक्यो की यात्रा पर हैं।


इस शिखर सम्मेलन में उन्होंने उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षाओं सहित साझा चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सहयोग और त्रिपक्षीय साझेदारी को मज़बूत करने का संकल्प लिया है।

### कई दर्जन गांवों का संपर्क मुख्य शहर से टूट गया

# कठुआ में भारी बारिश से उफान पर आई नदी, लखनपुर का पुल-लिंक रोड टूटा

एजेंसी ⏭ जम्मू

देशभर के कई हिस्सों में मानसून का कहर देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है। जिसके चलते नदी-नाले उफान पर हैं। शनिवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर कठुआ जिले के लखनपुर क्षेत्र में तबाही मचा दी। बारिश इतनी तेज थी कि शहर की मुख्य सड़कें, ग्रामीण लिंक मार्ग और गलियां पूरी तरह पानी से डूब गई हैं। कई दर्जन गांवों का संपर्क मुख्य शहर से टूट गया, जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



### अस्थाई पुल भी ढह गया

*लखनपुर वार्ड नंबर 4 को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बारिश के पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे क्षेत्र पूरी तरह से अलग-थलग हो गया है। खेल मैदान के नजदीक जो लिंक रोड दर्जनों गांवों को जोड़ता था, वह भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार, खेल मैदान के पास बना एक अस्थायी पुल भी बारिश की वजह से ढह गया।*

## ड्रोन ने परमाणु संयंत्र को भी बनाया निशाना

**मॉस्को।** मॉस्को ने रविवार को यूक्रेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने रूस के पश्चिमी क्षेत्र कुर्स्क में स्थित एक परमाणु बिजली संयंत्र पर ड्रोन हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ जब यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता के 34 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा था। रूसी अधिकारियों के अनुसार, रातभर कई ऊर्जा और बिजली ठिकाने ड्रोन हमलों का शिकार बने। कुर्स्क स्थित संयंत्र में आग लग गई थी, लेकिन समय रहते काबू पा लिया गया और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रूसी अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमले से संयंत्र का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ, हालांकि विकिरण का स्तर सामान्य रहा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि उसे इस घटना की जानकारी मिली है, लेकिन स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। एजेंसी प्रमुख राफेल मरियानो ग्रोसी ने कहा कि हर हाल में परमाणु ठिकानों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।

### गगनयान मिशन पर जाने वालों को किया सम्मानित

शुभांशु ने अंतरिक्ष में किया हनुमान चालीसा का पाठ

# शुभांशु शुक्ला के लिए बोले राजनाथ सिंह: हनुमानजी का भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर धरा पर लौटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और गगनयान मिशन पर जाने वाले उनके अन्य सहयोगियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने गगनयात्रियों की जमकर तारीफ की और कहा कि पूरे देश को गगनयात्रियों पर गर्व है और सभी देशवासी गौरवान्वित हैं।



राजनाथ सिंह ने कहा कि 'प्रशिक्षण के दौरान आप सभी ने जो मेहनत की, वह न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि मैं कहूंगा कि उत्कृष्ट थी। मुझे भारत माता के सपूत, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके अन्य सहयोगियों, ग्रुप कैप्टन पी वी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सचमुच गर्व महसूस हो रहा है। सभी देशवासियों को आप सभी पर गर्व है। आप सभी ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है। राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा योगदान केवल अंतरिक्ष में उपग्रह भेजने तक ही सीमित नहीं है।

**चंद्रमा से लेकर मंगल तक भारत की उपस्थिति**

### शुभांशु शुक्ला बजरंग बली के भक्त

राजनाथ सिंह ने शुभांशु शुक्ला के बारे में आगे कहा कि मुझे यह भी बताया गया कि आप (शुभांशु शुक्ला) भी बजरंग बली के भक्त हैं। और आपने वहां (अंतरिक्ष में) कई बार हनुमान चालीसा पढ़ी होगी। आज हनुमान जी का एक भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर लौटा है और हम सबके बीच मौजूद है। मेरा मानना है कि यह सिर्फ विज्ञान की जीत नहीं है।



## चिंतन

# भारत को सचेत आर्थिक सुधारों की त्वरित जरूरत

मौजूदा खौफनाक टैरिफ दौर में भारत को अपने सचेत आर्थिक सुधारों की जरूरत है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए आर्थिक सुधारों का खाका पेश किया है। इससे पहले भी अनेक अर्थशास्त्रियों, वित्तीय संगठनों ने भारत में अगले चरण के आर्थिक सुधार में तेजी लाने का सुझाव दिया है। इसी वर्ष फरवरी में विश्व बैंक ने भारत को चिली, दक्षिण कोरिया, पोलैंड का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के लिए तेजी से नए सुधार की जरूरत है। वर्ष 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसे बाद की सरकारों ने आगे बढ़ाया। अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री रहे डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सुधारों में और तेजी आई। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आई तो कई सुधार किए गए। जनधन, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जीएसटी, नोटबंदी, पीएलआई, एफडीआई नियमों में ढील समेत अनेक सुधार किए गए, लेकिन कुछेक वर्षों से देश में आर्थिक क्षेत्र में नीतिगत स्टैगनेशन है। अभी जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में उच्च टैरिफ वार छेड़ा है, उससे वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। इसी के साथ भारत ने जो अपने लिए वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे देखते हुए देश में अगले चरण के आर्थिक सुधार की शिद्दत से जरूरत महसूस हो रही है। सीआईआई ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में सुधार का जो खाका पेश किया है, उसमें सरलीकृत जीएसटी संरचना, गैर-रणनीतिक सावजनिक उपक्रमों का निजीकरण, युक्ति संगत शुल्क संरचना, विवादों के शीघ्र समाधान, राष्ट्रीय रोजगार और गिग अर्थव्यवस्था नीतियों पर जोर दिया गया है। सुधार के क्षेत्रों में राजकोषीय सूझबूझ, मुद्रास्फीति प्रबंधन और आधुनिक सांख्यिकीय प्रणालियां, गैर-रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण, एक संप्रभु धन कोष का निर्माण, छोटे उल्लंघनों का गैर-अपराधीकरण, समयबद्ध अनुमोदन, एकल-खिड़की मंजूरी और दूसरी पीढ़ी के आईबीसी सुधार, सुव्यवस्थित श्रम संहिताएं, न्यूनतम वेतन रूपरेखा और त्वरित विवाद समाधान शामिल हैं। उद्योग मंडल ने ऊर्जा नीति सुधारों की भी सिफारिश की है, जिनमें प्रतिस्पर्धी शुल्क, क्रॉस-सब्सिडी यानी एक की कीमत पर दूसरे को सब्सिडी की व्यवस्था समाप्त करने, मजबूत पारेषण नेटवर्क, परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी और हरित हाइड्रोजन खाका की बात है। 15 अगस्त को लाल किले से पीएम मोदी ने जीएसटी में सुधार का ऐलान किया और सरकार जीएसटी के चार से दो स्लैब करने की तैयारी कर रही है। विश्व बैंक ने फरवरी की रिपोर्ट में कहा था कि भारत को 2047 तक उच्च आय की स्थिति तक पहुंचने के लिए 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी। 2000 और 2024 के बीच भारत की औसतन 6.3 प्रतिशत की विकास दर रही है। संकेत साफ है कि जीडीपी में गति लाने के लिए घरेलू खपत के साथ निर्यात अर्थव्यवस्था की रफ्तार निरंतर बनाए रखनी होगी। भारत को सार्वजनिक व निजी निवेश में जीडीपी के 40 फीसदी तक वृद्धि, एफडीआई के नए द्वार खोलने, श्रम शक्ति भागीदारी को 70 फीसदी के स्तर पर ले जाना, नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, स्ट्रक्चरल सुधार व प्रौद्योगिकीकरण में तेजी, राज्यों में आर्थिक समावेशन व गतिविधियों को तेज करने के साथ उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाना होगा। निर्यात के लिए एफटीए के जरिये नए बाजार का जाल तैयार करना होगा।



सियासत
राज कुमार सिंह

# उप-राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणायन राजनीति

उप राष्ट्रपति चुनाव में मुख्यतः उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा। उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है।

उप राष्ट्रपति चुनाव ने भारतीय राजनीति को दक्षिणायन बना दिया है। मुख्यतः उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। पहले झारखंड और फिर महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाये जाने से पूर्व राधाकृष्णन मूलतः भाजपा के नेता रहे हैं। रेड्डी पर अभी तक राजनीतिक पहचान का ठप्पा नहीं रहा है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश रहने के बाद वह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी रह चुके हैं। राष्ट्रपति- उप राष्ट्रपति का पद संवैधानिक माना जाता है, लेकिन उसके लिए चुनाव राजनीतिक तिकड़मों से मुक्त नहीं रह पाता।

'मिसाइल मैन' अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने जैसे उदाहरण अपवादस्वरूप ही हैं। बेशक उसका श्रेय भाजपा को जाता है। एक महीने पहले 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के बीच ही रहस्यमयी इस्तीफे के चलते इस उप राष्ट्रपति चुनाव की नौबत आयी है। जैसा कि अक्सर होता है, धनखड़ के इस्तीफे के तुरंत बाद मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक में इस पद के लिए राजग के संभावित उम्मीदवार की अटकलें शुरू हो गयी थीं। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम से शुरू अटकलें बाद में संघ-भाजपा के निष्ठावानों के नामों पर सिमट गयीं। जनता दल से राजनीति शुरू कर कांग्रेस के रास्ते भाजपा में आये धनखड़ के साथ कटु अनुभव के बाद पार्टी ने वैसा जोखिम नहीं उठाया। वैसे सीपी राधाकृष्णन के चयन से इस धारणा को बल मिला है कि दौड़ में आगे बताये जाने वाले अक्सर भाजपा में मंजिल तक नहीं पहुंच पाते। हां, राज्यपाल रहे व्यक्ति को राष्ट्रपति–उप राष्ट्रपति बनाने का भाजपाई रुझान बरकरार है। पहले बिहार के उप राज्यपाल रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया तो फिर पश्चिम बंगाल के उप राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उप राष्ट्रपति और अब महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन की बारी है। नौ सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा (पूर्व में जनसंघ) के प्रति निष्ठावान रहे राधाकृष्णन पर दांव के मूल में दक्षिण भारत में राजनीतिक बिसात बिछाने की कवायद भी साफ समझी जा सकती है। केंद्र समेत तमाम राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा का दक्षिण भारत में एकमात्र सत्ता-दुर्ग कर्नाटक ही बन पाया था, जो 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छीन लिया। इसलिए तमिलनाडु के प्रभावशाली ओबीसी समुदाय से आने वाले राधाकृष्णन को उम्मीदवार बना कर भाजपा ने दक्षिण में अपने प्रसार की रणनीति भी बनायी है। तमिलनाडु की राजनीति दशकों से द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्दगिर्द घूमती रही है, लेकिन जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक के बिखराव में भाजपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है। दूसरे, तमिल उम्मीदवार के चलते वहां के सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर भी समर्थन के लिए दबाव बनाने की रणनीति भाजपा की रही होगी। द्रमुक विपक्षी गठबंधन इंडिया का मजबूत घटक दल है और उसकी सरकार की केंद्र



सरकार से तल्खी किसी से छिपी नहीं है। फिर भी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का दबाव दिखा, जब द्रमुक ने तमिलनाडु से ही 'इंडिया' का उम्मीदवार बनाने की इच्छा जतायी। कुछ नामों पर विचार भी हुआ, लेकिन टीएमसी की गैर राजनीतिक उम्मीदवार की इच्छा ने बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी के द्वार खोल कर उप राष्ट्रपति चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

रेड्डी भी दक्षिण भारत से ही आते हैं, लेकिन तमिलनाडु के बजाय आंध्र प्रदेश से, जहां अब चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राजग सरकार है। नीतीश कुमार की तरह पाला बदल के लिए चर्चित नायडू की पार्टी टीडीपी की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनवाने में बड़ी भूमिका रही है। अगर तमिल उम्मीदवार से द्रमुक पर समर्थन का दबाव बन सकता है, तब क्या तेलुगु उम्मीदवार से टीडीपी समेत अन्य तेलुगु दलों पर समर्थन का दबाव नहीं बनेगा? मुख्य विपक्षी दल वाईएसआरसीपी राजग और 'इंडिया' के बीच तटस्थ रही है, पर उप राष्ट्रपति चुनाव में उसे किसी एक उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला करना ही पड़ेगा। फिर आंध्र प्रदेश के अलावा तेलंगाना भी तेलुगु राज्य है। वहां अब कांग्रेस की सरकार है, पर मुख्य विपक्षी बीआरएस के पास भी राज्यसभा में चार सांसद हैं। बेशक उप राष्ट्रपति चुनने वाले लोकसभा और राज्यसभा सांसदों में बहुमत का गणित भाजपा के पक्ष में साफ नजर आता है, पर लगभग सवा सौ सांसद उन दलों के भी हैं, जो खुद को तटस्थ कहते हैं, लेकिन तटस्थता का राग इस चुनाव में तो छोड़ना ही पड़ेगा। जाहिर है, देश के नये उप राष्ट्रपति, जो राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं, के चुनावी समीकरण को तटस्थ दलों की भूमिका काफी हद तक प्रभावित कर सकती है। विपक्ष के लिए पहला शुभ संकेत यही है कि संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले कांग्रेस से तल्खी के चलते 'इंडिया' से नाता तोड़ लेने वाली आप ने सुदर्शन रेड्डी के समर्थन का ऐलान किया है। टीएमसी के गैर राजनीतिक उम्मीदवार के सुझाव के पीछे निश्चय ही दलगत राजनीति से परे भी समर्थन जुटा सकने की रणनीति रही होगी। दरअसल विपक्ष उप राष्ट्रपति चुनाव को दो विचारधाराओं का मुकाबला बना कर अपने अंतर्विरोधों को छिपाते हुए आने वाले चुनावों के लिए राजनीतिक ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को गति देना चाहता है।


पिछले उप राष्ट्रपति चुनाव से कांग्रेस ने भी सबक सीखा लगता है। पिछली बार कांग्रेस ने धनखड़ के विरुद्ध संपूर्ण विपक्ष को विश्वास में लिए बिना अपनी नेत्री मारग्रेट अल्वा को उम्मीदवार बनाया था। जिस बैठक में अल्वा का नाम तय हुआ, टीएमसी और आप उसमें शामिल नहीं हुईं। बाद में आप ने तो अल्वा का समर्थन कर भी दिया, लेकिन ममता की टीएमसी दूर ही रही। इस बार कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार विपक्ष पर थोपने की गलती नहीं दोहरायी है। बेशक दोनों की उम्मीदवार इस पद के योग्य हैं। राधाकृष्णन महाराष्ट्र से पहले झारखंड के भी राज्यपाल रह चुके हैं तो रेड्डी गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा।

हां, यह अवश्य विचारणीय है कि अभी तक दूर ही रहे रेड्डी ने एक मुश्किल चुनाव लड़ कर खुद पर राजनीतिक रुझान का ठप्पा लगवाने का जोखिम क्यों उठाया है, क्योंकि उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है। इसीलिए उस पर आसीन व्यक्ति राजनीतिक रुझान से मुक्त कम ही नजर आते हैं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*
*लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।*

## पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत




# पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ रही आपदाएं व इंसानी दखल

बीते कुछ सालों से हिमालय का पर्वतीय अंचल आपदाओं के कहर से दो-चार हो रहा है। वह चाहे 2013 की केदारनाथ की आपदा हो, 2021 में ऋषिगंगा की आपदा हो, सिक्किम की 2023 की ल्होनक में ग्लेशियर झील के फटने की हो, जोशीमठ की भूधंसाव की घटना हो, बीते दिनों धराली और किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना हो या फिर बीते रविवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मंडी में बादल फटने तथा जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भूस्खलन की घटना हो, इन सबके पीछे जलवायु परिवर्तन तो एक अहम कारण है ही। मानसून कहें या मौसम में आये अप्रत्याशित बदलाव, अरब सागर में गर्म होती हवायें, मध्य एशिया में तेजी से बढ़ता तापमान और दक्षिण -पश्चिमी हवाओं का उत्तर की ओर झुकाव के साथ उत्तर भारत के हिमालयी क्षेत्रों में बारिश का तूफानी पैटर्न है। इसके अलावा सबसे बड़ा कारण प्रकृति में इंसानी दखल भी है जिसका खामियाजा हम भीषण तबाही के रूप में साल दर साल ऐसी आपदाओं के नतीजे के रूप में भुगत रहे हैं। अब तो ये आपदायें आये-दिन की बात हो गयी हैं। इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता। असलियत यह है कि यह सब प्राकृतिक आपदायें हमारी नीतिगत विफलताओं का जीता-जागता सबूत हैं जबकि बरसों से समूची दुनिया के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और समय-समय पर जारी रिपोर्टें, शोध और अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि पहाड़ों पर अवैज्ञानिक और अनियोजित निर्माण, पहाड़ों को काटकर या विस्फोट के जरिए नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं, रेल मार्ग का निर्माण, बेतहाशा खुदाई, नदी-नालों के कुदरती मार्गों में अवरोध पैदा करने से आपदाओं को हम खुद-ब-खुद निमंत्रण दे रहे हैं। किंतु विकास के नाम पर सरकारी लापरवाही का आलम यह है कि संवेदनशील भूस्खलन वाले इलाकों में भी बहुमंजिला इमारतों, आवासीय भवनों, होटलों और सड़कों का निर्माण आज भी अनियंत्रित रूप से निर्बाध गति से जारी है। यहां यह गौरतलब है कि जब धरती की सतह बार-बार खोदी जाती है, पहाड़ों का सीना बारम्बार चीरा जाता है, काटा जाता है, उस स्थिति में बारिश की हर बूंद उस नाजुक धरातल को चीरते हुए बहुत तेजी से बह निकलती है। नतीजतन मिट्टी की पकड़ ढीली पड़ती है और आपदा का आकार कई सौ गुणा बढ़ जाता है। यही वह अहम कारण है कि ऐसी स्थिति में पहाड़ों पर भूस्खलन का दायरा लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है।

वैज्ञानिक बार-बार चेता रहे हैं कि जलवायु में आ रहे बदलाव और पहाड़ों पर विकास के नाम पर अंधाधुंध निर्माण विनाश का कारण बन रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट साफ-साफ कहती है कि ऊंचे इलाकों में एक डिग्री तापमान बढ़ने पर वर्षा की तीव्रता 15 फीसदी बढ़ जाती है। यह कि जब गर्म समुद्री हवा भारी नमी लेकर हिमालय से टकराती हैं तब पहाड़ उसे रोकते हैं। इससे क्यूम्यलोनिम्बस बादल बनते हैं जो 50,000 फीट ऊंचाई तक जा सकते हैं और जब ये फटते हैं तो अपने साथ पूरी की पूरी घाटी में भीषण तबाही लाते हैं। इस बारे में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और डीआरडीओ की मानें तो हिमालय के ग्लेशियर हर साल औसतन 15 मीटर पीछे खिसक रहे हैं या पीछे हट रहे हैं। कहीं- कहीं कुछ इलाकों में ग्लेशियर के पीछे हटने की दर 20 मीटर से भी ज्यादा है। दरअसल जब-जब और जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलते हैं, उसके नीचे की जमीन अस्थिर होती जाती है। पिघलती बर्फ, दरकती चट्टानें और अचानक बनने वाली झीलें सबसे बड़ी चिंता का विषय है। इनके टूटने से भयंकर तबाही आती है, गांव के गांव बह जाते हैं। ये आपदायें आबादी क्षेत्र, बुनियादी ढांचे और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। प्रकृति की संवेदनशीलता के प्रति हमें अति संवेदनशील होना होगा। यदि हम प्रकृति से खिलवाड करेंगे तो निश्चित है कि हमें ऐसी आपदाओं से आये-दिन दो-चार होना पड़ेगा। सरकार के साथ हमारी भी जवाबदेही है। हमें व सरकार को भूविज्ञानियों,पर्यावरणविदों की संस्तुति-चेतावनियों को मानना होगा जिन्हें हम बराबर नकारते आ रहे हैं। उसका खामियाजा हम आज भी भुगत रहे हैं। हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र में भौगोलिक पर्यावरणीय दृष्टि से अर्ली वार्निंग प्रणाली पर तत्काल काम करना होगा और क्षेत्र वार आपदा जोखिम की पहचान के साथ साथ उसके न्यूनीकरण के लिए भी हर समय न केवल तैयार रहना होगा बल्कि उसके लिए प्राथमिकता के आधार पर काम भी करना होगा। यह जानते हुए कि पर्वतीय इलाकों में मैदानी इलाकों की तरह काम नहीं हो सकता। इसके लिए अलग दृष्टिकोण की जरूरत है। इसमें हमें यह ध्यान रखना होगा कि प्रकृति की राह में यदि हम आये तो उसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
**दर्शन**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# तुलसीदास द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गR और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## सटाका




## आज की पाती


### भारत के अंतरिक्ष की ओर बढ़ते कदम

23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 को चांद पर इसरो ने सफलता से उतारकर देश का मान बढ़ाया था। इसी तारीख को यादगार बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की जो घोषणा की और जहां चंद्रयान-3 का मून लैंडर उतरा है, उस जगह को शिवशक्ति का नाम दिया। चंद्रयान-3 को संचालित करने में महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर ने जो भूमिका निभाई, उसने एक तो उन लोगों को आईना दिखाया जो बेटियों को कमजोर समझते हैं, दूसरा चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समारोह में इन वैज्ञानिकों ने देश की संस्कृति के अनुसार जो पहनावा पाया था और श्रृंगार किया था, उसने सारी दुनिया को हमारी संस्कृति से परिचित कराया। *-अनित मिश्रा, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### ई-केवाईसी अनिवार्य

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तथ्यों को सही से समझने की जरूरत है। लाभार्थियों के लिए अनिवार्य ई-केवाईसी का निर्देश उच्चतम न्यायालय ने दिया था और केंद्र केवल राज्यों से इसे लागू करने के लिए कह रहा है।
**- प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय खाद्य मंत्री**



### आपदा का दंश

आपदा का स्वरूप और दायरा बढ़ता जा रहा है, आज प्रदेश के कई जिले आपदा की चपेट में हैं। सरकार से आग्रह है कि आपदा का दंश झेल रहे लोगों के लिए ज़्यादा से ज़्यादा और जल्दी से जल्दी मदद की जाए।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**



### बदले की राजनीति

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मामूली आरोपों में हिरासत में लिए जाने पर मैं चिंतित हूँ। मैं श्रीलंका सरकार से आग्रह करता हूँ कि वह बदले की राजनीति का त्याग करे और अपने पूर्व राष्ट्रपति के साथ उस गरिमा के साथ पेश आए जिसके वे देश के प्रति दशकों की सेवा के बाद हकदार हैं।
**- शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस**



### बैंकों की सख्ती

बैंक जिस तरह ग़रीब किसान से क़र्ज़ के पैसे वसूल रही है अगर वो सख़्ती, भाजपा का प्रश्रय प्राप्त उन खरबपतियों के ख़िलाफ़ दिखाई होती जो कई लाख करोड़ लेकर फरार हो गये तो आज अर्थव्यवस्था, कारोबार और किसानी की इतनी दुर्दशा न होती।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका में एचआईवी के इलाज के लिए जूझ रहे लोग

अमेरिका की ओर से मिलने वाली विदेशी सहायता बंद होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में 'ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस' (एचआईवी) से पीड़ित हजारों लोग इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनियाभर में एचआईवी संक्रमितों की सबसे अधिक संख्या दक्षिण अफ्रीका में है। छह महीने पहले अमेरिका की ओर से दी जाने वाली वाली विदेशी सहायता बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद निशुल्क एचआईवी सेवाएं प्रदान करने वाले कई गैर-लाभकारी क्लीनिक 24 घंटे अंदर बंद कर दिए गए थे, जिसके कारण जोहानिसबर्ग में यौनकर्मियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई थीं। क्लीनिकों के बंद होने की खबर फैलते ही एचआईवी पीड़ित और वे लोग तुरंत जीवन रक्षक दवाएं खरीदने पहुंच गए, जिन्हें एचआईवी होने का खतरा है। देश भर में बंद हुए 12 क्लीनिकों में 63,000 से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा रहा था। ऐसे में 2,20,000 से ज्यादा लोगों को अपनी दैनिक एचआईवी दवा लेने में रुकावट का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने वादा किया है कि वह अमेरिका के सहायता वापस लेने से अपने एचआईवी कार्यक्रम को ध्वस्त नहीं होने देगी। यौनकर्मी दक्षिण अफ्रीका के सबसे असुरक्षित वर्ग के लोग माने जाते हैं क्योंकि उनका काम अवैध है।



## ऑफ बीट

# मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?



हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## स्मार्ट सिटी अस्पताल का संचालक डॉ. अमित खरे बना स्वयंभू भाजपा नेता

# स्वास्थ्य सेवाओं में फर्जीवाड़ा सड़कों पर खुलेआम गुंडागर्दी!

**एक्सीडेंटल मामलों में फर्जी एमएलसी बनाने में महारत हासिल, गढ़ा-तिलवारा का रिकॉर्ड खोलेगा असली काला चिट्ठा**

हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी में स्वास्थ्य सेवाओं की आड़ में खुलेआम माफिया राज चलाने वाला स्मार्ट सिटी अस्पताल का संचालक और स्वयंभू भाजपा नेता अमित खरे अब फर्जीवाड़े के साथ गुंडागर्दी में भी रंगे हाथ पकड़ा गया है। मेडिकल काउंसिल में नाम तक दर्ज न होने के बावजूद खुद को डॉक्टर बताने वाला खरे अब एम्बुलेंस चालक पर हमले, गरीब मरीजों से लूट और अब खुलेआम मारपीट और तोड़फोड़ की घटनाओं के चलते सुर्खियों में है। सवाल उठता है कि कब तक यह सफेदपोश राजनीतिक संरक्षण के सहारे कानून को ठेंगा दिखाता रहेगा?




### फर्जी डॉक्टर का काला चिट्ठा

दमोह में फर्जी एमएलसी प्रकरण, सतना में दर्ज परिवाद और आयुष्मान कार्ड घोटाले ने पहले ही खरे की असलियत उजागर कर दी थी। भोपाल स्थित मेडिकल काउंसिल में नाम न होना यह साबित करता है कि खरे की "डॉक्टरी" ही फर्जी है। ऐसे में पूरे प्रदेश में यह चर्चा है कि जब डिग्री ही संदिग्ध है, तो अस्पताल चलाने और इलाज के नाम पर मरीजों से करोड़ों की लूट कैसे जारी है?

हरिभूमि फॉलोअप

### घर जाकर कर चुका तोड़फोड़, गुंडागर्दी

गौरतलब हैं कि 12 अगस्त 2024 को संजीवनी नगर निवासी सुनीता श्रीवास्तव के बेटे प्रज्वल श्रीवास्तव पर अमित खरे और उसके भाई सुमित खरे ने हमला किया था। सुनीता ने एफआइआर में आरोप लगाया था कि खरे बंधुओं ने अपने साथियों के साथ घर के बाहर डंडे लेकर पहुंचे और गंदी गालियां दीं और गाड़ी में तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं घर पर पथराव कर 50-60 हजार रुपये का नुकसान भी पहुंचाया। पीड़िता ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपी थी। जिस पर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी बनाया था। यह घटना साफ बताती है कि खरे सिर्फ फर्जीवाड़ा ही नहीं, बल्कि गुंडागर्दी में भी माहिर है।



डॉ. अमित खरे
समाज सेवी, पचई

### कब तक छत्रछाया में पनपेगा फर्जीवाड़ा

एक ओर गरीब मरीजों के आयुष्मान कार्ड से लूट, दूसरी ओर मेडिकल काउंसिल में नाम न होना और अब खुलेआम मारपीट व धमकी यह सब मिलकर खरे को स्वास्थ्य माफिया साबित करने के लिए काफी हैं। जनता का गुस्सा साफ है कि ऐसे सफेदपोश गुंडे और फर्जी डॉक्टर कब तक राजनीतिक छत्रछाया में बचते रहेंगे? पुलिस और स्वास्थ्य विभाग पर दबाव है कि इस बार कार्रवाई आधी-अधूरी न होकर पूरी तरह निर्णायक हो।

### भाजपा नेता बताकर धमकाने का खेल

खरे खुद को कभी पूर्व मंत्री संजय पाठक तो कभी पूर्व मंत्री जालम सिंह पटैल का करीबी और खुद को भाजपा नेता बताकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को खुलेआम धमकाता है। सूत्रों के मुताबिक एक्सीडेंटल मामलों को अपने पक्ष में मोड़ने और दबाव बनाने में भी उसे महारत हासिल है। गढ़ा और तिलवारा थाने के रिकॉर्ड खंगाले जाएं तो खरे के खिलाफ दर्ज मामलों और शिकायतों की लंबी लिस्ट खुलकर सामने आ जाएगी।

# बिना नम्बर की एक्सिस में ढुल रही थी देशी शराब

हरिभूमि, जबलपुर।

रांझी पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 300 पाव देशी शराब और परिवहन में प्रयुक्त बिना नम्बर की एक्सिस स्कूटी जब्त की गई है। पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 15 हजार रुपये बताई जा रही है। टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक डार्क ग्रे रंग की एक्सिस में शराब लेकर सेक्टर-एक व्हीकल फैक्ट्री के खण्डहर क्वार्टर से होते हुए बजरंग नगर की ओर जा रहा है। घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राज उरई पिता राजेश उरई (19) निवासी चांदमारी तलैया बताया।

### पूर्व में भी दर्ज अपराध

तलाशी लेने पर दो बैगों में 300 पाव देशी शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज उरई के खिलाफ पहले से ही मारपीट और आबकारी एक्ट के तीन प्रकरण दर्ज हैं।



### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में उप निरीक्षक गनपत सिंह तथा आरक्षक आलोक, चेतेन्द्र, रवि पंचेश्वर और गौरव यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# छोटे भाई ने बड़े भाई की फर्जी डीड बनाकर हड़पे 45 लाख!

**हरिभूमि, जबलपुर।** संस्कारधानी में रिश्तों को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। टीआई मदन महल संगीता सिंह ने बताया कि छोटे भाई अभिलाष श्रीवास्तव ने बड़े भाई अविनाश श्रीवास्तव को धोखा देकर 45 लाख रुपए हड़प लिए। दोनों भाई वर्षों से रेलवे की ठेकेदारी में पार्टनर थे। फर्म में अविनाश की 80% और अभिलाष की 20% हिस्सेदारी थी। लेकिन पांच माह पहले अभिलाष ने लालच में आकर अपने बड़े भाई का फर्जी त्यागपत्र डीड तैयार किया।

**पुलिस-रेलवे अफसरों को गुमराह कर रचा खेल, सीएसपी रीडर की दोस्ती आई मदद**

### नकली डीड के आधार पर खेल-

इस नकली डीड के आधार पर अभिलाष ने अपनी पत्नी और खुद को 50-50 प्रतिशत हिस्सेदार बताते हुए नई डीड बैंक और रेलवे दोनों जगह लगाई। बैंक को गुमराह कर ऐसा दिखाया गया मानो बड़े भाई ने खुद ही पार्टनरशिप छोड़ दी हो। इसके बाद रेलवे भुगतान से जुड़े 45 लाख रुपए बैंक में ट्रांसफर कराए गए और रकम निकाल ली गई।

### रीडर बना रहा था समझौते का दबाव-

सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है कि जब बड़े भाई अविनाश को इसकी भनक लगी तो उन्होंने मदन महल थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन छोटे भाई ने पुलिस और रेलवे अधिकारियों को गुमराह करते हुए कार्रवाई टलवाते रहा। इस बीच सीएसपी कोतवाली के रीडर अमित जायसवाल और अभिलाष की गहरी दोस्ती भी सामने आई। सूत्र बताते हैं कि इस दोस्ती का फायदा उठाकर बार-बार अविनाश पर समझौते का दबाव बनाया गया और थाने में कार्रवाई अटकाई गई।

### दो टीआई बदल गए-

दो बार टीआई बदलने के बाद भी मामला दबा रहा। थक-हारकर अविनाश ने पुलिस कप्तान और डीआईजी तक गुहार लगाई। तब जाकर फर्जी डीड को भोपाल भेजकर हस्ताक्षरों की जांच कराई गई। दो दिन पहले आई रिपोर्ट ने पूरे खेल का खुलासा कर दिया।

### सत्ता-सिस्टम की धौंस बनी दीवार-

अब सवाल उठता है कि जब शिकायत महीनों से थाने में दर्ज थी तो आखिर क्यों कार्रवाई नहीं हुई? क्या पुलिस-रेलवे अफसरों की मिलीभगत से अभिलाष को संरक्षण मिला? पीड़ित भाई न्याय की लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन सत्ता-सिस्टम की धौंस उसके लिए सबसे बड़ी दीवार बनी हुई है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आगमन आज

जबलपुर।

हम सभी कार्यकर्ता भाजपा के परिवार के सदस्य है और जब हम अपने परिवार का मुखिया का अभिवादन करते हैं तो खुशी दुगुनी होती है और जब हमारे भाजपा के मुखिया आ रहे है, हमें आशीर्वाद देने आ रहे है तो पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत करना ही हमरा नैतिक कर्तव्य है, इसके लिए समय कम है परंतु उमंग, उल्लास कार्यकर्ताओं में अत्याधिक है, उत्साह से सराबोर कार्यकर्ता माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अपने मुखिया का भव्य स्वागत करें यह बात मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के कल सोमवार 24 अगस्त को नगरागमन पर स्वागत की तैयारियों हेतु आयोजित बैठक में भाजपा संभागीय कार्यालय रानी ताल में कहीं।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जबलपुर आगमन सोमवार 25 अगस्त प्रातः 11 बजे वायुयान से जबलपुर आएंगे, डुमना एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत होगा, तत्पश्चात डुमना से हितकारिणी डेंटल कॉलेज, महगंवा होते हुए सीएमएम से सेंट थॉमस से पेंटी नाका चौक होते हुए, गणेश चौक सदर से शहीद भगत सिंह चौक से गोरखपुर, आदि शंकराचार्य चौक होते हुए मालवीय चौक से गोलबाजार, एमएच हाउस से रानीताल होते हुए भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल पहुंचेंगे। डुमना से रानीताल कार्यालय तक पुरे मार्ग में भाजपा द्वारा स्वागत मंच लगाए जायेंगे, जिस पर पुष्प वर्षा की जाएगी। नड्डा भाजपा संभागीय कार्यालय में जबलपुर, रीवा, सागर एवं शहडोल, संभाग के प्रमुख जनों की बैठक को सम्बोधित करेंगे।बैठक को सम्बोधित करते हुए मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि आज का दौर भाजपा का है पहले जहां विकास के लिए जबलपुर तरसता था आज वहीं हज़ारों करोड़ों रुपए की सौगात भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा जबलपुर को प्राप्त हो रही है प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर कल जनता को समर्पित हुआ है उसके साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 60 हजार करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा कर जबलपुर को बड़ी सौगात दी है। जबलपुर एवं संपूर्ण मध्य प्रदेश की तीव्र गति से प्रगति कर रहा है जिसमें भाजपा की सरकारों अमूल्य योगदान है ऐसी पार्टी के मुखिया हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष कल सभी कार्यकर्ताओं के सामने होंगे हमारा दायित्व बनता है कि हम उनका स्वागत करने में कोई कर कसर नहीं छोडे एवं अनुशासन का पालन करते हुए पूरे उत्साह से तय जिम्मेदारी का निर्वहन करें। पुष्पवर्षा कर, मंच लगाकर, गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत हो ।सोनकर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा कार्यालय में जबलपुर सहित रीवा, सागर ,शहडोल, संभाग के सांसद, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, महापौर, जिला अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजकों की एक बैठक लेंगे। बैठक को लोकसभा सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , विधायक अभिलाष पांडे, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने भी संबोधित किया।




# संडे ऑन साइकिल विथ पुलिस के साथ निकाली रैली

हरिभूमि, जबलपुर।

**फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान, अधिकारियों समेत खिलाड़ी हुए शामिल**

फिट इंडिया अभियान के तहत लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से ''संडे ऑन साइकिल विथ एमपी पुलिस'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार 24 अगस्त को भारतीय खेल प्राधिकरण, रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से पुलिस कर्मियों और खिलाड़ियों की साइकिल रैली निकाली गई। इस मौके पर मध्यप्रदेश साइकिल एसोसिएशन के सेक्रेटरी भीष्म सिंह राजपूत, इंटरनेशनल बास्केटबॉल प्रशिक्षक कुलदीप सिंह बरार, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) सुनील नेमा, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

### तय किया शहर का मार्ग-

साइकिल रैली रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से प्रारंभ होकर बलदेव बाग चौक, ऊखरी चौक, एकता चौक, अहिंसा चौक, एसबीआई चौक और दीनदयाल बस स्टैंड चौक से होते हुए पुनः रानीताल पहुंचकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग पर पुलिस अधिकारी और खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए।

### फिटनेस का दिया संदेश-

रैली के समापन पर उपस्थित सभी को फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज के तहत नियमित व्यायाम और साइकिलिंग करने की शपथ दिलाई गई। संदेश दिया गया कि फिटनेस केवल खेलों तक सीमित नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए।

**अगले 24 घंटे में भारी वर्षा की चेतावनी**

# पूरे दिन बादलों की चादर से ढका रहा आसमान

**जबलपुर।** सुबह और शाम पानी की रिमझिम फुहार भी चली जिससे तापमान ऊछाल नहीं ले सका। भीनी-भीनी पानी की फुहारों के बाद चली ठडी बयारों से मौसम खुशनुमा बना रहा। कल सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मध्य प्रदेश के उपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, लिहाजा अगले 24 घंटों में जिले के कुछ स्थानों पर अगले 24 घंटे में भारी वर्षा हो सकती है।



### सुबह चली रिमझिम फुहार

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक लो प्रेसर प्रभावी होने के कारण रविवार सुबह पानी की फुहारें चलती रहीं. तापमान में गिरावट की वजह से हवा में ठंडक घुल गई थी।

### तापमान हद में रहा

पिछले 24 घण्टे के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 22.06 डिग्री सेल्सियस समान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 97 प्रतिशत और सांय काल 88 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.51 पर और सूर्यास्त शाम 6.34 पर हुआ है। पिछले 24 घण्टों को दौरान 28.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 966.7 मिली मीटर (38.12 इंच) दर्ज की गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 29.6 और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। वर्षा 13.3 मिली मीटर दर्ज की गई थी जबकि कुल वर्षा 1046.3 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी थी। दक्षिण पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घण्टों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई गई है।

# आज शहर के कई मार्गों पर रहेगी रोक

**-केन्द्रीय मंत्री नड्डा के आगमन पर ट्रैफिक डायवर्सन, तय की गई पार्किंग व्यवस्था**

हरिभूमि, जबलपुर।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज जबलपुर दौरे पर रहेंगे। वीआईपी आगमन और कार्यक्रमों के मद्देनज़र शहर में व्यापक स्तर पर यातायात डायवर्सन और पार्किंग व्यवस्था लागू की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यातायात को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें और निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करें।

### डुमना एयरपोर्ट से शहर तक मार्ग परिवर्तन

नड्डा के एयरपोर्ट आगमन से लेकर शहर के बीजेपी कार्यालय तक सीएमएम, रिज रोड गेट, सेंट थॉमस चौक, पेंटीनाका, सदर बाजार, भगत सिंह चौक, ब्लूम चौक, तीनपत्ती, मालवीय चौक, गोलबाजार और रानीताल चौक तक आवागमन आवश्यकता अनुसार डायवर्ट रहेगा।

### प्रमुख कार्यक्रमों के दौरान व्यवस्था-

नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर, बीजेपी कार्यालय से रानीताल, गोलबाजार, मालवीय चौक, तीनपत्ती, नौदरा, तैयब अली चौक से सेंटर तक मार्ग डायवर्ट रहेगा। इसी तरह लोहिया पुल (स्व. सुभाष चंद्र बैनर्जी स्मारक): तैयब अली चौक से कैरब्ज चौक, मरियम चौक, सर मानिकशॉ चौक तक डायवर्सन। ग्वारीघाट कार्यक्रम में सर मानिकशॉ तिराहा से ग्वारीघाट तक (कटंगा ओवरब्रिज, बंदरिया तिराहा होते हुए) मार्ग बदला जाएगा।

**इन मार्गों को किया गया प्रतिबंधित**

1. रानीताल चौक से बल्देवबाग।
2. घंटाघर से तैयब अली चौक।
3. लोहिया पुल से सर मानिकशॉ तिराहा।
4. झंडा चौक से उमाघाट।

### ऐसे रहेगी पार्किंग व्यवस्था-

बीजेपी कार्यालय कार्यक्रम की पार्किंग व्यवस्था रानीताल स्टेडियम में की गई है। इसी तरह कन्वेंशन सेंटर कार्यक्रम की पीली कोठी, काईस चर्च स्कूल, ग्वारीघाट कार्यक्रम की दशहरा मैदान जिलेहरी मोड़ के सामने की है। पुलिस ने अपील की है कि नागरिक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और वाहनों को सिर्फ निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करें, ताकि जाम की स्थिति न हो।



# कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का 25 अगस्त को जबलपुर प्रवास को दृष्टिगत रखते हुए आज कलेक्टर दीपक सक्सेना व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इनफॉर्मेशन सेंटर और गौरीघाट का निरीक्षण किया ।साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को इन स्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए ।इस अवसर नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव,अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। साथी ही लोहिया पुल पचपेढ़ी स्थित स्व ।सुभाष चन्द्र बैनर्जी की प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया ।साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए ।इस अवसर पर केंट विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, दीपांकर बैनर्जी व नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव,अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# मप्र मंडी बोर्ड को हाई कोर्ट ने दिया बड़ा झटका

# बोर्ड के अधिकारियों के तबादलों को किया निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड में हाल ही में की गई पदस्थापना और ट्रांसफर के आदेशों पर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने इन आदेशों को अवैध और नियमों के खिलाफ करार देते हुए उन्हें निरस्त कर दिया। इस फैसले के पीछे यह तर्क था कि इन पदस्थापनों में नियमों का उल्लंघन किया गया था और बिना उचित प्रक्रिया के कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। न्यायालय ने अधिकारियों के तबादलों को लेकर प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा किए गए आदेशों को अवैधानिक मानते हुए निरस्त कर दिया है। साथ ही आदेश में राज्य शासन को मंडी बोर्ड के मामले में संज्ञान लेने के निर्देश दिए हैं।



जानकारी के अनुसार, मंडी बोर्ड के प्रबंधक संचालक ने मंडी बोर्ड के आंचलिक कार्यालय जबलपुर तथा ग्वालियर में पदस्थापना की गईं। जबलपुर कार्यालय में 1 अगस्त को संयुक्त संचालक रोहणी प्रसाद चक्रवर्ती को पदस्थ किया था। इसके 3 दिन बाद ही सामान्य प्रशासन विभाग ने चक्रवर्ती की जगह संयुक्त कलेक्टर मंडला शाहिद खान जबलपुर में पदस्थ कर दिया। इस आदेश को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। बताया गया कि प्रबंधक संचालक के दबाव में चक्रवती ने याचिका को वापस ले लिया था और चक्रवती को तबादला जबलपुर से हटाकर सागर कर दिया। वहीं ग्वालियर में पदस्थ किए गए संयुक्त संचालक सुरेश कुमार कुमरे को हटाकर अपर कलेक्टर दया शंकर को पदस्थ किया। जिसके खिलाफ सुरेश कुमार कुमरे ने याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी/31554/2025 दाखिल की गई। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा कि मंडी बोर्ड में सीधे पदस्थापना करने का वैधानिक अधिकार नहीं है। इसके बाद उच्च न्यायालय न्यायाधीश आशीष श्रोतीय ने प्रतिनियुक्ति आदेश को निरस्त कर दिया। साथ ही सरकार को मंडी बोर्ड के मामले में उचित निर्णय करने को कहा है।

### मंडी बोर्ड में दूसरे विभाग से कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति

बताया गया कि मंडी बोर्ड में दूसरे विभाग से कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति की निर्धारित प्रक्रिया है, लेकिन मंडी बोर्ड के प्रबंधक संचालक ने हाल ही में बिना किसी विज्ञापन तथा प्रक्रिया के मुख्यालय और आंचलिक कार्यालयों में तकनीकी सहित प्रशसानिक पदों पर नियुक्त कर दिया। एमडी कुमार पुरुषोत्रम ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर मंडी बोर्ड में कर्मचारियों की कमी बताकर बिना प्रक्रिया अपनाए अनेक संयुक्र कलेक्टरों को मंडी बोर्ड के आंचलिक कार्यालय जबनपुर, भोपाल, ग्वालियर में सयुक्त संचालक के पदों पर पदस्थ कर दिया।

आचार्य श्री समय सागर महाराज की धर्म सभा

# इच्छाओं को रोकना ही वास्तविक तप

**जबलपुर।** दिगम्बर आचार्य श्री समयसागर महाराज ने आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन, चरहाई में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मन बहुत चंचल होता है और इसे नियंत्रित करना आसान नहीं है। मन में बार-बार नई-नई इच्छाएँ उत्पन्न होती रहती हैं। इच्छाओं को रोकना ही वास्तविक तप है। यदि हम अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण कर लें, तो कोई भी आदत अपने आप छूट सकती है।

महाराजश्री ने कहा कि भगवान की पूजा करते समय मन को एकाग्र रखना चाहिए। अक्सर मंदिर में पूजा करते समय ध्यान इस ओर चला जाता है कि मंदिर में कौन आ रहा है। लेकिन पूजा तो पूरी श्रद्धा और मन की एकाग्रता से करनी चाहिए। यदि मन को बार-बार समझाया जाए और साधना की जाए, तो उसे अपने वश में किया जा सकता है। दिगम्बर साधु भी अपने मन को एकाग्र करने के लिए निरंतर पुरुषार्थ करते हैं। धर्मसभा की शुरुआत आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे दिल्ली के सूर्यनगर जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल और ओशीष जैन (तेंदुखेड़ा) ने किया। आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य नरधैया के राजा जैन को प्राप्त हुआ। अष्ट-द्रव्य से पूजन नन्हें जैन मंदिर के श्रावकों ने किया। धर्मसभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।





# नगर में हुआ विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

**बरेला।** नगर स्थित दादा ठन ठन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स प्रांगण में पनागर विधायक सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न विकास कार्यों क्रिकेट स्टेडियम,मेन रोड डिवाइडरों में ग्रिल एवं अन्य कार्यों के भूमिपूजन लागत 71.69 लाख एवं विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की लागत 1 करोड़ 69 लाख के कार्यों का लोकार्पण हुआ। योजनाओं में लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष प्रतीक दुबे,उपाध्यक्ष सोनम सोनकर,मंडल अध्यक्ष अर्पित गोलू जैन,निकाय सीएमओ संजय पांडे,उपयंत्री संजय कैथवास,पीआईसी पार्षदगण पिंकी प्रीतम पटेल,प्रकाश चक्रवर्ती,दीपेश पटेल,दिव्या अरिहंत जैन,दीपक सोनकर,पार्षदगण दिनेश सिंह पटेल,शारदा कृष्णा बर्मन,रामवती चक्रवर्ती,ममता बर्मन,राजकुमार गोंटिया,श्रीकांत उपाध्याय,पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर,पूर्व पार्षद चंदन पटेल,महेश चक्रवर्ती,मुनि विश्वकर्मा,भाईसाब पटेल,अतीक बर्मन,भानु नवेरिया,दालचंद विश्वकर्मा,मनोज यादव,राजू रजक,प्रवेश पटेल,आशुतोष पटेल,मेसी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

### इस्तकबाले जश्ने ईद मिलादुन्नबी आज

**जबलपुर।** मुस्लिम बहुल क्षेत्र मिल्क स्कीम रोड समीपस्थ अंबेडकर नगर में आज सोमवार को नमाजे इशा के बाद, हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी की सरपरस्ती में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया जाएगा। इस मुबारक मौके पर, कई मशहूर उलेमा और शायर शिरकत करेंगे। इस जश्न में, खतीबे हिंदुस्तान हज़रत अल्लामा मौलाना अब्दुल्लाह सिद्दीकी साहब, मौलाना चांद कादरी और मौलाना शोएब मदनी तक़रीर फरमाएंगे। इसके साथ ही, शायरे हिंदुस्तान कैसर रज़ा जबलपुरी, ज़हीद अली, दिलशाद अत्तारी, नफ़ीस कटंगी और अलीम अख़्तर सुलेमानी साहब भी अपना कलाम पेश करेंगे। इस मुबारक महफिल में शिरकत करने के लिए, हामिद, खलील, इस्माइल, इसहाक , हसनैन, जुनैद, मोहसिन और अनस ने सभी से गुजारिश की है।



# मोक्ष ने किया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** मोक्ष मानव कल्याण संस्था ने पुलिस से सुपुर्द नामी पर मिले एक अज्ञात शव का तिलवारा मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया. मोक्ष संस्था के प्रमुख आशीष ठाकुर ने बताया की लार्डगंज थाने की यादव कालोनी चौकी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति की लाश सुपुर्द नामे पर दी. मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर सहयोगी योगेश कोरी. प्रशांत श्रीवास वीरू वर्मन ने इस शव का अंतिम संस्कार तिलवारा घाट में किया। मृतक के परिवार की तलाश करने पर मृतक की शिनाख्त करने पर बिहार के रहने वाले युवक के रूप में हुई। मृतक के परिवार ने संस्था का आभार व्यक्त किया।

### पत्रोपाधी अभियंता संघ का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलने भोपाल जाएगा

**जबलपुर।** राजधानी भोपाल में 26 अगस्त मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विद्युत कंपनियों में अभियंताओं लाईन मैनों व अन्य पदों में नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के पांच सदस्यी प्रतिनिधि मंडल को भी आमंत्रित किया गया है. साथ ही संघ से अनुरोध किया गया है की कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाना है तो पांच प्रमुख मांगों और सुझाव से अवगत कराया जाए. ताकी मुख्यमंत्री उस संबंध में निर्णय लेकर घोषणा कर सकें. म प्र विद्युत मंडल पत्रोंपाधि अभियंता संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिये प्रतिनिधि मंडल में इंजीनियर अशोक जैन, सीके लखेरा, स्वर्ण सिंह मनकोटिया के के असाटी आदि आज भोपाल रवाना होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अभियंताओं की मुख्य समस्याओं पर चर्चा की जाएगी और ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## पनागर उप डाकघर में डाक सेवाएं ठप

**जबलपुर।** उप डाकघर पनागर में पिछले तीन दिनों से डाक सेवाएँ पूरी तरह से ठप हैं। 21 अगस्त से उप डाकघर की इंटरनेट लिंक काम नहीं कर रही है, जिसके कारण सभी ऑनलाइन कार्य बाधित हैं। इस तकनीकी खराबी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जो अपने जरूरी काम जैसे पार्सल भेजना, पैसे निकालना या जमा करना आदि नहीं कर पा रहे हैं। मामले की जानकारी देते हुए उप डाकघर के पोस्ट मास्टर मनोज झारिया ने बताया कि उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारियों से संपर्क किया। बीएसएनएल ने एक कर्मचारी को जाँच के लिए भेजा, जिसने पाया कि बीएसएनएल की लाइन में कोई समस्या नहीं हैं। बीएसएनएल अधिकारियों का कहना है कि उनके सिस्टम में लाइन अप दिखा रही है लेकिन सिफी की लाइन डाउन शो कर रही है। उन्होंने डाकघर को सिफी से बात करने की सलाह दी है। उप डाकघर के राउटर और स्विच में लाइटें तो ब्लिंक कर रही हैं लेकिन लिंक सिस्टम तक नहीं पहुंच रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह समस्या बीएसएनएल और सिफी के बीच तकनीकी समन्वय की कमी के कारण पैदा हुई है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से बीएसएनएल के एक इंजीनियर को कार्यालय में भेजने की मांग की है, ताकि समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो सकें। इस बीच, डाकघर में आने वाले ग्राहक निराश होकर लौट रहे हैं, क्योंकि उनकी कोई भी सेवा उपलब्ध नहीं है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग इस मामले को गंभीरता से ले और जल्द से जल्द तकनीकी समस्या का समाधान करें, ताकि आम लोगों को हो रही परेशानी खत्म हो सके।

### ऑटो की टक्कर से वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थानान्तर्गत कल रात लगभग ढाई बजे क्षेत्रीय बस स्टैण्ड गोहलपुर के समीप एक तेज रफ्तार ऑटो के चालक ने एक वृद्ध को टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर ने उसे चैक कर मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवातें हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। वहीं आरोपी ऑटो चालक की जांच की जा रही है। गोहलपुरपुलिस ने बताया किगोहपुर निवासी नारायण शर्मा को कल रात लगभग ढाई क्षेत्रीय बस स्टैण्ड के सामने तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी।

## 13 वर्षीय आर्यन चौधरी को ग्राम पंचायत गोसलपुर ने किया सम्मानित

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार हर परिवार की समग्र ई केवाईसी का कार्य चल रहा है उक्त कार्य ग्राम पंचायत में सचिव सहायक सचिव पीसीओ एमपी ऑनलाइन सीएससी सेंटर के माध्यम से की जा रही है साथ ही मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से लोग स्वयं भी अपने परिवार की समग्र ईकेवाईसी कर सकते हैं इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत गोसलपुर के 13 वर्षीय आर्यन चौधरी पिता गुरु चरण चौधरी ने मोबाइल की मदद से पूरे परिवार की गूगल से मोबाइल एप्लीकेशन सर्च करके समग्र ईकेवाईसी करके जब सचिव से समग्र केवाईसी को अप्रूव कराने पहुंचा तो सरपंच सचिव अचंभित व भौचक रह गये और उन्होंने 13 वर्षीय बालक की प्रतिभा की सराहना की ग्राम पंचायत गोसलपुर के सरपंच गिरिजा जितेंद्र पालीवाल,सचिव प्रदीप यादव, सहायक सचिव दीपक यादव ने उसके परिवार की समग्र पोर्टल मे आई एप्रोब कर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



## बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे के निज निवास पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

**सिहोरा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कटनी सड़क मार्ग से जबलपुर जाते समय शनिवार रात को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एंव खजुराहो सांसद वीं डी शर्मा के साथ बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे के सिहोरा स्थित निज निवास पहुंचे। जहां पर विधायक पांडे ने उनका पुष्पहार शाल श्रीफल से आत्मीय स्वागत किया एंव क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर सिहोरा विधायक संतोष बरकडे, कटनी भाजपा जिलाध्यक्ष लालजी टंडन,जनपद पंचायत सिहोरा की अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,शारदा तिवारी, कैलाश पंजाबी,सतीश जैन,राजा मोर,पुष्पराज सिंह बघेल,प्रवीण कुररिया,विनय असाटी,अभिषेक चीकू तिवारी,शिशिर पांडे,अभिषेक परौहा,अनुपम सराफ,सतीश पटेल,माधव मिश्रा,नीरज पांडे,छोटू पांडे,दिनेश गौतम,अतुल गौतम,आयूष सेठी,पलास दुबे,जय सहजवानी,रोहित यादव,बब्लू तिवारी,पप्पू चौहान,सुधाकर तिवारी,रत्नेश दुबे,दीपक तिवारी, संदेश विश्वकर्मा,ऋषभ द्विवेदी आदि उपस्थित थे।



# इलाज कराने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**जबलपुर।** बरगी थानान्तर्गत कल सुबह लगभग 11.30 बजे ग्राम रैपुरा तिराहा के पास एनएच 34 नागपुर-जबलपुर हाइवे रोड पर चचेरे भाई के साथ पल्सर बाईक पर ईलाज के लिए नागपुर जा रहे युवक को तेज रफ्तार स्कार्पियों के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में शरीर में आई संघातक चोटों के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसके साथ बैठे चचेरे भाई को ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में बरगी पुलिस ने बताया कि ग्राम रैपुरा निवासी सोनू चौधरी का बेटा लेखराम चौधरी उसके भाई के लड़के रमेश चौधरी के साथ पल्सर बाईक पर सवार होकर ईलाज कराने नागपुर जा रहा था तभी प्रातः 11.30 बजे ग्राम रैपुरा तिराहा के पास तेज रफ्तार स्कार्पियों क्रमांक एम पी 04 जेडजेड 5220 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से से घायल लेखराम चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं उसके चचेरे भाई रमेश चौधरी को घायल हालत में मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रंगदारी वसूलने चाकू मारा

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत कसाई मंडी के पास एक युवक को बदमाश ने रोककर शराब पीने के लिये रुपये मांगे, मना करने पर उसपर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार फूटाताल स्कूल निवासी अमित अग्रवाल कल रात अपनी दुकान बंद करके एक बजे घर से कसाई मंडी जा रहा था. शिवा ठाकुर ने उसे रोका और शराब पीने के लिये पैसे मांगने लगा. मना किया तो गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर चाकू से हमलाकर दाहिने हाथ की उंगली एवं पेट में वायें तरफ चोट पहुचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी शिवा ठाकुर उम्र 28 वर्ष निवासी बेलबाग तिराहा शंकर होटल के पास बेलबाग अभिरक्षा में लेते हुये घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त करते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया।



जालसाज दंपति व पुत्र पर मामला दर्ज

# दुकान का एग्रीमेंट कर 2 लाख हड़पे

**जबलपुर।** गोरखपुर थानान्तर्गत हाऊबाग चर्च के सामने स्थित एक टावर के प्रथम तल पर एक दुकान को किराये पर देने का झांसा देकर टॉवर मालिक दंपत्ति व उनके पुत्र ने एक महिला और उसके पति के साथ एग्रीमेंट के नाम पर २ लाख रूपए की राशि एडवांस के तौर पर जमा कर अमानत में ख्यानत कर हड़पी ली। तीनों आरोपियों पर धारा *१६(२), *, (५) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि आईटीआई दमोह रोड निवासी श्रीमती जेसिका कोडवानी के पति मनीष कोडवानी व पुत्र निलिखित कोडवानी हाऊबाग चर्च के सामने क्रिस्टल टॉवर के प्रथम तल पर मौजूद एक दुकान को बिजनिस के लिए किराए पर ले ली। टॉवर मालिक महेन्द्र सिंह गुजराल उनकी पत्नी जागिन्दर गुजराल व उनके पुत्र डीएस गुजराल से चर्चा की थी। इस दौरान तीनों ने दुकान किराये पर लेने के लिए एग्रीमेंट हेतु ७ लाख रूपए एडवांस के तौर पर जमा करने कहा जेसिका कोडवानी उसके पति महेश कोडवानी व पुत्र निखिल कोडवानी ने गुजराल दम्पत्ति व उनके पुत्र की बातों पर विश्वास कर २ लाख रूपए चैक के माध्यम से उन्हें पेमेंट कर दिया। इसके बाद गुजराल दम्पत्ति व उनका बेटा जेसिका कोडवानी उसके पति व पुत्र निखित कोडवानी को क्रिस्टल टॉवर स्थित प्रथम तल की दुकान दिखाने ले गये। इस दौरान तीनों ने गुजराल दम्पत्ति से जल एग्रीमेंट करने कहा और दुकान में रखा सामान भी हटाने कहा। कुछ दिनों बाद गुजराल दम्पत्ति ने जेसिका कोडवानी के पति महेश कोडवानी व उसके पुत्र निखिल के वाट्सप नंबर पर एग्रीमेंट का ड्राप्ट भेजा जिसमें मनमानी पूर्वक कई शर्ते लादी गईं थी। महेश ने गुजराल दम्पत्ति से इस सुधार करने को कहा तो उन्होंने नई शर्तें और जोड़ दी। एग्रीमेंट में लगातार देरी होने पर जब जेसिका कोडवानी ने २ लाख गुजराल दम्पत्ति से वापिस मांगे तो जल्द एग्रीमेंट कराने का झांसा देकर गुमराह करते रहे। जेसिका कोडवानी व महेश कोडवानी ने टॉवर के प्रथम तल पर जाकर देखा कि दुकान में एक बोर्ड लगा है जिसमें टॉवर संचालक और उनके पार्टनर का नाम है उन्हें पता चला कि टॉवर संचालक ने एग्रीमेंट के २ लाख रूपए तो हड़पे ही थे वही कोडवानी के दम्पत्ति के बिजनेस का आइडिया भी चुरा लिया था।



**श्रीमती रश्मि नामदेव**- कटंगी निवासी ऋषभ नामदेव की 51 वर्षीय धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि नामदेव का रविवार को निधन हो गया। वे खुशबू अंकिता एवं आदित्य नामदेव की माता जी थी। अंतिम संस्कार कटंगी में आज दोपहर 2 बजे किया जायेगा।

**श्री दौलत बेन**- रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री राम सेवक बेन के पुत्र श्री दौलत बेन (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती त्रिवेणी तिवारी**- भीमनगर पोलीपाथर निवासी श्री देवी प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिवेणी तिवारी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम कुमारी अग्रवाल**- कोतवाली बाजार निवासी श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम कुमारी अग्रवाल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश चंद्र कनौजिया**- झिरिया सदर बर्फ फैक्ट्री के पास निवासी श्री सुरेश चंद्र कनौजिया (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उमा शंकर साहू**- फकीरचंद का अखाड़ा ठक्कर ग्राम वार्ड निवासी श्री उमा शंकर साहू (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री नारायण शर्मा**- बधैया मोहल्ला क्षेत्रीय बस स्टैंड के पास दमोहनाका निवासी श्री नारायण शर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा रजक**- लक्ष्मीपुर बड़ी उखरी निवासी श्री मथुरा रजक की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा रजक (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रुक्मणी बाई**- नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री सुंदर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी बाई (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश सोंधिया**- अंडर ब्रिज रोड मदनमहल निवासी श्री सतीश सोंधिया (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नरेश कुमार ठाकुर**- राजीव नगर सदर कैंट निवासी श्री जगदीश ठाकुर के पुत्र श्री नरेश कुमार ठाकुर (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज केवट**- अंजनी कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री ओम प्रकाश केवट की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज केवट (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x5 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# महिंद्रा ने मात्र 135 सेकंड में 683 किमी रेंज वाली ईवी की सभी यूनिट्स सोल्ड आउट की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिंद्रा ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ग्लोबल कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ मिलकर बीई 6 बैटमैन एडिशन ईवी लांच कर दी है। शुरुआत में कंपनी ने सिर्फ 300 यूनिट्स बेचने का प्लान बनाया था, लेकिन जबरदस्त डिमांड के चलते अब इसका प्रोडक्शन बढ़ाकर 999 यूनिट्स कर दिया गया है। इस लिमिटेड एडिशन ईवी की एक्स-शोरूम कीमत 27.79 लाख रुपए रखी गई है। महिंद्रा ने अपने फ्रीडम एनयू इवेंट में बीई 6 बैडमै एडिशन लांच करके ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में हलचल कर दी है। जैसे ही इस गाड़ी की बुकिंग शुरू हुई, सिर्फ 135 सेकंड में सभी यूनिट्स सोल्ड आउट हो गईं। इसकी डिलीवरी 20 सितंबर, 2025 से शुरू होगी।

- शुरूआत में कंपनी ने 300 यूनिट का प्लान किया था उसे बढ़ाकर 999 यूनिट्स किया गया

## कंपनी ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के साथ मिलकर बीई 6 बैटमैन एडिशन किया लांच

### लग्जरी और थीम बेस्ड इंटीरियर

इस ईवी का इंटीरियर लग्जरी और सिनेमैटिक दोनों का कॉम्बिनेशन है। डैशबोर्ड पर ब्रूशड गोल्ड प्लग के साथ यूनिक नंबर दिया गया है। चारकोल लेदर इंस्ट्रूमेंट पैनल पर गोल्ड हाइलाइट्स इसकी प्रीमियम क्वालिटी को और बढ़ाते हैं। सीटें सुएड और लेदर मिक्स हैं, जिन पर गोल्ड स्टिचिंग और बैट लोगो की डिटेलिंग की गई है। स्टीयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, कंट्रोल कनेक्टर और बूस्ट बटन पर भी बैटमैन का सिग्नेचर लोगो मौजूद है। सबसे खास बात यह है कि कार ऑन करते ही इंफोटेनमेंट स्क्रीन पर बैटमैन थीम वाला वेलकम ऐनिमेशन दिखाई देता है, जो इस ईवी को और भी एक्सक्लूसिव बनाता है।



### दमदार बैटरी और रेंज

महिंद्रा बीई 6 बैटमैन एडिशन ईवी में 79 केडब्ल्यूएच का पावरफुल बैटरी पैक दिया गया है। कंपनी का दावा है कि यह फुल चार्ज पर 683 किमी की रेंज दे सकती है। वहीं, रियल वर्ल्ड कंडीशंस में भी यह एसयूवी 500 किमी से ज्यादा आसानी से चल सकती है। लिमिटेड एडिशन होने के कारण इसके डिजाइन और फीचर्स इसे बेहद खास बनाते हैं और इसे कलेक्टर्स एडिशन का दर्जा देते हैं।

### शानदार डिजाइन

महिंद्रा बीई 6 बैटमैन एडिशन का डिजाइन इसे भीड़ से अलग पहचान देता है। इसकी पूरी बॉडी पर कस्टम सैटिन ब्लैक फिनिश दी गई है, जो प्रीमियम और दमदार लुक देती है। इसके साथ अल्केमी गोल्ड में पेंटेड सस्पेंशन और ब्रेक कैलिपर्स कॉन्ट्रास्ट का काम करते हैं। कार में 20-इंच के अलॉय व्हील्स, फ्रंट डोर पर कस्टम बैटमैन डेकल्स और पीछे की तरफ लगी "बी 6 × द डार्क नाइट" बैजिंग इसे एक यूनिक लुक देती है।

## खबर संक्षेप

### जर्मनी की अर्थव्यवस्था जून तिमाही में 0.3 फीसदी सिकुड़ी



**बर्लिन।** जर्मनी की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून तिमाही में 0.3 प्रतिशत सिकुड़ गई जो पिछले अनुमान से अधिक बुरी स्थिति है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। संघीय सांख्यिकी कार्यालय ने बताया कि जून में विनिर्माण एवं निर्माण क्षेत्र का उत्पादन कमजोर रहा और घरेलू खर्च में भी कमी आई।

### सेबी विनियमित आईपीओ कारोबारी मंच करेगी शुरू



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी की एक विनियमित आईपीओ-पूर्व कारोबारी मंच शुरू करने की योजना निवेशकों द्वारा गैर-सूचीबद्ध शेयरों की खरीद-बिक्री के तरीके को नया रूप दे सकती है। इस कदम से लंबे समय से अपारदर्शी और अधोषित बाजार के प्रभुत्व वाले क्षेत्र में पारदर्शिता आएगी और खुदरा निवेशकों के लिए जोखिम कम होंगे।

### शेयर बाजार पूंजीकरण में रिलायंस सबसे आगे रही




**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1,72,148.89 करोड़ रुपये बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा बढ़त के साथ शीर्ष पर रही। बीएसई सेंसेक्स 709.19 अंक या 0.87 प्रतिशत उछला। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 34,280.54 करोड़ रुपये बढ़कर 6,17,672.30 करोड़ रुपये हो गया।

### बीते सप्ताह आयातित तेल की कीमतों में रहा सुधार



**नई दिल्ली।** विगत सप्ताह विदेशी बाजारों में खाद्य तेल कीमतों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू बाजार में आयातित तेल, विशेषकर सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। सरसों तेल-तिलहन तथा बेहद कमजोर कामकाज के बीच बिनौला तेल कीमतों में अपने विगत सप्ताहांत के मुकाबले गिरावट देखी गई।

### पीवीआर ने मुंबई में 10 स्क्रीन वाला मेगाप्लेक्स खोला



**नई दिल्ली।** मल्टीप्लेक्स परिचालक पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने मुंबई के बोरीवली पूर्व स्थित स्काई सिटी मॉल में 10 स्क्रीन वाला मेगाप्लेक्स शुरू किया है, जिसकी कुल क्षमता 1,372 सीट की है। कंपनी ने बताया कि यह मेगाप्लेक्स मॉल में पीवीआर आईनॉक्स के कैपेक्स मॉडल के तहत विकसित किया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कर्ज पहुंचाने पिरामल का बीएलएस से करार



**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पिरामल फाइनेंस लि. ने डिजिटल सेवा प्रदाता बीएलएस ई-सर्विसेज के साथ मिलकर ग्रामीण और छोटे शहरो में कर्ज पहुंच बढ़ाने के लिए साझेदारी की है। इस पहल का उद्देश्य गांवों और छोटे कस्बों में रहने वाले लोगों और छोटे उद्यमियों को आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराना है। बीएलएस ई-सर्विसेज के 1.44 लाख से अधिक सेवा केंद्रों के जरिए आवास ऋण, व्यापार ऋण, व्यक्तिगत कर्ज और सेकंड हैंड कार के लिए ऋण प्राप्त कर सकेंगे।

## अमेरिकी केंद्रीय बैंक के सितंबर में ब्याज दर कम करने की संभावना

# सीमित दायरे में रह सकता है सोना, फेड से दर कटौती पर सकारात्मक रुख की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*सोने की कीमतें अभी कुछ समय तक सीमित दायरे में रह सकती हैं, लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) के सितंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दर कम करने की उम्मीदों के बीच कुल मिलाकर सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी।*

विश्लेषकों ने कहा कि व्यापारी दूसरी तिमाही की जीडीपी और पीसीई (व्यक्तिगत खपत व्यय) महंगाई दर जैसे अमेरिका के कुछ प्रमुख आर्थिक आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों के बयानों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इन जानकारियों से उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति क्या होगी और सोने के बाजार की दिशा क्या रहेगी।

### सोने में रूझान सकारात्मक

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, /"सोने की कीमतें भले ही कुछ समय के लिए स्थिर रहें, लेकिन उनका रुझान सकारात्मक रहने की उम्मीद है।/" उन्होंने बताया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों से सितंबर की बैठक में ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं। निवेशक भू-राजनीतिक और व्यापार से जुड़ी घटनाओं पर भी नजर बनाए रखेंगे।

### रूस-यूक्रेन शांतिवार्ता पर बाजार की नजर

मेर ने कहा, ''बाजार रूस-यूक्रेन शांति प्रक्रिया और 27 अगस्त से भारत पर रूस से तेल खरीद पर लगाई जाने वाले अतिरिक्त शुल्क के लागू होने पर बारीकी से नजर रखेंगे।''पिछले सप्ताह, सोने ने मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया और 956 रुपये (एक प्रतिशत) की बढ़त के साथ 1,00,391 रुपये तक गया।

- ब्याज दर कम करने से सोने की कीमतें बढ़ने की उम्मीद
- पॉवेल की टिप्पणियों से ब्याज दर में कटौती की संभावना बढ़ी
- निवेशक राजनीतिक व व्यापार से जुड़ी घटनाओं पर नजर रखेंगे



### वैश्विक बाजार में अनिश्चितता कायम

एंजेल वन के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (शोध, गैर-कृषि उत्पाद और मुद्रा) प्रथमेश माल्या के अनुसार, /"पिछले कुछ हफ्तों में बाजार में ऐसी कोई बड़ी खबर या घटना नहीं हुई थी जो सोने की कीमतों को ऊपर ले जा सके, इसीलिए कीमतों में गिरावट देखने को मिली। लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के हालिया बयान ने निवेशकों को फिर से उम्मीद दी और बाजार में उत्साह बढ़ा दिया। मल्ल्या ने आगे कहा कि वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता अब भी बनी हुई है।

### ब्याज दर कटौती साल के अंत तक टाली जा सकती है

हालांकि पॉवेल ने यह भी कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों का घरेलू कीमतों पर बड़ा असर पड़ता है, तो ब्याज दर में कटौती को साल के अंत तक टाला भी जा सकता है।

### फेड की बैठक 16-17 सितंबर को होगी

यह बढ़त अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा जैक्सन होल संगोष्ठी में मौद्रिक नीति में संभावित बदलाव के संकेत देने के बाद देखी गई, जहां उन्होंने इस बात का संकेत दिया कि केंद्रीय बैंक दिसंबर के बाद पहली बार जल्द ही ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की आगामी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) बैठक 16-17 सितंबर को होनी है।

### ट्रंप के कार्यकाल में शुल्कों का मुद्दा अंतहीन

माल्या ने कहा, ''रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर चर्चा हो रही है, लेकिन उसका नतीजा कितना व्यावहारिक होगा, इस पर अभी भी सवाल हैं। वहीं, ट्रंप के कार्यकाल में शुल्कों का मुद्दा अंतहीन लगता है।''

# भारत प्रौद्योगिकी, एआई के लिए आकर्षक बाजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- माइक्रोसॉफ्ट के भारत प्रमुख चंडोक बोले कंपनियां भारत के प्रति प्रतिबद्ध
- एआई अब कंपनियों के 30 प्रतिशत कोड लिखता है

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने भारत को तकनीक और एआई के लिए सबसे आकर्षक बाजारों में एक बताया है। उन्होंने भारत के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और वैश्विक वृद्धि को गति देने वाले आर्थिक संबंधों में विश्वास की बात भी की।

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष चंडोक ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि एआई अब कंपनी के 30 प्रतिशत कोड लिखता है, लेकिन उद्योग में आपूर्ति पक्ष पर एक बड़ा ''तकनीकी ऋण'' बना हुआ है, जिसके लिए अधिक इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर और अनुप्रयोगों की आवश्यकता है, क्योंकि कंपनी भविष्य के लिए निर्माण पर जोर दे रही है।तकनीकी ऋण से आशय अधिक मजबूत नजरिये के साथ साफ्टवेयर विकास की जगह जल्दी सफलता पाने वाले रास्ते को अपनाना है। इससे भविष्य की वृद्धि धीमी होने का खतरा रहता है। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने इस साल अप्रैल में कहा था कि वाशिंगटन स्थित इस तकनीकी दिग्गज का 30 प्रतिशत कोड अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता या एआई द्वारा लिखा जाता है। चंडोक ने भारत को तकनीक और एआई के लिए दुनिया के सबसे आकर्षक बाजारों में से एक बताया। उन्होंने कहा, ''माइक्रोसॉफ्ट के रूप में, हम भारत के लिए प्रतिबद्ध हैं और देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं।'' दुनिया भर में व्यापक उपस्थिति वाली एक बहुराष्ट्रीय कंपनी होने के नाते माइक्रोसॉफ्ट आर्थिक संबंधों को वैश्विक वृद्धि की कुंजी मानती है और निवेश एवं कौशल विकास के माध्यम से भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और गहरा कर रही है।

### युवाओं से एआई में दक्षता हासिल करने का आग्रह

चंडोक ने युवाओं से एआई में दक्षता हासिल करने का आग्रह भी किया और इसे बेहद महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने देकर कहा कि ऐसे कौशल केवल सिद्धांत या अवलोकन से नहीं, बल्कि उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग से सीखे जा सकते हैं। चंडोक ने कहा कि उनका मानना है कि एआई नियमित काम को स्वचालित करके संज्ञानात्मक क्षमताओं को कम करने के बजाय बढ़ाता है।

# क्रेडिट कार्ड कारोबार को नवंबर से मिलेगा नए सिरे से बढ़ावा

- पीएनबी के एमडी ने कहा, बैंक कार्ड का परिचालन बढ़ाने जा रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) अपनी अन्य आय बढ़ाने के लिए नवंबर से क्रेडिट कार्ड परिचालन को नए सिरे से बढ़ाने की योजना बना रहा है। बैंक को उम्मीद है कि उस समय तक उसका नया आईटी बुनियादी ढांचा तैयार हो जाएगा। बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्रा ने बताया, ''क्रेडिट कार्ड बाजार में पीएनबी प्रभावशाली स्थिति में नहीं है, हालांकि इसकी विशेषताएं बाजार में मौजूद किसी भी अन्य कार्ड के बराबर हैं। इसलिए, हमने क्रेडिट कार्ड विभाग को मजबूत किया है और व्यवसाय के लिए एक महाप्रबंधक को प्रभारी नियुक्त किया है। चंद्रा ने कहा, ''हम व्यवसाय को सहयोग देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे को भी बढ़ा रहे हैं।

## बिजली की अधिकतम मांग 277 गीगावाट नहीं पहुंचेगी



**नई दिल्ली।** इस वर्ष गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग के अनुमानित 277 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना नहीं है, क्योंकि रुक-रुक कर हो रही बारिश ने एयर कंडीशनर (एसी) जैसे ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों के उपयोग को कम कर दिया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद ने राष्ट्रीय राजधानी में बीएनईएफ शिखर सम्मेलन से इतर कहा, " नहीं, मुझे नहीं लगता कि यह (बिजली की अधिकतम मांग) अब उस स्तर तक पहुंचेगी। अगर इसी तरह बारिश होती रही, तो यह उस स्तर तक नहीं पहुंचेगी। नियामक संस्था से प्रमुख अधिकतम बिजली मांग के 277 गीगावाट के अनुमानित स्तर को छूने को लेकर सवाल किया गया था। सीईए विद्युत प्रणाली के विकास के लिए अल्पकालिक एवं संभावित योजनाएं तैयार करता है।

# शुल्क कार्रवाई से आगे तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- फेड का फैसला बाजार में आशावाद बढ़ा सकता है
- विदेशी कारोबारियों की गतिविधि भी बाजार का रुख तय करेगी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना से घरेलू शेयर बाजार में आशावाद बढ़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि निवेशकों का ध्यान भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क लगाने की समयसीमा नजदीक आने पर भी है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों, वैश्विक रुझानों और व्यापक आर्थिक आंकड़ों से इस सप्ताह शेयर बाजार के रुझान तय होंगे। बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

विश्लेषकों ने कहा, ''सकारात्मक वैश्विक संकेतों से कुछ समर्थन मिलने की संभावना है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अपने भाषण में ब्याज दरों में संभावित कटौती का संकेत दिया है, जिसके बाद अमेरिकी बाजारों में जोरदार उछाल आया और डॉलर सूचकांक कमजोर हुआ। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''एक अन्य महत्वपूर्ण कारक भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी योजना से संबंधित 27 अगस्त की समय सीमा होगी। स्पष्टता के अभाव में एफआईआई की भागीदारी कम रह सकती है। इसके साथ ही अमेरिका, चीन और भारत के व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी कड़ी नज़र रखी जाएगी।

### फेड के ब्याज दरों में कटौती के संकेत

अमेरिकी बाजार शुक्रवार को तेज बढ़त के साथ बंद हुए। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.89 प्रतिशत, नैस्डैक कंपोजिट 1.88 प्रतिशत और एसएंडपी 500 1.52 प्रतिशत चढ़ा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के जैक्सन हॉल भाषण से सितंबर में ब्याज दरों में कटौती का संकेत मिलता है।''

### जीएसटी सुधारों का बाजार को समर्थन मिलेगा

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि जीएसटी 2.0 सुधारों और घरेलू स्तर पर व्यापक आर्थिक मजबूती को लेकर आशावाद से भारतीय शेयर बाजारों को समर्थन मिलता रहेगा।''

# बीएमडब्ल्यू 803 करोड़ रुपए निवेश कर झारखंड में लगाएगी संयंत्र

- कंपनी पांच लाख टन क्षमता की नई कोल्ड रोलिंग इकाई लगा रही
- उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादों की पेशकश बढ़ाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टील बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक हर्ष बंसल ने कहा कि कंपनी झारखंड में 803 करोड़ रुपये के निवेश से पांच लाख टन क्षमता वाली एक नई कोल्ड रोलिंग इकाई लगा रही है। इस कदम का उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादों की पेशकश बढ़ाना है। बंसल ने बातचीत में कहा कि यह निवेश सरकार की विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत किया जा रहा है। साल 2021 में इस्पात मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य देश में मूल्य-वर्धित स्टील का उत्पादन बढ़ाना और भारतीय इस्पात उद्योग को प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत करना है। यह परिसर बोकारो में स्थापित किया जा रहा है। बंसल ने कहा कि यह इकाई कलर-कोटेड सामग्री और उन्नत अलॉय/नॉन-अलॉय कोटेड उत्पादों का उत्पादन करेगी, जिनका इस्तेमाल बुनियादी ढांचा, निर्माण, वाहन क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा जैसे उद्योगों में होता है। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से कलर-कोटेड स्टील का उत्पादन शुरू कर दिया जाए।

# ड्रीम 11 की मूल कंपनी वित्तीय सेवा क्षेत्र में देगी दस्तक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनी एक नए ऐप का परीक्षण कर रही
- यह काम ड्रीम सूट फाइनेंस ब्रांड के तहत किया जाएगा

गेमिंग मंच ड्रीम11 की मूल कंपनी ड्रीम स्पोर्ट्स वित्तीय सेवा क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए एक नए ऐप, ड्रीम मनी का परीक्षण कर रही है। यह काम ड्रीम सूट फाइनेंस ब्रांड के तहत किया जाएगा। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। ड्रीम स्पोर्ट्स भारत में पैसा आधारित ऑनलाइन गेम की सुविधा देने वाली प्रमुख इकाई रही है। लेकिन सरकार के सभी प्रकार के पैसा आधारित ऑनलाइन मनी गेम पर प्रतिबंध लगाने के बाद, इसे अपने पैसा-आधारित गेम बंद करने पड़े हैं।

इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा, ''ड्रीम मनी पिछले कुछ महीनों से पायलट परियोजना के तहत काम कर रही है। मंच को अभी पेश नहीं किया गया है। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, यह ऐप प्रतिदिन 10 रुपये से शुरू होने वाली सोने की खरीदारी सेवा और 1,000 रुपये से शुरू होने वाली सावधि जमा सेवा प्रदान करेगा। इस ऐप को ड्रीम स्पोर्ट्स की एक इकाई, ड्रीमसूट द्वारा जारी किया गया है। ड्रीमसूट की वेबसाइट के अनुसार, ड्रीमसूट फाइनेंस को जल्द ही 'निर्बाध वित्तीय सेवाएं' प्रदान करने के लिए पेश किया जाएगा।

**कार्यालय क्षेत्रसंचालक, सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम, म.प्र.**
Phone No. 07574-254394 (O) Fax, 07574-252133 E-mail: fdsatnp.hbd@mp.gov.in

6699 **सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना** 13/8/25
**ई - निविदा विज्ञप्ति**

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वर्ष 2025 - 26 विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में विभागीय कार्य हेतु ईट (चिमनी) क्रय सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 30.08.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है ।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500 /- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 30,000 /- रुपए (तीस हजार रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 30.08.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनांक 01.09.2025 को प्रात: 11:00 बजे |

(ऋषिभा सिंह नेताम ) भा.व.से.
उपसंचालक
सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम
G-17714/25

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म.प्र.**
दूरभाष -07622-262215 E-Mail-jsdktn@mp.gov.in

क्रमांक 490/निर्वाह/25 कटनी दिनांक 20/08/2025

**तृतीय वार्षिक ई-निविदा सूचना आमंत्रण वर्ष 2025-26 ( आमंत्रण)**

जिला जेल कटनी में जिला जेल कटनी में संचालित उद्योग में लगने वाली सामग्री ( कच्चे माल) मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत खण्ड -1 बढई उद्योग, खण्ड - 2 सिलाई उद्योग एवं खण्ड -3 लोहारी उद्योग में लगने वाली सामग्री के क्रय हेतु प्रथम वार्षिक निविदा वर्ष 2025-26 ई-निविदा बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है, इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट से प्राप्त करें। निविदा की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री-बिड मीटिंग | दिनांक 09.09.2025 समय प्रात: 11:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र. |
| 2 | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म का मूल्य 05.00 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रुपए तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जाएगा । | दिनांक 16/09/2025 सायंकाल 5:30 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | दिनांक 18/09/2025 प्रात: 11.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म.प्र |
| 4 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 19/09/2025 प्रात: 11.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म.प्र |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेवसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता हैं ।

जेल अधीक्षक
जिला जेल कटनी म.प्र.
G-17699/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

# उज्जैन में 27 अगस्त को होगा द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन में 27 अगस्त को प्रदेश के द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन 'रूहमेंटिक' का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर आध्यात्मिक पर्यटन पर पीएचडीसीसीआई-केपीएमजी की रिपोर्ट आस्था और प्रवाहः भारत के पवित्र स्थलों में जनसमहू का मार्गदर्शन का विमोचन किया जाएगा। आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास प्रभु सम्मेलन के मुख्य वक्ता होंगे। यह सम्मेलन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की ओर से पर्यटन मंत्रालय और मप्र पर्यटन बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अपर सचिव एवं महानिदेशक सुमन बिल्ला और मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के अंतर्गत सरकार-उद्योग गोलमेज कॉन्फ्रेंस, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, जिम्मेदार आतिथ्य और आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर बातचीत के लिए मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में महत्वपूर्ण सत्रों आध्यात्मिक पर्यटन के निम्न आयामों पर चर्चा होगी।



■ मुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत करेंगे शुभारंभ

- *मंदिर अर्थव्यवस्थाएंः जहां आस्था आजीविका से मिलती है। यह जांच करना कि मंदिर सर्किट स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को कैसे बनाए रखते हैं।*
- *महाकाल का मंडलः उज्जैन की आध्यात्मिक शक्ति और शहरी भविष्य - विरासत और आधुनिकीकरण की खोज। मन, शरीर और आत्मा- नई आध्यात्मिक सीमा के रूप में कल्याण - योग, आयुर्वेद और कल्याण का एकीकरण।*
- *डिजिटल में दिव्यः आध्यात्मिकता 2.0 - आध्यात्मिक पहुंच पर एआई, वीआर और एप्स का प्रभाव।*
- *पवित्र धुरी के संरक्षकः ज्योतिर्लिंग सर्किट - 12 ज्योतिर्लिंगों के सांस्कृतिक महत्व का पता लगाना।*
- *सम्मेलन के प्रतिभागी महाकालेश्वर और काल भैरव के दर्शन करेंगे तथा उज्जैन की आध्यात्मिक विरासत का अनुभव करेंगे। सम्मेलन ई-फैक्टर एक्सपीरियंस, मंदिर ऐप, आईआरसीटीसी, मान फ्लीट पार्टनर्स, केपीएमजी, इंदौर टॉक, होटल अंजुश्री, एडीटीओआई, एफएचआरएआई, आईएटीओ और टीएएआई के सहयोग से आयोजित है।*

## आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तुअर दाल संघ ने माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान तुअर दाल संघ के प्रतिनिधियों ने भेंट कर राज्य सरकार द्वारा आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट प्रदान करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कदम दाल उद्योग को संकट से उबारते हुए नए जीवन का संचार करेगा और उद्योग जगत को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधियों ने आभार स्वरूप धन्यवाद पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सदैव जनता और किसानों के हित में कार्य कर रही है। उद्योगों के विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी राज्य सरकार उद्योग और व्यापार जगत की बेहतरी तथा किसानों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाती रहेगी। इस अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा व अन्य लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, गंभीर अपराध के दोषी बंदियों की सजा यथावत रहेगी

# 14 हजार पात्र बंदियों को मिली सजा में छूट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जेल विभाग को प्रदेश की जेलों के पात्र दंडित बंदियों की सजा में लगभग 60 दिन की छूट देने के निर्देश दिए हैं।

सजा में दी गई इस छूट से विभिन्न जेलों में बंद 21 हजार बंदियों में से लगभग 14 हजार बंदी लाभान्वित होंगे। राज्य सरकार की इस समय पूर्व रिहाई नीति में आतंकवादी गतिविधि, लैंगिक अपराध (पास्को, बलात्कार), मादक पदार्थ और दो से अधिक हत्या जैसे गंभीर अपराध के दोषी बंदी पात्र नहीं होते हैं, उनकी सजा यथावत रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस मानसिक तौर पर हुई कंगाल, नहीं बची शब्दों की गरिमाः सबनानी



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कांग्रेस के प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक द्वारा प्रशासनिक अधिकारी के प्रति अभद्र शब्दों के प्रयोग को निंदनीय बताते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता लंबे समय तक विपक्ष में रहने के कारण बौखला गए हैं। इसीलिए वो कभी महिलाओं, कभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस नेता नौटंकी और हास्यास्पद हरकतों के सहारे सुर्खियां बटोरना चाहते हैं, लेकिन मध्यप्रदेश की जनता सब देख रही है और आने वाले समय में कांग्रेस को मानसिक दिवालियापन का करारा जवाब देगी।

### राजधानी भोपाल का नाम भोजपाल करने 14 स्थानों पर किया प्रदर्शन



**भोपाल।** भोजपाल मित्र परिषद की ने शनिवार को भोपाल का नाम 'भोजपाल' करने की मांग को लेकर 14 जगहों पर विशाल जारुकता प्रदर्शन आयोजित किया। यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे चंचल चौराहा बैरागढ़ से शुरू हुआ। भोजपाल मित्र परिषद के अध्यक्ष आशीष पांडे, कार्यक्रम समन्वयक हरिओम जटिया व महासचिव आशीष जनक ने बताया कि इस प्रदर्शन के माध्यम से हम शहर की मूल पहचान और गौरव को वापस लाने की मांग कर रहे हैं।

### जापान प्रवास के दौरान बस्त के होनहार अविनाश से मिले सीएम साय

**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो में बॉयज एंड मूर्स इंटरनेशनल कंपनी, जापान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर और बस्तर के होनहार अविनाश तिवारी से मुलाकात की। इस दौरान छग में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। सीएम ने राज्य सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों, औद्योगिक आधारभूत ढांचे और निवेशकों को मिलने वाले सहयोग की जानकारी दी।

## कॉपर में सबसे अधिक उत्पादन, लाइमस्टोन और हीरा उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी

# मध्यप्रदेश देश में इकलौता राज्य जहां हर तरह के खनिज उपलब्ध

*अधिकारियों और उद्योगपतियों ने साझा किए अपने अनुभव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रमुख सचिव खनिज संसाधन उमाकांत उमराव ने कहा कि मप्र की धरती हीरे के साथ सोना भी उगलती है। मध्यप्रदेश, देश में ऐसा इकलौता राज्य है, जहां हर तरह के खनिज उपलब्ध हैं। कॉपर में सबसे अधिक उत्पादन, लाइमस्टोन और हीरा उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी है। कई खनिज की उपलब्धता उच्च श्रेणी में है। प्रदेश के हर जिले में कोई न कोई खनिज जरूर मिलता है। शहडोल में कोल, बॉक्साइड है, छिंदवाड़ा में कोल और बैतूल में ग्रेफाइट है।

प्रमुख सचिव उमराव शनिवार को कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में खनन क्षेत्र के उद्योगपतियों और खनन उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खनिजों के दोहन के लिए आवश्यक अधोसंरचना की जरूरत है। मप्र में 5 लाख किमी लंबी सड़कें हैं। प्रदेश के इंस्टीट्यूट से हर साल 1 लाख बच्चे पढ़कर निकलते हैं। प्रदेश में बिजली सरप्लस है और पानी की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश में ईंधन के लिए पेट्रोलियम और गैस के 12 ब्लॉक चिह्नित किए गए हैं।





### उद्योगों को 40 प्रतिशत तक सहायता प्रदान कर रही सरकार

मप्र सरकार औद्योगिक इकाई स्थापित करने पर उद्योगों को 40 प्रतिशत तक सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लंदन में ट्रेड एग्रीमेंट के समय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस पर भी जोर दिया है। प्रधानमंत्री के इस मंत्र पर राज्य सरकार प्रदेश में आने वाले निवेशक को यह सुविधा प्रदान कर रहा है कि वह 30 दिन में अपना उद्योग शुरू कर सके। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश जन विश्वास बिल लागू किया है। प्रदेश की जनता को सरकार पर भरोसा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद प्रदेशभर में अलग-अलग सेक्टर के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। प्रदेश के समेकित विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। भोपाल में हुई जीआईएस में 30.77 लाख करोड़ के निवेश आए। उसके बाद 1 लाख करोड़ का निवेश अलग-अलग कार्यक्रमों में मिल चुका है।

### ग्रेफाइट सहित 30 क्रिटिकल एलिमेंट मिले

*कोल बेस्ड मीथेन 37 प्रतिशत मध्यप्रदेश प्रोड्यूस करता है। खनन क्षेत्र के बेहतर दोहन के लिए सरकार और कंपनियों की अहम भूमिका है। जबलपुर में गोल्ड का भंडार मिला है। ग्रेफाइट सहित 30 क्रिटिकल एलिमेंट मिले है, जिन्हें क्रिटिकल मिनरल्स कहते हैं। लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक बेल्ट चिह्नित की गई है। प्रदेश में खनिज संपदा का देश में सबसे अधिक खनन हो रहा है। उन्होंने उद्योगपतियों से आह्वान किया कि देश के दिल मध्यप्रदेश आइए, यहां आपको सोना और हीरे के साथ बहुत कुछ मिलेगा।*

### उद्योगपतियों ने मध्य प्रदेश की खनन नीति की सराहना की

*मप्र माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में उद्योगपतियों ने सीएम के सामने अपने अनुभव साझा किए। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार सिंह ने कहा कि तांबा एक शाश्वत धातु है। भारत में तांबे के उपयोग का प्राचीन इतिहास रहा है। हमारी 12 मिलियन टन तांबा उत्पादन क्षमता में 5 टन मलजखंड खदान से आएगा। कंपनी ने 32 टन कॉपर राम मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है। सीएम के सहयोग से मप्र को तांबा उत्पादन में अग्रणी बनाएंगे। माइनवेयर एडवायजर के एमडी कौशिक बोस ने कहा कि हमारी कंपनी मैकेनाइज माइनिंग करती है। राज्य में 450 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। उन्होंने मप्र सरकार और सीएम की ओर से दी जा रही सुविधिाओं के लिए आभार माना। कॉन्क्लेव में सहभागी बने अन्य उद्योगपतियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए प्रदेश की खनन नीति की सराहना की।*

### मध्यप्रदेश में 1 लाख एकड़ से अधिक लैंडबैंक, बिजली सरप्लस

*प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मप्र में 1 लाख एकड़ से अधिक लैंडबैंक है। यहां बिजली सरप्लस है, जिसका 20 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी से आता है। हम 2030 तक एनर्जी बॉस्केट में 50 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी शामिल करेंगे। प्रदेश में कुशल और सस्ती दरों पर श्रमिक उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों से किए सभी वादे पूरे करती है। प्रदेश में 4 इंडस्ट्रियल कॉरिडोर हैं, एक और नया बनेगा। राज्य सरकार कटनी में मल्टी मॉडल इंडस्ट्रियल डिपो बनाने जा रही है। प्रदेश में 5 हजार से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने फरवरी में 18 नई बिजनेस फ्रेंडली पॉलिसी लागू की थी।*

## मंत्री सारंग ने ली समीक्षा बैठक



## राष्ट्रीय खेल दिवस 2025:

# प्रधानमंत्री के 'एक घंटा खेल के मैदान में' आह्वान पर होगी खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं और नागरिकों को फिटनेस की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से दिए गए 'एक घंटा खेल के मैदान में' आवाह्न पर मप्र में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को टीटी नगर स्टेडियम में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सारंग ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस खेल महोत्सव से प्रदेशभर में खेल भावना और फिट इंडिया मुहिम को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 313 ब्लॉक्स में खेल और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

### तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ 29 को

*राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को तात्या टोपे स्टेडियम से प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ होगा। महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 'मिनी ब्राजील' के नाम से प्रसिद्ध विचारपुर गांव और फुटबॉल प्रतिभा के धनी सरदारपुर गांव के बीच एक रोमांचक फुटबॉल मुकाबला खेल प्रेमियों को आकर्षित करेगा।*

### साइकिल रैली से होगा समापन

सारंग ने बताया कि 30 अगस्त को भोपाल में खेल और फिटनेस पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ एंटी डोपिंग व स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर मार्गदर्शन देंगे। 31 अगस्त को समापन दिवस पर वन विहार से फिट इंडिया 'संडे ऑन साइकिल' के अंतर्गत लेक व्यू तक साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस रैली का समापन बोट क्लब पर वॉटर स्पोर्ट्स के साथ होगा।

## धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का मामला, परिजनों में पसरा मातम

# बोर पंप चालू करने के दौरान करंट लगा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में सुबह बोर पंप चालू चालू करने के दौरान करंट की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में मातम पसर गया है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बायसी के लाखपतरा निवासी रामप्रसाद राठिया सुबह साढ़े 8 बजे के आसपास अपने खेत की तरफ गया हुआ था, जहां बोर पंप चालू करने के दौरान उसकी करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। काफी देर तक राम प्रसाद के घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी और भांजा जब उसे ढूंढने खेत की तरफ पहुंचे तो उन्होंने देखा कि रामप्रसाद का शव खेत में पड़ा हुआ था। इस घटना की जानकारी आग की तरह गांव में फैल गई और देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। खेत में करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत की खबर मिलते ही धरमजयगढ़ थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले की जांच शुरू की।



### इधर फांसी पर लटका मिला अज्ञात शव

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरारीमुडा जंगल में सुबह एक अज्ञात शख्स की फांसी पर लटकती लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। मृतक की उम्र 40 से 45 साल के आसपास बताई जा रही है। आज सुबह जंगल की तरफ गए गांव के ग्रामीणों ने फांसी पर लटकती लाश देखी। जिसके बाद पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। घटना की जानकारी के बाद धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए उसकी शिनाख्त में जुट गई है।

## तीन लोगों को गंभीर चोट, पामगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

# तेज रफ्तार बाइक-स्कूटी भिड़ीं, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र के कोसला-भदरा मार्ग के कोसाबाड़ी मार्ग में स्कूटी और बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई है। हादसे में 25 वर्षीय युवक अजित कश्यप की मौत हुई है। वहीं, 3 लोगों को भी गंभीर चोट आई है। घटना शनिवार की शाम 4 से 5 बजे के बीच हुई है। पामगढ़ पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी अनुसार, मृतक अजित कश्यप अपने बाइक में गांव के उमेंद्र पटेल और बेटा शंकर पटेल के साथ पामगढ़ किसी काम से गए थे, जहां काम होने के बाद पामगढ़ से अपने गांव कोसला वापस लौट रहे थे।

वहीं, स्कूटी सवार पनगांव का 28 वर्षीय युवक युवराज साहू सब्जी बेचने के लिए भदरा गांव साप्ताहिक बाजार जा रहा था। इस दौरान कोसाबाड़ी के पास दोनों तेज रफ्तार स्कूटी और बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियों के फरखच्चे उड़ गए। वहीं, बाइक चला रहे अजित कश्यप के सिर पर गंभीर चोट आई थी। उमेंद्र पटेल और बेटे शंकर पटेल जोकि बाइक में बैठे थे उन्हें भी



गंभीर चोट आई है। स्कूटी सवार युवक युवराज साहू को भी गंभीर रूप से चोट आई। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल पामगढ़ ले जाया गया। जिसमें अजीत कश्यप की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर सिम्स अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज जारी है।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, मंत्री पटेल ने दिलाई कांग्रेसियों को पार्टी की सदस्यता

# भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं, सबको मिलता है सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस नेताओं सहित करीब 280 कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरेली के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश उपाध्याय, जिला यूथ कांग्रेस महामंत्री आदित्य स्थापक सहित 280 से अधिक कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर मिस्ड कॉल के माध्यम से पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।





### कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की परख नहीं होतीः उपाध्याय

बरेली के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहे राजेश उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि कांग्रेस में पार्टी के कार्यकर्ताओं की पूछ-परख नहीं होती, इसलिए भारतीय जनता पार्टी में आने का फैसला लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है।

### देश को बढ़ाने का कार्य करते रहेंगे

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी के परिवार को बढ़ाने के साथ-साथ देश को बढ़ाने का कार्य करेंगे। हमारी पार्टी में जितना मान-सम्मान पार्टी के कार्यकर्ताओं को मिलता है उतना ही सम्मान आपको मिलेगा। भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं होता सबको सम्मान मिलता है। किसी भी छोटे से कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिल जाती है और वो उसे ईमानदारी के साथ निभाता है। आप सभी ने दिल से कांग्रेस का कार्य किया होगा, लेकिन कांग्रेस में जमीनी कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन नहीं होता। वहां पर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वालों का मूल्यांकन होता है और फील्ड में काम करने वालों को नजरअंदाज किया जाता है। इसलिए कांग्रेस का परिवार रोज घट रहा है और भाजपा का परिवार बढ़ रहा है।

### श्रम विभाग के अफसरों एवं निरीक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**भोपाल।** श्रम कानूनों को लेकर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रवर्तन, ग्रेच्युटी अधिनियम, उपकर निर्धारण एवं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्स की ओर से सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसका शुभारम्भ सचिव रघुराज राजेन्द्रन तथा श्रमायुक्त रजनी सिंहने किया। अपर सचिव बसंत कुर्रे, अपर श्रमायुक्त प्रभात दुबे एवं श्रम विभाग तथा औद्योगिक स्वास्थ्य सहित बड़ी संख्या में निरीक्षक उपस्थित थे।

## सुकमा के मेट्टागुड़ा कैम्प थाना क्षेत्र का मामला

# भारी मात्रा में मिला विस्फोटक हथियार, लोहे की सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। जिला सुकमा के मेट्टागुड़ा कैम्प क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा जंगल-पहाड़ों में छुपाए गए भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और लोहे की सामग्री बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त को नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी।



अभियान में 203 कोबरा बटालियन, 241 बस्तर बटालियन सीआरपीएफ और जिला बल के जवान शामिल थे। इस दौरान टीम ने ग्राम बोटेलंका, ईरापल्ली, कोईमेंटा पहाड़ी और दारेली के आसपास सघन सर्चिंग अभियान चलाया।

# अखंड सौभाग्य की कामना के साथ महिलाएं रखेंगी व्रत

## हरतालिका तीज पर होगी शिव-पार्वती की आराधना, पूजन

**जबलपुर।** महिलाओं द्वारा किए जाने वाला हरतालिका तीज का पर्व इस बार मंगलवार, 26 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन पुराने शहर स्थित सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाएं व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी। मंदिर में पूजन का सिलसिला सोमवार रात 12 बजे से ही शुरू हो जाएगा।

पारंपरिक मान्यता के अनुसार विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य और अविवाहित युवतियां उत्तम वर की कामना से व्रत रखती हैं। इस दौरान महिलाएं कथा सुनेंगी और शिव-पार्वती का विशेष पूजन करेंगी।सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर, चौरासी महादेव मंदिरों में से 61वें स्थान पर आता है। यहां हरतालिका तीज पर विशेष पूजन का महत्व माना जाता है।

### बालू के शिवलिंग की होगी पूजा

पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन बालू (रेत) से बने शिवलिंग का पूजन विशेष फलदायी होता है। सुहागिन महिलाएं पूर्व दिशा की ओर मुख कर, अविवाहित कन्याएं उत्तर दिशा की ओर मुख कर और सभी कामनाओं की सिद्धि के लिए महिलाएं पश्चिम दिशा की ओर मुख कर पूजन करती हैं।



### विशेष योग में पूजा का महत्व

पं शिवशंकर तिवारी ने बताया कि इस बार तीज का पर्व हस्त नक्षत्र और साध्य योग में पड़ रहा है। हस्त नक्षत्र मंगलवार को विशेष शुभ माना जाता है, वहीं साध्य योग में किया गया पूजन पति को दीर्घायु और संतान सुख प्रदान करने वाला होता है। स्कंद पुराण के अवंती खंड के अनुसार, 84 महादेवों में सौभाग्येश्वर महादेव का पूजन पति, पुत्र, पौत्र की वृद्धि, पारिवारिक सुख-समृद्धि और दीर्घायु के लिए किया जाता है। इस परंपरा के तहत महिलाएं विशेष सामग्रियों से पूजन, पंचामृत अभिषेक और कथा श्रवण करती हैं।

# बुंदेली नृत्य श्री प्रतियोगिता में अविका यादव की मनमोहक प्रस्तुति



**जबलपुर।** गुंजन कला सदन, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित बुंदेली नृत्य श्री प्रतियोगिता का आयोजन दत्त मंदिर परिसर में किया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के कई प्रतिभावान कलाकारों ने भाग लिया और अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता की खास बात रही सुश्री अविका यादव की शानदार प्रस्तुति, जिसने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। अविका यादव श्री मोती शिवहरे जी के मार्गदर्शन में नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और उनकी प्रस्तुति में बुंदेली संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक लोककलाओं को प्रोत्साहित करना और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना रहा। आयोजन को सफल बनाने में गुंजन कला सदन की अहम भूमिका रही।



## सेंट नॉरबर्ट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में रोपा "एक पौधा माँ के नाम"

**जबलपुर।** भारत स्काउट गाइड एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट क्लेप के अन्तर्गत, जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जिला संघ जबलपुर की यूनिट सेंट नॉरबर्ट स्कूल, नेपियर टाऊन में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम "एक पौधा माँ के नाम" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर किरण, गाइड कैप्टन रशिका द्विवेदी, प्रभा फ्रांसिस, मोनिका जॉन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिस्टर द्वारा पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला गया और सभी को अपने जीवन की सबसे प्रिय हस्ती "माँ" के सम्मान में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही "प्लास्टिक का उपयोग न करें" जिसमें छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया।अंत में स्काउट और गाइड की लगभग 50 छात्राओं ने मिलकर परिसर में अशोक, आम, नीम तथा औषधीय महत्व वाले पौधों का रोपण किया। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल करेंगे और स्वच्छ, हरित तथा प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देंगे।


## रक्तदान सबसे पुण्य कार्य : वाल्मीकि



**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिव स्मृति भवन नेपियर टाउन जबलपुर के सभागार में विश्व बधुत्व दिवस के अंतर्गत विराट रक्त दान शिविर का अयोजन किया गया.यह शिविर शिव स्मृति भवन नेपियर टाउन जबलपुर के सभागार में रक्तदान महादान कार्यक्रम आयोजित हुआ. जिसका शुभारम्भ राज्य सभा सदस्य (सांसद) सुमित्रा वाल्मिकी, डॉ शिशिर चिनपुरिया ब्लड बैंक प्रभारी एनएससीबी मेडिकल कॉलेज जबलपुर , डॉ. सुनील बहल (उपाध्यक्ष आईएमए मध्य प्रदेश), डॉ श्याम जी रावत प्रो मेडिकल कॉलेज , डॉ एस के पांडे सर्जन आदि उपस्थित रहे । (सांसद) सुमित्रा वाल्मिकी जी ने रक्त दान करने वालो को संम्बोधित करते हुए कहा की यह कार्य किसी महान पुण्य से कम नहीं है । तीन मुख्य पुन्य कार्य होते है कन्या दान ,गोदान और रक्तदान। रक्तदान इसलिए भी महत्त्वपूर्ण दान है यह हमारे शरीर का अमूल्य उपहार है और जब हम इसे किसी समाज कल्याण के कार्य हेतु दान करते है तो यह और भी अधिक पुण्य कर्म बन जाता है।

# श्रीमद् भागवत सत्य को देने वाला ग्रंथ है : स्वामी राम प्रपन्नाचार्य

**जबलपुर।** लघु काशी पचमठा मंदिर में श्री सदगुरुदेव सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में विगत दिवस श्रीधाम वृंदावन के कथा मनीषी स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में उपस्थित श्रोताओं को भागवत कथा का रसास्वादन कराते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत सत्य को देने वाला ग्रंथ है 'सत्यम परम धीमहि' अर्थात उस परम सत्य तक हमें पहुंचाने वाला ग्रंथ है, इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। भागवत कथा के श्रवण मात्र से पापों से मुक्ति मिल जाती है जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं, भगवान की कथा विचार, वैराग्य,



ज्ञान और हरी से मिलने का मार्ग सुगम बना देती है, जीवन में सुख शांति समृद्धि देने वाली भागवत कथा ही है। ललित अग्रहरि द्वारा प्रस्तुत भजन 'राधे तेरे चरणों की रज धूल जो मिल जाए...' की शानदार मनमोहक प्रस्तुति सुनकर श्रोतागण खुशी से झूम उठे। कथा प्रारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन सुरेंद्र, देवेंद्र, महेंद्र, विराज, तनुष तिवारी ने किया। इस अवसर पर विराज तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा में प्रतिदिन चल रहे भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। कथा के विश्राम दिवस पर 26 अगस्त को हवन पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। गुरु परिवार के राजेश पटेल, डॉ. अजय फौजदार, अमोल सिंह राजपूत, संध्या-राजकुमार अवस्थी एडवोकेट, नीरजा सुरेंद्र तिवारी, भारती देवेंद्र तिवारी, महेंद्र विराज तिवारी, नीति अभय तिवारी, सीमा नरेंद्र तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंच संचालन राजेश पटेल ने किया।

## बारूद निकाल रहे संविदा कर्मी के हाथ झुलसे



**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में शनिवार सुबह एक हादसे में संविदा कर्मचारी (आयुधवीर) संबिद बहेरा झुलस गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, हादसा ओएफके के एफ-वन सेक्शन में हुआ, जहां डेटोनेटर का कार्य किया जाता है। जानकारी के अनुसार संबिद बहेरा एक्सटेंशन मोल्ड से बारूद निकाल रहा था, तभी अचानक फ्लैश हो जाने से उसके हाथ झुलस गए, घटना के बाद घायल कर्मचारी को पहले निर्माणी अस्पताल ले जाया गया, इसके बाद बेहतर उपचार के लिए राइट टाउन स्टेडियम के पास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने पहले उसे आईसीयू में रखा और बाद में प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट कर दिया है।

# अपर नर्मदा जोन बरगी हिल्स में भारी अनियमितताएं, सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा अध्यक्ष विपिन पीपरे ने आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत अपर नर्मदा जोन में कार्यरत कर्मचारियों की व्याप्त गंभीर समस्याएं सेवानिवृत्त कर्मचारियों से कार्यालय में काम कराना, नियम विरुद्ध पदोन्नति की अनियमितता, स्थाई कर्मियों का नियमितीकरण एवं डी.ए. के एरियर्स भुगतान करने, कार्यभारित कर्मचारियों को नियमिति किए जाने जैसी मांगों को लेकर अपर नर्मदा जोन बरगी हिल्स जबलपुर के मुख्य अभियंता को ज्ञापन संघ के प्रदेश महामंत्री अजय दुबे के नेतृत्व में सौंपा गया एवं संघ ने चेतावनी दी है कि यदि



अतिशीघ्र मांगों का निराकरण नहीं होता, तो उग्र आंदोलन किया जावेगा। इस अवसर पर संघ के संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे, प्रांतीय सचिव सहदेव रजक, बैद्यनाथन अय्यर, रविन्द्र राय, ओमप्रकाश पनगरहा, संजय रजक, दैवेन्द्र पटेल, संतोष पटेल, शिव नारायन, तीरथ प्रसाद, चतरुप्रसाद, संत कुमार यादव, सुरेश बाल्मीक, प्रेमनारायण, सुनील पाठक, राजेन्द्र यादव, शंकर वानखेडे, विकास डेहरिया, अनिल समुर्दे, बालगोविन्द माली एवं भारी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# आउट सोर्स कार्मिकों को भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए

## विद्युत फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक ने सीएम से किया आग्रह

**जबलपुर।**

मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से मांग की है की विद्युत कंपनियों में काम कर रहे आउट सोर्स कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने कहा है की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा कल 26 अगस्त को विद्युत वितरण कंपनियों में नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे. लिहाजा उनसे आग्रह किया गया है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा बिजली कंपनियों में नवीन ओ एस को स्वीकृति देकर 49263 नियमित पदों का सृजन कर भर्ती हेतु स्वीकृति प्रदान की है। फेडरेशन ने आग्रह किया है कि बिजली कंपनियों में लगभग 10 वर्षों से कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित पदों पर बिना शर्त तत्काल संविलियन अर्थात नियमित करें। परीक्षण सहायक वर्तमान में 650 नियमित होने के लिए शेष बचे हुए हैं उन्हें भी नियमित करने की घोषणा की जाए। राकेश पाठक ने कहा कि तीनो विधुत वितरण कंपनियों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के लगभग एक हजार संविदा कर्मचारियों के लिए वन टाइम ट्रांसफर पॉलिसी कंपनी टू कंपनी ( गृह जिला कंपनी) स्थानांतरण नीति बनाई जाएं। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि बिजली कंपनियों में लगभग 10 वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कमचारियों के लिए नवीन भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए। तकनीकी कार्य करने वाले सभी आउट सोर्स कार्मिकों का बीस लाख का बीमा कराया जाएं।

# लिपिकीय कर्मचारियों को वेतन वृद्धि शीघ्र दी जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि लिपिकीय कर्मचारी जो कि वर्ष 2006 के पूर्व नियुक्त हुए हैं, को सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-क्र.10/3/2006/1/9 दिनांक 6.2.2006 द्वारा कम्प्यूटर परीक्षा/प्रशिक्षण उत्तीर्ण होने पर एक वेतन वृद्धि दिये जाने का प्रावधान है, परन्तु अधिकतर विभागीय लिपिकीय कर्मचारियों को उक्त वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान नहीं किया गया, जबकि उनके नियुक्ति अर्हता में कम्प्यूटर अनिवार्य योग्यता नहीं थी तत्पश्चात वे कम्प्यूटर डिप्लोमा अथवा प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यालय में लगातार कम्प्यूटर पर कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2006 के पूर्व पदस्थ कम्प्यूटर डिप्लोमाधारी को वेतन वृद्धि नहीं दी जाना लिपिकीय कर्मचारियों के साथ सीधे-सीधे अन्यायपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण रवैया है, जबकि कुछ विभाग जैसे उच्च न्यायालय इत्यादि के कर्मचारियों को उक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया है, अन्य को नहीं। शासन से अपील है कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के परिप्रेक्ष्य में शीघ्र कर्मचारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण/डिप्लोमा के आधार पर एक वेतन वृद्धि स्वीकृत की जाए। संघ के प्रांताध्यक्ष राबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, रऊफ खान, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, धनराज पिल्ले, एनोस विक्टर आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के परिपालन में विभागों के लिपिकीय कर्मचारियों को कम्प्यूटर परीक्षा/प्रशिक्षण उत्तीर्णता के आधार पर एक वेतन वृद्धि दिए जाने हेतु निर्देषित करें।

# फ्लाइओवर ब्रिज में गिरते हुए पानी में संकीर्तन कर आनंद महोत्सव मनाया

## जब युवा संकीर्तन करने लगेंगे तो भारत विश्व गुरु बनेगा : सुधीर अग्रवाल

**जबलपुर।**

नर्मदा चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जबलपुर के द्वारा जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक राइट टाउन से ओवर ब्रिज में चढ़कर रानीताल हनुमान जी महाराज के दर्शन कर वहां से लौटकर जमुना प्रसाद चौक पर विशाल महाआरती एवं भंडारे के साथ संकीर्तन कर आनंद महोत्सव मनाया गया।

संकीर्तन मंडल संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि हर रविवार को सुबह विभिन्न पिछड़ी बस्तियों में भगवान का संकीर्तन किया जाता है, उद्देश्य है सभी को मुख्य धारा में जोड़ना, शहर को नई सौगात मिलने के कारण आज संकीर्तन मंडल ने फ्लाईओवर ब्रिज पर आनंद महोत्सव मनाया। आज के मुख्य अतिथि नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर



अग्रवाल ने कहा समय-समय पर युवाओं ने देश के लिए अपने प्राणों को निछावर किया है यदि युवा संकीतन करने लगेंगे तो भारत विश्व गुरु बन जाएगा। संकीर्तन मंडल अध्यक्ष विनोद दीवान ने बताया कि संकीर्तन यात्रा जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक राइट टाउन से संकीर्तन प्रारंभ कर पुल पर चढ़कर ब्रिज पर घूम-घूमकर संकीर्तन कर आनंद महोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर संघ प्रचारक भूपेंद्र पाराशर एवं कन्हैया जी, संयोजक श्याम मनोहर पटेल, अध्यक्ष विनोद दीवान, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, सह संकीर्तनचार्य सुरेश विश्वकर्मा, सचिव मनोज गुलाबबानी, रुद्राभिषेकचार्य मोहित तिवारी, मनोहर विश्वकर्मा, छन्नू राम पटेल, चंद्र कुमार पटेल, गणेश विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, नरेश गुजराती, भागचंद कोली, नितिन चौबे, विनोद विश्वकर्मा, मगन विश्वकर्मा, जगदीश पटेल आदि उपस्थित थे।



# श्रृध्दा भक्ति के साथ मनाया गया श्रीगुरुग्रंथ साहिब प्रकाशोत्सव

**जबलपुर।** श्रीगुरुग्रंथ साहिब का पवित्र प्रकाशोत्सव गुरुपर्व पर पूर्ण आस्था और श्रद्धा भक्ति के साथ गुरुद्वारा माइयां, इकबाल भवन में में मनाया गया। इस मौके पर तख्त हुजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के वरिष्ठ गुरुवाणी मीमांसाक एवं दार्शनिक ज्ञानी रजिंदर सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की इलाही गुरुवाणी समग्र विश्व में ईश्वरीय आराधना के साथ साथ मानवता का अनुकरणीय पैगाम दे रही है। रागी जत्था भाई अमनदीप सिंह, मदनमहल, भाई मनप्रीत सिंह, ग्वारीघाट एवं भाई हरमीत सिंह आदि गुरुवाणी कासम सामयिक मधुर गायन कर रहे थे वाणी गुरु, गुरु है वाणी बिच वाणी अमृत सारे। वाणी कहे सेवक जन माने परतख गुरु निस्तारे। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी प्रीतम सिंह ने सरबत के भले की अरदास प्रार्थना के बाद गुरुग्रंथ साहिब जी का पवित्र हुक्मनामा श्रवण करवाया पश्चात कड़ाह प्रसाद वितरित किया गया । गुरु का लंगर में सिख नारी मंच की मातृशक्ति का अतुलनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन महेंद्र सिंह नागी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेक कर अपनी श्रद्धा भक्ति का इजहार किया।

दिल्ली में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन

# 29 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और 17 उपाध्यक्ष शामिल

*दिल्ली विधानसभा में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन रविवार से शुरू हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर विधानसभा में विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा नाम से उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी*

**दिल्ली विधानसभा में आयोजन**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन रविवार से शुरू हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका शुभारंभ किया।

इस सम्मेलन में 29 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और 17 उपाध्यक्ष आदि भाग ले रहे हैं। विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने पर होने पर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस मौके पर विधानसभा में विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा नाम से उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

कार्यक्रम में दिग्गज नेताओं ने दिया उदबोधन दो दिन चलेगा

## संसद और विधानसभाएं सुचारू रूप से चलें



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली विधानसभा में अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन 2025 में कहा कि संसद और विधानसभा संसदीय लोकतंत्र के केंद्र बिंदु हैं। अगर संसद और विधानसभा ठीक से काम नहीं करेंगी, तो लोकतंत्र पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। संसद और विधानसभा का सुचारू रूप से चलना और सक्रिय रहना बहुत जरूरी है। विपक्ष सरकार की आलोचना कर सकता है, लेकिन काम में बाधा डालना, यानी देश को काम न करने देना, गलत है।

**कुछ ठोस सुझाव निकलेंगे**

रिजजू ने कहा कि यह महत्वपूर्ण स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस बहुत ही उपयोगी और बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहा कि मुझे विश्वास है कि बहुत अच्छी तरह से आप लोगों के बीच में विचार विमर्श करके सही रिकमेंडेशंस आगे आएंगी। कहा कि यह कहना मुश्किल है कौन विधानसभा सदन में अध्यक्ष कैसे बेहतर सदन चलाते हैं। सभी के कुछ थोड़ा बहुत नियम में बदलाव है। उम्मीद है कि इस सम्मेलन से कुछ ठोस सुझाव निकलेंगे तो बहुत अच्छा होगा।

### शाह विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे

गृह मंत्री शाह विठ्ठलभाई पटेल के सम्मान में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। इसके अलावा, शाह दिल्ली विधानसभा की 100 साल से अधिक की यात्रा को दर्शाने वाली एक अनूठी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे।

### लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती: स्पीकर गुप्ता

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में सम्मेलन के महत्व को रेखांकित किया, जहां लोकतंत्र को मजबूत करने और विधायी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। दरअसल, यह आयोजन राज्यों के बीच सहयोग और अनुभव साझा करने का अनूठा मंच है। आशा है कि यहां सभी को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा लेंगे।

### लोकतांत्रिक परंपराएं मजबूत होंगी: बिस्ट

विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्मेलन को लेकर शनिवार को तैयारियों का निरीक्षण किया। गुप्ता ने कहा है कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह ऐतिहासिक आयोजन लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने, जवाबदेही बढ़ाने के हमारे संकल्प को भी दोहराता है।

**140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षा: राज्यपाल**

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय लोकतंत्र की शक्ति एवं संजीविता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद विधानसभाएं एवं विधान परिषदें भारत की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था ही हमारी पहचान है। आप सभी इन निर्वाचित अधिकारी होने के नाते हमारे लोकतंत्र संरचना को बेहतर बनाने की बड़ी जिम्मेदारी का निर्माण करते हैं।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में नशेड़ियों का पुलिसवालों पर हमला



**महाराष्ट्र।** मुंबई के देवनार इलाके में गश्त कर रहे दो पुलिसकर्मियों पर गांजा पी रहे नशेड़ियों ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में पुलिस हवलदार भालेराव और सिपाही सूर्यवंशी घायल हो गए। घटना शुक्रवार रात लगभग 10:45 बजे अंटलाटा गार्डन मैदान में हुई। पुलिस ने इस संबंध में 5 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

### सपा नेता ने की बलिया का नाम बदलने की मांग




**लखनऊ।** यूपी में नाम बदलने की राजनीति को लेकर अक्सर भाजपा का नाम आता है लेकिन अब सपा के सांसद भी नाम बदलने की मांग के साथ राजनीति में कूद पड़े है। बलिया से सपा सांसद सनातन पांडे ने बलिया का नाम बदलने की मांग कर दी है। पांडे ने कहा कि बलिया का नाम शहीद मंगल पांडे के नाम पर रखा जाय तो मैं इसका स्वागत कराता हूं।

### फांसी की सजा बदली अब 40 साल की उम्रकैद




**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक सनसनीखेज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। आंध्र प्रदेश के रहने वाले एक दंपती को, जिन पर एक साल के मासूम बच्चे की हत्या का दोष साबित हुआ था, मिली फांसी की सजा को घटाकर उम्रकैद कर दिया गया है। अदालत ने साफ कहा कि दुर्लभ की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए कम से कम 40 साल जेल में रहें।

### एक किमी तक चीखती रही, टेंपो से कूदी महिला



**मेरठ।** यहां के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-58 पर शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली निवासी 35 वर्षीय महिला से चलते टेंपो में चालक ने दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। आबरू बचाने महिला एमआईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास चलते टेंपो से कूद गई।

### होशियारपुर में अब तक 7 लोगों ने तोड़ा दम



**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर में शुक्रवार आधी रात होशियारपुर-जालंधर हाईवे पर एक एलपीजी टैंकर ब्लास्ट मामले में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। 13 लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। तीन मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। शनिवार रात व रविवार सुबह अस्पताल में दाखिल चार मरीजों ने दम तोड़ दिया है।

राहुल की 'वोटर अधिकार यात्रा' पर रविशंकर प्रसाद का वार

# बेशर्मी से झूठ बोल रहे तेजस्वी और राहुल लोकसभा चुनाव का फरेब जनता समझ गई

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटनासहिब लोकसभा सीट से सांसद रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वोटर अधिकार यात्रा पर जमकर हमला बोला। उनके सभी आरोपों को नकार दिया

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटनासहिब लोकसभा सीट से सांसद रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वोटर अधिकार यात्रा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनके साथ तेजस्वी यादव प्रतिदिन आरोप लगा रहे हैं कि वोट की चोरी नहीं होने देंगे। ये लोग जहां जीतते हैं, वहां इनको कोई दिक्कत नहीं होती है। लोकसभा चुनाव में यूपी में समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिली, भाजपा को 33 और कांग्रेस को 6 सीट मिली थीं, तब चुनाव आयोग ठीक था। अब उन्हें जनता वोट नहीं दे रही है तो चुनाव आयोग खराब है। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा को 9 सीट मिली एनसीपी को 8, शिवसेना को 9 सीटें मिलीं, तब चुनाव आयोग ठीक था। हिमाचल और तेलंगाना में उनकी सरकार बनी तब चुनाव आयोग ठीक था। रविशंकर ने कहा कि राहुल गांधी बड़ी बेशर्मी से हर संवैधानिक संस्था पर आरोप लगा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इन लोगों ने संविधान बदलने का धोखा और फरेब बनाया था, इसे जनता समझ गई और अब इन्हें वोट नहीं दे रही है। हरियाणा, दिल्ली सब जगह सूपड़ा साफ हो गया।

**लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा को 37, भाजपा को 33 व कांग्रेस को 6 सीट मिली तब ईसी ठीक रहा**

### क्या 2-2 जगह से वोट डाले जाएं, मृतक भी मतदान करें

जनता इनकी सभी चालों को जान चुकी



रविशंकर ने पूछा कि क्या दो जगह से वोटर हैं, उन्हें दोनों जगह वोट देने दिया जाए या जो मर गए, वे वोट डालेंगे या जो शिफ्ट कर गए, वे वोट डालेंगे? राहुल आरोप लगाते हैं कि स्पीकर बोलने नहीं देते। जब बोलते है तो बंद नहीं होते। ऐसा ऐसा ज्ञान देते हैं कि कुछ कहा नहीं जा सकता। राहुल देश के पीएम बने और तेजस्वी यहां के सीएम बने, वही इनकी सोच है। जनता इन्हें ऐसा होने नहीं देगी।

### 99 फीसदी लोगों ने अपना काम पूरा किया, जबरन ऑब्जेक्शन कर रहे

रविशंकर ने कहा कि वे राहुल की तरह बकवास नहीं करते हैं। 98.2 फीसदी लोगों ने कागजात जमा कर दिए और नाम मात्र का दावा आया है। 99 फीसदी लोगों ने अपना काम कर दिया। अभी 1 सितंबर तक समय भी बचा है। एक लाख 60 हजार बीएलओ में एक भी ऑब्जेक्शन नहीं आया। अब इसमें क्या परेशानी है।

**तेजस्वी भी पार्टी को डुबा रहे, जनता चुन रही**

रविशंकर ने कहा कि राहुल के संपर्क में आकर तेजस्वी ने कहा कि मोदी जैसा झूठा प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा। जिस देश की जनता ने तीन तीन बार उन्हें पीएम चुना, उन्हें तेजस्वी कहते हैं कि ऐसा झूठा नहीं देखा। तेजस्वी माफी मांगें।

**क्या राहुल गांधी कुछ भी बोलेंगे?**

रविशंकर ने कहा कि राहुल को एक बार सुप्रीम कोर्ट ने डांट लगाई तो माफी मांगी। उन्होंने चौकीदार चोर है, मीडिया बिकाऊ है, क्या क्या आरोप लगाए हैं।यह शर्मशार करने वाला है।क्या राहुल गांधी कुछ भी बोलेंगे›

### खतरनाक रास्ते पर जा रहे राहुल', सोरोस ने अस्थिर करने एक ट्रिलियन डॉलर जमा किए

रिजिजू का बड़ा हमला



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल कुछ बोलते हैं, उनके सारे सांसद बहुत असहज हो जाते हैं। वो डरते हैं ये अनाप-शनाप बातें करेंगे। राहुलबहुत खतरनाक रास्ते पर जा रहे हैं। जॉर्ज सोरोस कहते हैं कि भारत सरकार को अस्थिर करने के लिए एक ट्रिलियन डॉलर रखे गए हैं।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में कोई भी देश को अस्थिर नहीं कर सकता**

उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाती, तो वे और भारत विरोधी ताकतें मिलकर सरकार और संस्थाओं पर हमला करना शुरू कर देती हैं ताकि जनता का इस देश की संस्थाओं से विश्वास उठ जाए। वे बार-बार कहते रहे हैं कि न्यायपालिका और चुनाव आयोग बिक चुके हैं। जब वे देश और सरकार की विश्वसनीयता कमजोर करने की साजिश रचते हैं। वे वामपंथी मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। पीएम मोदी को नेतृत्व में देश को कोई अस्थिर नहीं कर सकता है।

खरगे का केंद्र सरकार पर हमला

## वोट चोरी के बाद सत्ता चोरी में जुटी भाजपा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम, सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के बाद भाजपा अब सत्ता चोरी में लगी हुई है। भाजपा 30 दिनों के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने और गिरफ्तारी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है।

**'बूथ और मंडल समितियों के गठन में सावधानी बरतें जिलाध्यक्ष'**

खरगे ने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन समितियों के लोग पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों। वे कांग्रेस की विचारधारा से विमुख न हों।

चुनाव आयोग पर राहुल का हमला

## जीवित लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' रविवार को आठवें दिन पूर्णिया से शुरू होकर अररिया पहुंची। यात्रा के दौरान उन्होंने न सिर्फ विपक्षी नेताओं के साथ मंच साझा किया, बल्कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर भी तीखे हमले किए। अररिया के सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल के साथ राजद नेता तेजस्वी यादव और भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य जैसे बड़े विपक्षी नेता मौजूद थे। यह मंच आगामी चुनाव से पहले बिहार में विपक्षी दलों की एकजुटता का संकेत माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के युवाओं के लिए सभी दरवाजे बंद कर दिए हैं और देश का धन चुनिंदा बड़े उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है।

**तेजस्वी के सीएम बनने पर रहे चुप**

तेजस्वी कह चुके हैं कि अगर हम लोग सत्ता में आते हैं तो हमारे प्रधानमंत्री राहुल गांधी होंगे। लेकिन बिहार लेकर आपकी पार्टी की तरफ से यह साफ क्यों नहीं किया जा रहा है कि अगर बिहार की सत्ता में आप लोग आते तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे।

**इंडिया ब्लॉक साझा घोषणापत्र जारी करेगा**

राहुल ने कहा कि बिहार में इंडिया ब्लाक के सभी घटक विधानसभा चुनावों के लिए काम कर रहे हैं और परिणाम फलदायी होंगे। इस वर्ष के अंत में होने वाले चुनावों के लिए 'इंडिया' जल्द ही एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा।

'सर' को लेकर घमासान के बीच चुनाव आयोग बोला

### 98 फीसदी से ज्यादा मतदाताओं के डॉक्यूमेंट्स मिले



चुनाव आयोग ने बताया है कि बिहार में चल रहे के दूसरे चरण की डेडलाइन खत्म होने से पहले 98.2 फीसदी वोटर्स के दस्तावेज उसे मिल चुके हैं। दूसरे चरण की डेडलाइन 1 सितंबर की है। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म 6 भरना जरूरी होता है। 25 सितंबर तक डॉक्यूमेंट्स का वेरिफिकेशन कर देंगे।

रांची स्थित आवास में डीएसपी ने की कार्रवाई

# प्रदर्शन स्थल पहुंचते ही पूर्व सीएम चंपई हाउस अरेस्ट, बेटे बाबूलाल हिरासत में

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को उनके रांची स्थित आवास में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। यह कार्रवाई सदर डीएसपी ने की है। चंपई सोरेन रिम्स 2 जमीन विवाद को लेकर रांची में हल चलाने वाले थे, जहां हजारों लोगों को उनके साथ प्रदर्शन में शामिल होना था, लेकिन वह प्रदर्शन स्थल पर पहुंचते उसके पहले ही उन्हें उनके घर से बाहर जाने से रोक दिया गया है। इसके साथ ही उनके बेटे बाबूला को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्हें तमारा में पुलिस ने डिटेन किया है।



*रिम्स-2 जमीन पर हल चलाने वाले थे*

### आंदोलनकारियों को बाहर ही रोक दिया

रांची में आदिवासी समाज के लोगों ने हल जोतो अभियान शुरू किया है। इसे सफल बनाने के लिए आदिवासी समाज के लोगों को रविवार के दिन रांची पहुंचना था। यहां रिम्स-2 की विवादित जमीन पर चंपई हल चलाने वाले थे, लेकिन सरकार ने पहले से ही इस विरोध प्रदर्शन को कुचलने की तैयारी कर रखी थी। आंदोलनकारियों को बैरिकेडिंग कर बाहर ही रोक दिया गया है।

### *सहारनपुर में सांसद मसूद समेत कांग्रेस के बड़े नेता नजरबंद*

सहारनपुर। कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेसियों ने रविवार को बाइक रैली निकालने का निर्णय लिया था। इससे पहले ही शनिवार देर रात पुलिस ने कांग्रेस के बड़े नेताओं को नजरबंद कर दिया। रविवार को कांग्रेस नेताओं ने सांसद इमरान मसूद के घर पर नजरबंदी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रशासन ने कांग्रेस को रैली निकालने की इजाजत नहीं दी थी। इसके बाद नेता रैली निकालने की जिद पर अड़े रहे। पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर आदि को नजरबंद कर दिया। भारी संख्या में सांसद इमरान मसूद के घर पर पीएसी बलों की तैनाती की गई। इसके बाद कांग्रेस ने बाइक रैली को स्थगित कर दिया।

## देशभर में 'फिट इंडिया-संडे ऑन साइकिल' रैली



**स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा**

नई दिल्ली। फिट इंडिया-संडे ऑन साइकिल' अभियान के तहत रविवार को देश के अलग-अलग शहरों में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर खास आयोजन किए गए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल और नामचीन एथलीट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजधानी दिल्ली में यह कार्यक्रम सुबह इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू हुआ। इसमें दिल्ली पुलिस ने विशेष भागीदारी की। कार्यक्रम में बॉक्सिंग अंडर-19 गोल्ड मेडलिस्ट कृषा वर्मा और वेटलिफ्टिंग जूनियर एशियन चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अनन्या पाटिल भी शामिल हुईं।

कांग्रेस नेताओं को भा रहा संघ का

# शिवकुमार के बाद रंगनाथ ने अब जमकर की तारीफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कर्नाटक की राजनीति से गजब की तस्वीर देखने को मिल रही है। पिछले दिनों कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने विधानसभा में आरएसएस की प्रार्थना गाई। कांग्रेस विधायक एच डी रंगनाथ ने भी आरएसएस के प्रार्थना की कुछ लाइन गाई ,इनकी तारीफ भी की। पत्रकारों से बात करते हुए रंगनाथ ने आरएसएस के गान 'नमस्ते सदा वत्सले' की शुरुआती पंक्तियां गाईं।

### प्रार्थना की शुरुआती पंक्तियां गाईं

इतना ही नहीं, उन्होंने संघ के गीत को एक बेहद अच्छा गीत भी बताया। विधायक ने कहा कि उप-मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में गाए जाने के बाद उन्होंने भी इसे सुना। रंगनाथ ने कहा कि मैंने इसका अर्थ पढ़ा। इसमें कहा गया कि हमें उस धरती को नमन करना चाहिए जहां हम पैदा हुए हैं। मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। हमारी पार्टी एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। हमें दूसरों की अच्छी बातें स्वीकार करनी चाहिए।

सीएम धामी ने रेस्क्यू कर लाए गए लोगों से की मुलाकात

# सरकार आपके साथ खड़ी, हर संभव मदद देंगे

**थराली में बादल फटने से और भूस्खलन ने मचाई थी तबाही**

एजेंसी ▶▶ थराली

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों से रेस्क्यू कर लाए गए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर कहा कि धराली आपदा से प्रभावित बहनों से भेंट कर उनके आंसुओं में छिपा दर्द महसूस किया। इस कठिन घड़ी में उनके साहस को नमन करता हूं।

सीएम धामी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि वहां फंसे प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित निकालने



### सेना के जवान बचाव कार्य कर रहे

मुख्यमंत्री धामी ने मीडिया को बताया कि इस आपदा से बहुत नुकसान हुआ है। पूरा क्षेत्र तबाह हो गया है। यहां बादल फटा है और भारी बारिश हुई है। सड़क मार्ग पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गया है। 190 लोगों को उसी दिन तत्काल बचा लिया गया था। अभी तक 274 लोगों को बचा लिया गया है।

**हवाई सेवा के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही**

धामी ने कहा कि हमारी सरकार आपदा क्षेत्रों में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। प्रभावित क्षेत्रों में हवाई सेवा के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है। बंद सड़कों को खोलने का कार्य भी निरंतर जारी है।




### कोटा-बूंदी में फंसे लोगों की मदद कर रहा सेना का हेलीकॉप्टर


कोटा। राजस्थान के कोटा और बूंदी क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है। यह जानकारी सूत्रों ने रविवार को दी। भारी बारिश ने राजस्थान के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि प्रभावित इलाकों से सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

दो स्लैबः फेस्टिव सीजन में गाड़ियां होंगी सस्ती

# दिवाली पर डबल तोहफा: 28 से 18 फीसदी जीएसटी से ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को बूस्ट





आशीष पांडेय


विशाल जौहरी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राजधानी के ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े दो पहिया और चार पहिया वाहन विक्रेता यानी डीलरों की संस्था फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन मध्यप्रदेश ( फाडा) के अध्यक्ष आशीष पांडे और उपाध्यक्ष विशाल जौहरी ने कहाकि मोदी सरकार ने इस दिवाली जनता को मिलेगा दिवाली का 'डबल तोहफा' देने जा रही है टैक्स को रिव्यू करके।

पीएम मोदी की घोषणा के अनुसार दिवाली के पहले अब जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब होगी। अगर मोदी सरकार ने इसे फलीभूत कर दिया तो रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली कई चीजों पर से टैक्स घटेगा । जिससे उपभोक्ताओं, एमएसएमई और छोटे कारोबारियों को फायदा होगा। इसके साथ ही नई टैक्स सिस्टम के तहत दोपहिया और छोटी कारों पर जीएसटी को 28 परसेंट से घटाकर 18 परसेंट किया जा सकता है। इससे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को काफी मदद मिलेगी, जिसकी बिक्री में हाल के दिनों में गिरावट देखी गई है। साल 2025 की शुरुआत भले ही ऑटो इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद नहीं रही, लेकिन हो सकता है कि जीएसटी में कटौती से उन्हें फायदा पहुंचे।

### जीएसटी में कटौती से बढ़ सकती है मांग

*फाडा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडेय ने कहाकि अगर सरकार योजना के अनुसार जीएसटी में कटौती करती है, तो इससे दोपहिया और छोटी कारें ज्यादा किफायती हो सकती हैं। ऐसे में फेस्टिव सीजन के दौरान लोग कीमत कम होने से गाड़ी खरीदने के लिए प्रोत्साहित होंगे। ऐसे में दोपहिया वाहनों, छोटी कारों और कमर्शियल व्हीकल्स सहित पूरे ऑटो सेक्टर में डिमांड बढ़ सकती है। उपाध्यक्ष विशाल जौहरी ने कहाकि ग्राहक इस दिवाली बाइक या कार खरीदते समय अच्छी-खासी बचत कर सकते हैं। चूंकि फेस्टिव सीजन के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोग खरीदारी की प्लानिंग बनाते हैं। ऐसे में कीमतों में गिरावट से ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज को फायदा मिलेगा।*

### कारों की बिक्री में भी 1 परसेंट की गिरावट

*पांडेय ने कहाकि इस साल सिवाय ट्रैक्टर के बाकी सभी गाड़ियों की बिक्री कम हुई है। दोपहिया गाड़ियों की बिक्री में 4 परसेंट की गिरावट आई है। कारों की बिक्री में भी 1 परसेंट की गिरावट आई है, जबकि कमर्शियल व्हीकल्स स्थिर रहे।*

'नवदृष्टि' में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने साझा किए अपने विचार

# भारतीय उत्तराधिकार, हिंदू उत्तराधिकार और शरीयत कानून के तहत वसीयत के महत्व पर दिया बल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



आईसीएआई की भोपाल शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'नवदृष्टि' का सफल समापन हुआ। जिसमें प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और विशेषज्ञों ने वित्त, कर एवं वैश्विक अवसरों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

मुख्य वक्ताओं के रूप में सीए पंकज शाह ने फैमिली ऑफिस और उत्तराधिकार योजना पर अपने विचार रखे। उन्होंने भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम और शरीयत कानून के अंतर्गत वसीयत बनाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यदि वसीयत मौजूद नहीं है तो मृतक की संपत्ति पर पहला अधिकार भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अनुसार कक्षा-1 वारिसों का होता है। उन्होंने कहा कि उचित उत्तराधिकार एवं संपत्ति नियोजन न केवल अगली पीढ़ी के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करता है, बल्कि परिवार में विवादों को भी रोकता है।

सीए अनिकेत तलाटी, आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष ने वैश्विक अवसरों और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आईसीएआई भोपाल में भी जीसीसी स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है, सीए गिरीश आहूजा, प्रत्यक्ष कर विशेषज्ञ ने निजी ट्रस्ट की स्थापना पर विचार साझा किए।

'पीड़ित न बनें, स्वयं को सुरक्षित बनाएं' का दिया संदेश

# श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

'पीड़ित न बनें और स्वयं को सुरक्षित बनाएं' के संदेश के साथ श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप कम ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन मानसरोवर डेंटल-आयुर्वेद कॉलेज प्रांगण के एंफीथिएटर में किया गया। जिसमें लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से छात्राओं ने आपात स्थिति में होने वाले हमलों से बचाव और सुरक्षा के टिप्स सीखे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं ट्रेनर रक्षिता वेलफेयर सोसायटी की फाउंडर डॉ. ब्रिज त्रिपाठी, फाउंडर और प्रेसिडेंट राइज फाउंडेशन' की फाउंडर और प्रेसिडेंट मयूरी सक्सेना और डेंटल सर्जन डॉ. संजुला चतुर्वेदी द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय बताए गए। जिसके पश्चात चाइल्ड वेलफेयर, प्रोग्रेसिव माइंड, सोशल वर्कर, वुमेन एम्पावरमेंट और स्वच्छ भारत में महिलाओं की भूमिका



विषय पर मयूरी सक्सेना और डॉ. संजुला चतुर्वेदी द्वारा जानकारी दी गई। कार्यशाला में छात्राओं को सुरक्षा की पंद्रह से अधिक तकनीक सिखाई गई।कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मानसरोवर समूह की सीएमडी मंजुला तिवारी और सीईडी गौरव तिवारी द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम में श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च के प्राचार्य डॉ. भारत चौरागढ़े सहित डॉ. मनीषा राठी, डॉ. सचिन खेडीकर और अन्य फैकल्टी मेंबर्स और 300 से अधिक छात्राएं मौजूद रहीं।

# मंडी बोर्ड ने आयोजित की 'मोरल एथिक्स इन पर्सनल एंड प्रोफेशनल लाइफ' पर कार्यशाला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मोरल एथिक्स इन पर्सनल एंड प्रोफेशनल लाइफ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आरसीवी नरोना प्रशासन अकादमी में मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा आयोजित किया गया। प्रायोजक ऑल इंडिया इंस्टीट्यू ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट रहा। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नोएडा के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर नंदीतेश निलय उपस्थित हुए। उन्होंने मंडी के सभी अधिकारियों को किस तरीके से अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल



लाइफ को मैनेज किया जाता है विषय में विस्तार से व्याख्यान दिया गया। डॉ.निलय द्वारा बताया गया कि एक अच्छे मनुष्य के रूप में आपको अपने ईगो को खत्म कर अपने व्यक्तित्व को कैसे निखारा जाता है। व्याख्यान माला के द्वितीय चरण में मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा संस्था के हित में लग्नशीलता से काम करने की बात कही गई । कार्यशाला में विकास मिश्रा आईएएस, रितु चौहान, मंडी बोर्ड , चंद्रशेखर वशिष्ठ सहित सभी सातों संभाग के आंचलिक अधिकारी, योगेश नागले, पीयूष शर्मा, के आर शर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### बाणगंगा पेपर को हुई 21.17 करोड़ रु. की आय

**नाशिक।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने अनऑडिटेड वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही परिणामों की घोषणा की है। पहली तिमाही में कपनी को 21.17 करोड़ रुपए की कुल आय प्राप्त हुई। एबिटडा 1.57 करोड़ रुपए, ईबीआईटीडीए मार्जिन 7.42 फीसदी और शुद्ध लाभ 0.65 करोड़ रुपए एवं शुद्ध लाभ मार्जिनः 3.08 फीसदी रहा। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कहाकि यह प्रदर्शन हमारे बाजार परिस्थितियों को संभालने की क्षमता को दर्शाता है।

# खाद्य तेल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख उद्योग एवं संगठन एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



उद्योग संघ, अनुसंधान संस्थानों, सरकारी निकायों और नागरिक समाज संगठनों ने मिलकर नेशनल एलायंस फॉर रीजेनेरेटिव वेजिटेबल ऑयल सेक्टर (नारवोस) का गठन भोपाल में किया है।

कार्यक्रम में साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशनऑफ इंडिया (एसईए ) ने अपने 800 सदस्य कंपनियों के साथ मिलकर पुनर्योजी उत्पादों की खरीद के लिए प्रतिबद्धता की घोषणा की। सॉलिडरिडाड द्वारा संचालित यह मंच पुनर्योजी कृषि को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देगा, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरेगा, उत्पादकता बढ़ेगी और किसान जलवायु परिवर्तन से बेहतर तरीके से निपट सकेंगे।

### आयात पर सालाना 1.5 लाख करोड़ रु. से अधिक खर्च

*इस गठबंधन में सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, एडब्ल्यूएल एग्री बिजनस, सोपा और भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान जैसे प्रमुख निकाय शामिल हैं। वर्तमान में भारत अपनी लगभग 60 फीसदी खाद्य तेल आवश्यकता आयात से पूरी करता है, जिस पर सालाना 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च होता है। वहीं अस्थिर कृषि पद्धतियों और मिट्टी की उर्वरता घटने से 2.7 करोड़ हेक्टेयर में तिलहन उत्पादन की स्थिरता खतरे में। सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अंशु मलिक ने कहाकिखाद्य तेल क्षेत्र की यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ष 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक विदेशी तेल आयात पर खर्च करते हैं, जिससे हमारी खाद्य सुरक्षा वैश्विक बाजार की अस्थिरताओं पर निर्भर हो जाती है।*

## केनरा बैंक ऑफिसर्स एसो. की अनोखी पहल एक पेड़ ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों के नाम

**भोपाल।** केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के अधिकारियों ने सीबीओए के जनरल सेक्रेटरी के रविकुमार के मार्गदर्शन तथा ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी के के त्रिपाठी के नेतृत्व में जय हिंद कॉलेज अयोध्या बाय पास परिसर में धूप-छांव के साथी और जीवनदायिनी वृक्षों को संजोने का संकल्प ले कर ऑपरेशन सिंदूर में शहीदो की स्मृति में पौधरोपण किया। आम, पीपल, बरगद नीम और अशोक जैसे पौधों की सुगंध ने परिसर को हरियाली और जीवन से भर दिया। त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहाकि यदि आज हम एक पौधा लगाएँगे, तो कल यही पौधा आने वाली पीढर्यों को छाया, प्राणवायु और जीवन देगा। इस अवसर पर शहीदों के नाम से पौधे लगाए गए ताकि उनकी शौर्य गाथा और बलिदान की स्मृति सदैव हरी-भरी रहे। इस कार्यक्रम में जय हिंद कॉलेज से चेयरमैन उपेंद्र सिंह तोमर, वाइस चेयरमेन सर्वेंद्र सिंह तोमर, डायरेक्टर आकाश सिंह तोमर, प्रिंसिपल उपासना सिंह एवं आशीष तिवारी सीबीओए से अरूणसिंह, सूची पराशर, लीना चौहान,श्रद्धा, शनि श्रीवास्तव,गगन, विश्वजीत, अंकित सिरोही, रजनीश शिन्दे शुभम जैन तथा बडी संख्या मे सीबीओए के पदाधिकारी मौजूद

### 'क्रोमा' का विशेष ऑफर

**मुंबई।** ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर 'क्रोमा' ने गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य पर विशेष ऑफर्स की पेशकश की है जो 22 से 29 अगस्त तक मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और गोवा सहित अन्य राज्य में चलाए जा रहे हैं। क्रोमा ने पार्टी ऑडियो से लेकर रोजमर्रा की रसोई की जरूरतों तक, कई श्रेणियों में रोमांचक ऑफर्स प्रस्तुत किए हैं। रियलमी टीडब्ल्यूएस सिर्फ 999 में, माइक के साथ पार्टी स्पीकर 2,999 से आगे की कीमतों पर और क्रोमा के 200 डब्ल्यू पार्टी स्पीकर वायरलेस यूएचएफ माइक के साथ सिर्फ 15,990 में खरीद सकते हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति की नई दिनचर्या

# धनखड़ टेबल टेनिस खेलकर योग करके बिता रहे समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ अपने परिवार के साथ समय बिताने के साथ ही नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे हैं और टेबल टेनिस खेल रहे हैं। अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले धनखड़ जब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे, तब उन्होंने शौकिया टेबल टेनिस खेलना शुरू किया था। धनखड़ की दिनचर्या से वाकिफ लोगों ने बताया कि वह नियमित रूप से योग अभ्यास करते हैं और उपराष्ट्रपति एनक्लेव में अपने शुभचिंतकों व स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति की दिनचर्या से अवगत एक व्यक्ति ने बताया, यहां तक कि यात्रा से लौटने के बाद भी वह अपने स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते थे।

# 1.10 करोड़ की अवैध शराब पर चला बुलडोजर



**छग के अलावा मप्र और ओडिशा की शराब**

*अवैध शराब के खिलाफ एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली, बोधघाट, परपा, बस्तर, लोहण्डीगुड़ा, बड़ांजी, कोडेंनार, दरभा, भानपुरी, मारडूम, बकावंड़ व थाना बुरगुम समेत 13 थाना क्षेत्र में अवैध देशी मदिरा 4398.960 लीटर ।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिले के 13 थाना क्षेत्र से जब्त किया गया 30 हजार लीटर से अधिक अवैध देशी व विदेशी मदिरा का शुक्रवार को कलेक्टर द्वारा गठित जिला स्तरीय मदिरा नष्टीकरण समिति द्वारा बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया। छग राज्य गठन के बाद जिले में शराब नष्टीकरण की यह पहली कार्रवाई है, जब एक करोड़ रुपए से अधिक की जब्त शराब को नष्ट करते हुए गहरा गड्ढा खोदकर पाट दिया गया।

## सूरत से किडनैपिंग, मुंबई में मर्डर, एसी कोच के टॉयलेट में फेंका शव

**मुंबई।** मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब खड़ी कुशीनगर एक्सप्रेस के एसी कोच बी-2 के टॉयलेट से करीब 5 साल के मासूम का शव बरामद हुआ। ट्रेन की सफाई के दौरान कर्मचारियों को शव दिखा, जिसके बाद तत्काल सूचना रेलवे पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी ने शव को बाहर निकाल पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए राजावाड़ी अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि बच्चे का अपहरण सूरत से किया गया, मुंबई में मर्डर के बाद एसी कोच के टॉयलेट में शव फेंक दिया गया। प्रारंभिक जांच में मृतक का मौसेरा भाई आरोपी बताया जा रहा है।जानकारी के मुताबिक, बरामद बच्चा वही है जिसकी गुमशुदगी और अपहरण का मामला 22 अगस्त को सूरत के अमरोली पुलिस थाने में दर्ज हुआ था। शिकायत में आरोप था कि बच्चे का अपहरण उसके ही मौसेरे भाई ने किया है। इस आधार पर अमरोली पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर डालकर ट्रैकिंग शुरू की थी। इसी सिलसिले में अमरोली पुलिस की टीम शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंची।

### यूपी से आई नशीली दवा की खेप जब्त

**कोरबा।** जिले में नशे का अवैध कारोबार करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। जहां उत्तर प्रदेश के वाराणसी से नशीली टेबलेट लाकर जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खपाने का काम किया करते थे। पुलिस ने इस गिरोह के कुल 8 लोगों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है जिसमें वाराणसी उत्तरप्रदेश के दो आरोपी भी शामिल है।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि जिले के अलग-अलग क्षेत्र में नशीली टेबलेट का कुछ लोग अवैध कारोबार कर रहे हैं।

# दो हाथियों ने मरवाही इलाके में जमा रखा है डेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मरवाही

नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले 20 दिनों से दो हाथियों ने डेरा जमाया हुआ है। मध्यप्रदेश की सीमा से आए हाथी और मरवाही पंचायत क्षेत्र के लोगों के बीच जीवन को लेकर संघर्ष जारी है। हाथियों ने इन 20 दिनों में कई ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त किया है और फसलों को नुकसान पहुंचाया है। स्थिति यह है कि रात में गांव का कोई भी पुरुष सोता नहीं है, सभी हाथियों पर नजर रखने रतजगा करने मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार मरवाही नगर पंचायत क्षेत्र में 2 हाथियों को डेरा डाले हुए लगभग 20 दिनों से ज्यादा समय हो गया है। यहां हाथी-मानव द्वंद्व जारी है। वन विभाग प्रशासन रहवासियों को हिदायत देकर हाथियों के मूवमेंट में नजर रख रहा है, लेकिन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के पास हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने कोई ठोस प्लान नहीं है। मरवाही क्षेत्र में हालात यह हैं कि हाथी जंगल किनारे बसाहट और घनी आबादी वाले क्षेत्र में दर्जनों घर को ध्वस्त कर चुके हैं। हाथी उन घरों को याद रखते हैं जहां वे पहले भी धान और चावल चट कर चुके हैं। वे उस घर को ही खोजकर वहां पहुंचते हैं और तोड़फोड़ मचाते हैं। मरवाही के मूड़ा टोला निवासी रतन चंद्रा ने बताया कि गांव के रहवासियों की मदद करने कोई आगे नहीं आ रहा है। वन विभाग मुआवजा देता भी है तो नाम मात्र का। जिसका घर टूट फूट गया है उसको तत्काल कोई मदद नहीं मिलती।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# सीआरपीएफ के जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

*मोर्चे पर तैनाती के दौरान दोपहर में स्वयं को मारी गोली*

- गोली की आवाज से कैम्प में मचा हड़कंप, एक दिन पूर्व छुट्टी से लौटा था जवान

सुकमा जिले के मिनपा सीआरपीएफ की 22 वीं बटालियन में तैनात एक जवान ने ड्यूटी के दौरान स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जवान मोर्चा में संतरी ड्यूटी पर तैनात था तभी उसने स्वयं को गोली मार ली। घटना नक्सल प्रभावित मिनपा सीआरपीएफ कैम्प का है। बताया जा रहा है कि जवान एक दिन पूर्व ही छुट्टी समाप्त कर वापस ड्यूटी पर लौटा था। मृतक जवान का नाम शशिभूषण है जो कि बिहार का रहने वाले था। घटना दोपहर लगभग दो बजे की बताई जा रही है।

गोली की आवाज सुनकर कैम्प में हड़कम्प मच गया। मोर्चा की ओर से गोली की आने के बाद गोली की आवाज सुनकर नक्सली हमले की आशंका से बाकी जवान सावधानी से मोर्चे की तरफ बढ़े और मौके पर पहुंचने पर उसे खून से लथपथ हालत में पाया उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। गोली उसके सिर के आर पार हो गई थी। घटना के बाद जवानों ने तुरंत उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई। घटना की पुष्टि करते हुए एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जवान ने अपने एलएमजी (लाइट मशीनगन) से स्वयं को गोली मार ली है जो एक दिन पूर्व ही छुट्टी से लौटा था। जवान की आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।


### वाराणसी में शुरू होगी गंगोत्री रेजिडेंशियल क्रूज सेवा

**वाराणसी।** वाराणसी में पर्यटकों के लिए पांच सितारा 'गंगोत्री रेजिडेंशियल क्रूज सेवा' आगामी सितंबर महीने से शुरू हो जाएगी। वाराणसी के रविदास घाट पर मौजूद इस लक्जरी क्रूज का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किए जाने की संभावना हैं। यह लग्जरी क्रूज सितंबर से वाराणसी के रविदास घाट से चुनार, मारकंडे महादेव, आदिकेशव सहित प्रयागराज तक जल यात्रा कराएगा।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238, 9229187457 (रायपुर /03/सितंबर/25)

## शब्द पहेली - 5968



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -5967 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5978

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5977 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |



# सनी ने की आर्यन की तारीफ, कहा-चक दे फट्टे

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डेब्यू करने को तैयार हैं। वे बतौर निर्देशक करियर शुरू कर रहे हैं। हाल ही में उनके डेब्यू शो 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो सामने आया। आर्यन के पहले शो के लिए सनी देओल ने उन्हें बधाई दी है। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो शेयर कर लिखा है, 'प्रिय, आर्यन... आपका शो बेहद शानदार है! बॉब ने आपकी खूब तारीफ की है। आपके पिता को आप पर बहुत गर्व होगा। मेरी तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं, बेटा। चक दे फट्टे'।

लाइफ Style

# नोरा

## मुझे बहुत पसंद है कॉमेडी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने अपनी आगामी फिल्म 'उफ्फ ये सियापा' का पहला लुक सोशल मीडिया पर जारी किया। इस फिल्म में नोरा कामिनी के दमदार और आकर्षक किरदार में नजर आएंगी। जो एक ऐसी फिल्म की नींव रखता है, जो अनोखी और मनोरंजक होने का वादा करती है।

यह फिल्म लव रंजन फिल्म्स के बैनर तले बनी है और इसे सोशल मीडिया पर इस कैप्शन के साथ साझा किया गया। नोरा ने बताया कि यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है।

सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, नोरा ने अपनी उत्सुकता ज़ाहिर करते हुए कहा, मैं सुबह 'घोषणा देखकर उठी, एक ऐसी फिल्म, जिस पर मैंने महामारी के अंत के समय काम किया था। काफ़ी वक़्त हो गया है। यह एक बहुत ही दिलचस्प फिल्म है। मैं यह देखने के लिए वाकई उत्साहित हूँ कि यह कैसी बनती है क्योंकि जब हमने इसे शूट किया था, तो हमने इसे बिना किसी डायलॉग के शूट किया था। तो यह एक बहुत ही भावपूर्ण फिल्म है। और यह बहुत ही अभिव्यक्तिपूर्ण फिल्म है। इसमें बेहतरीन कलाकारों की टीम है, कुछ शानदार अभिनेता हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने इसकी शूटिंग के दौरान बहुत मजा किया। यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है। मैं इसे देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं।



हॉलीवुड मसाला

# टायला के सेहत को लेकर उठे सवाल



**लॉस एंजेलिस।** साउथ अफ्रीकन पॉप स्टार टायला का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक पार्टी के बाद सिक्यॉरिटी गार्ड गोद में उठाकर ले जाती दिख रही है। अब ये नजारा लोगों को हैरान कर रहा है। ब्राजील के साओ पाउलो में एक परफॉर्मेंस के बाद की इस घटना में टायला को होश में नहीं देखा गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि ये घटना ब्राज़ील के साओ पाउलो में हुई एक पार्टी के दौरान की है। यहां सिंगर परफॉर्म कर रही थीं।




# मिली बॉबी ब्राउन के घर आई नन्ही परी

**लॉस एंजेलिस।** नेटफ्लिक्स की पॉपुलर वेब सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स की एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन के घर नन्ही परी ने दस्तक दी है। एक्ट्रेस 21 साल की उम्र में एक बेटी की मां बन गई हैं। इस गुड न्यूज को उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर की है। पोस्ट में मिली ने बताया है कि उन्होंने पति जेक बोंगियोवी के साथ मिलकर एक बेटी को गोद लिया है। इस खबर के आते ही फैंस क्यूट कपल को बधाई दे रहा है। एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'इस गर्मी, हमने को गोद लेकर अपनी बेटी का वेलकम किया है। हम शांति और प्राइवेसी के साथ पेरेंट्स बनने के इस खूबसूरत फेज को शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।



# सोनाक्षी करेंगी दहाड़-2 से शानदार वापसी

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा दहाड़ से अपना डिजिटल डेब्यू किया था, जिसका निर्देशन कागती ने किया था। यह शो बेहद सफल रहा था और अब यह जोड़ी दहाड़ 2 के लिए फिर से साथ आने वाली है। सूत्रों के अनुसार, रीमा कागती ने दहाड़ 2 की पटकथा तैयार कर ली है और दिसंबर 2025 में शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रही हैं। स्क्रिप्ट तैयार है और वेब सीरीज़ अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। सोनाक्षी सिन्हा एसआई अंजलि भाटी की भूमिका निभाने के लिए वापसी करेंगी, जबकि अन्य किरदारों की कास्टिंग अभी चल रही है। दहाड़ की तरह, दूसरे सीजन में भी एक दमदार अभिनेता खलनायक की भूमिका में होगा और इसके लिए भी कास्टिंग चल रही है। दहाड़ 2 भारतीय समाज की वास्तविकताओं पर आधारित एक सामाजिक रूप से प्रासंगिक थ्रिलर के रूप में जारी रहेगा,




# फिल्म धुरंधर के ट्रेलर को मिली मंजूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जब से फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तब से इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज का भी रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि सीबीएफसी की इसे मंजूरी मिल गई है। सीबीएफसी ने धुरंधर के ट्रेलर को यू/ए रेटिंग के साथ मंजूरी दी है। यानी कि अब ट्रेलर रिलीज का रास्त साफ हो गया है। सीबीएफसी की वेबसाइट के अनुसार, ट्रेलर 2 मिनट 42 सेकंड का है। हालांक, निर्माताओं ने अभी तक ट्रेलर की रिलीज तारीख की घोषणा नहीं की है। रणवीर के जन्मदिन के अवसर पर 6 जुलाई को 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ था, जिसे टीजर भी कहा गया था। इस टीजर में रणवीर दमदार अंदाज में दिखे थे।

# रणबीर-आलिया का नया घर 250 करोड़ में तैयार, जल्द करेंगे गृह प्रवेश

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के बंगले का वीडियो फिर से वायरल हो रहा है। इसका डिजाइन चर्चा में आ गया है। करोड़ों रुपए के बंगले की एक झलक देखकर हर कोई इसका मजाक उड़ा रहा है। हालांकि, करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी, आलिया-रणबीर का नया घर फैंस को पसंद नहीं आ रहा है।



**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के लोकप्रिय कपल्स में से एक हैं। दोनों जल्द ही मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित अपने नए आलीशान बंगले में शिफ्ट होने वाले हैं। कपल का आलीशान बंगला अब पूरी तरह बनकर तैयार है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के नए 6 मंजिला आशियाना बंगले की कीमत लगभग 250 करोड़ रुपए बताई जा रही है। खबर है कि दोनों बहुत जल्द अपने नए घर में गृह प्रवेश करने वाले हैं।

इस हवेली में आधुनिक डिज़ाइन, रुफटॉप गार्डन और हरी-भरी बालकनी है। इसे ग्रे रंग और काले बॉर्डर से रंगा गया है। यह घर कई सालों से कपूर परिवार के पास है। पहले इसके मालिक राज कपूर थे, फिर ऋषि और नीतू कपूर। अब यह उनकी बेटी राहा के नाम पर रजिस्टर्ड है।

टीवी मसाला

# बिग बॉस 19 का आगाज, घरवाले चलाएंगे 'अपनी सरकार'



**मुंबई।** टेलीविजन का सबसे बड़ा और विवादित रियलिटी शो, बिग बॉस, एक नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। 24 अगस्त को इसका ग्रैंड प्रीमियर है, जिसे सलमान खान होस्ट करेंगे। इस बार शो की थीम 'घरवालों की सरकार' है, जिसमें प्रतियोगियों को फैसले लेने का अधिकार दिया गया है। इस साल, बिग बॉस अपनी पारंपरिक भूमिका से हटकर सिर्फ नियम बनाने तक सीमित रहेगा, जबकि घर के अंदर के सभी फ़ैसले खुद प्रतियोगी लेंगे। दर्शकों के पास वोटिंग का अधिकार पहले की तरह रहेगा, लेकिन शो की पूरी बागडोर अब 'घरवालों' के हाथ में होगी। एंडेमोल शाइन के सीओओ, ऋषि नेगी के अनुसार, इस थीम को पिछले सीजन्स की प्रतिक्रिया और आलोचनाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

# म्यूजिकल ड्रामा में नजर आएंगी श्रद्धा



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर एक बार फिर से सुर्खियों में है। श्रद्धा कपूर को आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई 'स्त्री 2' में देखा गया था। श्रद्धा कपूर और राजकुमार की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड बनाए। लेकिन इसके बाद श्रद्धा कपूर जैसे बड़े पर्दे से गायब ही हो गई। लेकिन खबर है कि जल्द ही श्रद्धा कपूर फिर से नए अवतार में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली है। उनकी नई फिल्म एक पीरियड म्यूजिकल ड्रामा होगी। चलिए देखते हैं कि श्रद्धा की नई फिल्म कैसी होगी। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, श्रद्धा कपूर फिर से मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन के साथ करने वाली है। वह मैडॉक फिल्म्स की अगली पीरियड म्यूजिकल ड्रामा में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। ये फिल्म डांसर के जीवन पर आधारित एक अनोखी पीरियड ड्रामा होगी। खबरें हैं कि इस फिल्म के किरदार के लिए श्रद्धा कपूर ने क्लासिकल डांस की स्पेशल ट्रेनिंग शुरू कर दी है। श्रद्धा कपूर की इस फिल्म का डायरेक्शन लक्ष्मण उटेकर करेंगे, उन्होंने ही साल 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' का भी निर्देशन किया था। इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो गया है। फिल्म के मेकर्स इस फिल्म को नवंबर 2025 में फ्लोर पर लाने की प्लानिंग बना रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 6 महीने में पूरी की जाएगी। इसके बाद साल 2026 में फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। बता दें कि खबर थी कि श्रद्धा कपूर 'स्त्री 2' के बाद एकता कपूर की एक फीमेल लीड फिल्म में काम करेंगी, लेकिन कुछ मुद्दों

# कांतारा: चैप्टर 1' ने रिलीज से पहले कमाए 100 करोड़

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने पूरे भारत में धूम मचा दी थी। अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा: चैप्टर 1' रिलीज के लिए तैयार है, जिससे जुड़े एक-एक अपडेट पर प्रशंसक नजर बनाए हुए हैं। फिल्म के धांसू पोस्टर पहले ही दर्शकों के रोंगटे खड़े कर चुके हैं। अब खबर है कि इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने तेलुगू राइट्स बेचकर मोटी कमाई कर ली है। 'कांतारा' की सफलता इस बात की गवाही थी कि इसका अगला भाग आएगा तो धमाका होगा और इस धमाके की उम्मीद ने ही इसके निर्माताओं को इतनी तगड़ी कमाई करवा दी है कि आंकड़े देखकर इंडस्ट्री वालों की आंखें फटी की फटी रह जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 125 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म के तेलुगू थिएट्रिकल राइट्स 100 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ कीमत पर बिके हैं।

# मिथुन की एक समय में होती थी 65 फिल्में फ्लोर पर, साल में 19 फिल्मों में काम करने का रिकॉर्ड

स्क्रिप्ट की एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि फिल्म करनी है या नहीं

**मुंबई।** एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में खुलासा किया कि एक समय में उनकी 65 फ़िल्में फ्लोर पर थीं। एक खास बातचीत में मिथुन से पूछा गया कि 80 और 90 के दशक में वह सालाना कितनी फ़िल्में करते थे। सभी को चौंकाते हुए उन्होंने जवाब देते हुए कहा, आपको यह जानकर हैरानी होगी कि एक समय में हमारी 65 फ़िल्में फ्लोर पर होती थीं। मेरे नाम एक साल में 19 फ़िल्में रिलीज करने का लिम्का बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, तो आप उस काम के बोझ का अंदाज़ा लगा सकते हैं। मैं 380 फ़िल्में कर चुका हूं।" उनसे यह भी पूछा गया, "ऐसे दौर में जब ज़्यादातर अभिनेता सालाना कम फ़िल्में करते हैं, आपको इतनी सारी फ़िल्में करते रहने की प्रेरणा क्या देती है? इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सिर्फ़ एक फ़िल्म कैसे करते हैं, कहते हैं कि पढ़ते हैं। लेकिन उसके बाद क्या होता है, आप स्क्रिप्ट कितनी बार पढ़ सकते हैं। आपको पूरी फ़िल्म एक ही लाइन में समझ आ जाती है। हमने एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि हमें फ़िल्म करनी है या नहीं।



**कृपया सच जानें**

मिथुन ने कहा कि क्या आप जानते हैं कि नोआखली में क्या हुआ था? यह मेरे जन्म से पहले हुआ था। बस इतना ही पता है कि 'बहुत से लोग मारे गए बस। कलकत्ता नरसंहार के मामले में भी यही हुआ था। कोई नहीं जानना चाहता कि यह कैसे और क्यों हुआ, लेकिन विवेक अग्निहोत्री कह रहे हैं, कृपया सच जानें। मिथुन ने आगे कहा, नोवाखाली में एक नरसंहार हुआ था, जिसमें लगभग 40 हजार हिंदू मारे गए थे, कलकत्ता नरसंहार में भी यही हुआ था, और लोग इसका विरोध करेंगे। यही सच है, और जैसे ही कोई सच की बात करता है, वह राजनीति से प्रेरित हो जाता है। हम इसमें क्या कर सकते हैं?

### *कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता*

*मिथुन ने आगे कहा, अब मैं सिर्फ़ वही फ़िल्में करता हूं, जो मुझे मेहनताना देती हैं। जैसे मैं प्रभास के साथ "फ़ौजी" कर रहा हूं। यह एक देशभक्ति से भरपूर पारिवारिक ड्रामा है, और रजनी (रजनीकांत) के साथ जेलर 2 एक अलग तरह की फिल्म है। प्रजापति 2 एक अलग तरह की फ़िल्म है, इसलिए मेरे लिए यह सब आसान है। मिथुन ने अपनी हालिया फ़िल्म "द बंगाल फ़ाइल्स" को लेकर हुए विरोध और विवाद के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जैसे ही आप सच्चाई दिखाते हैं, वह राजनीति से प्रेरित हो जाती है। उन्होंने कहा, जैसे ही आप हकीकत दिखाते हैं, वह अपने आप राजनीति से प्रेरित हो जाती है। यह आश्चर्यजनक है कि कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता।*

# बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप: सेन और सिंधू के सामने कड़ी चुनौती, सात्विक-चिराग से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पहले दौर में शीर्ष वरीय शि यू का सामना करना होगा जबकि पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू खराब प्रदर्शन से उबरकर कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के लिए यह साल मुश्किल रहा है। चोटों और खराब फॉर्म ने उनकी तैयारी में बाधा डाली है। एक साल पहले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में फ्रांस की राजधानी में वापसी कर रहे हैं।



## प्रणय भिड़ेंगे फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से

विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले एचएस प्रणय का पहला मुकाबला फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से होगा। अगर वह पहली बाधा पार कर लेते हैं तो उन्हें दूसरे दौर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन का सामना करना पड़ सकता है। पुरुष युगल में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पहले दौर में बाई मिली है और वे दूसरे दौर में हमवतन हरिहरन अम्साकरुनन और रूबेन कुमार या चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से खेलेंगे। मिश्रित युगल में 16वीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो को पहले दौर में बाई मिली है, जबकि रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गाडे का पहला मुकाबला मकाऊ के लियोंग लोक चोंग और वेंग ची एनजी से होगा। महिला युगल में प्रिया कोंजेंगबाम-श्रुति मिश्रा तथा पांडा बहनें रुतुपर्णा और श्वेतपर्णा भी चुनौती पेश करेंगे।



## सिंधू का पहला मुकाबला कालोयाना नलबांटोवा से

अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इसके बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और अगर उन्हें विश्व चैंपियनशिप में आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह ली शि फेंग, कोडाई नाराओका और शी के खिलाफ कड़े मुकाबलों में अक्सर लड़खड़ाते रहे हैं। शी का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 3-1 है। महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू को चाइना ओपन में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से मिली हार से उबरना होगा। पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों के साथ सबसे सफल भारतीय सिंधू अपने अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी।

## खबर संक्षेप



### हिल्स ओपन : स्नेहा, प्रणवी और हिताशी ने बनाई कट में जगह

**गोटेनबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह, प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी हिल्स ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन कट में जगह बनाने में सफल रही। पहली बार लेडीज़ यूरोपियन टूर में खेल रही स्नेहा ने पहले राउंड के 72 के स्कोर के बाद दूसरे राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं। प्रणवी (76-72) और हिताशी (74-75) क्रमशः संयुक्त 41वें और संयुक्त 53वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ी अमनदीप द्राल (77-77), त्वेसा मलिक (79-76), अवनि प्रशांत (72-84) और वाणी कपूर कट से चूक गईं, जो सात ओवर पार पर गया था। वाणी दूसरे राउंड में रिटायर हो गईं थी। जर्मनी की लियोनी हार्म और स्वीडन की मेजा ऑर्टेनग्रेन संयुक्त बढ़त पर हैं।

### डीपी वर्ल्ड: संयुक्त 46वें स्थान पर अहलावत



**सुटोन कोल्डफील्ड।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने डीपी वर्ल्ड टूर पर बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के तीसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 46वें स्थान पर बने हुए हैं। अहलावत (73-71-71) ने तीसरे दौर में चार बर्डी, एक ईगल और पांच बोगी लगाई। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 40वें स्थान पर बने हुए हैं।

### एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच बने गांगुली



**सेंचुरियन।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को 2026 सत्र से पहले एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। यह किसी टीम का मुख्य कोच बनने का उनका पहला कार्यकाल होगा। गांगुली इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट की जगह लेंगे, जिनके पद छोड़ने की घोषणा शनिवार को की गई थी। सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हमें सौरव गांगुली को अपना नया मुख्य कोच घोषित करते हुए बेहद खुशी हो रही है।' यह पहली बार होगा जब गांगुली किसी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच होंगे। 2018 और 2019 के बीच गांगुली आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक थे। बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने यह पद छोड़ दिया था। प्रिटोरिया कैपिटल्स का स्वामित्व जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पास है, जो दिल्ली कैपिटल्स का सह-मालिक है।

## हेड और मार्श ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले विकेट के लिए 250 रन की सबसे बड़ी साझेदारी की

# ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत, द. अफ्रीका को रिकॉर्ड अंतर से हराया

एजेंसी ▶▶| मैके

तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 276 रनों से हराया। ये वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के तीसरे वनडे मैच में ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श और कैमरून ग्रीन ने मिलकर धमाका कर दिया। तीनों बल्लेबाजों ने शतक ठोककर साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को हैरान और परेशान कर दिया। पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने शतक जमाया फिर कैमरुन ग्रीन ने केवल 47 गेंद पर शतक ठोककर इतिहास रच दिया। ग्रीन वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने गए। बता दें कि वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक ग्लेन मैक्सवेल ने जमाया था। मैक्सवेल ने केवल 40 गेंद पर शतक लगाने का कमाल किया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने इतिहास रचा दिया। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 250 रन की साझेदारी की।

- कैमरून ने 47 गेंदों में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरा सबसे तेज वनडे शतक बनाया




### साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ी वनडे ओपनिंग साझेदारी

- 250* ट्रेविस हेड-मिचेल मार्श, मैके, 2025
- 200 विक्रम सोलंकी-मार्कस ट्रेस्कोथिक, द ओवल, 2003
- 193 सौरव गांगुली-सचिन तेंदुलकर, जोहान्सबर्ग, 2001
- 193 शिवनारायण चंद्रपॉल-क्रिस गेल, जोहान्सबर्ग, 2004

### वनडे में ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च स्कोर

- 434/4 बनाम साउथ अफ्रीका, जोहान्सबर्ग, 2006
- 431/2 बनाम साउथ अफ्रीका, मैके, 2025*
- 417/6 बनाम अफगानिस्तान, वाका, 2015
- 399/8 बनाम नीदरलैंड, दिल्ली, 2023

ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 50 ओवर में दो विकेट पर 431 रन बनाकर बड़ा स्कोर बनाया

### कैमरुन ने 55 गेंद पर नाबाद 118 रन की तूफानी पारी खेली

*बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में दो विकेट पर 431 रन बनाए, जिसमें ट्रेविस हेड ने 103 गेंद पर 142 रन की पारी खेली, हेड ने 17 चौके और 5 छक्के लगाकर धमाका किया। वहीं, मिचेल मार्श ने 106 गेंद पर 100 रन की पारी खेली, मार्श ने अपनी पारी में 6 चौके और 5 छक्के लगाए, इसके अलावा कैमरुन ग्रीन ने 55 गेंद पर नाबाद 118 रन की की तूफानी पारी खेली, ग्रीन ने अपनी धमाकेदार पारी में 6 चौके और 8 छक्के लगाने का कमाल किया। वनडे में ऑस्ट्रेलिया का यह दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले साल 2006 में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही 434 रन का स्कोर बनाया था।*

## टेनिस हॉल ऑफ फेम

# शारापोवा और ब्रायन बंधु को मिला नया उपहार



एजेंसी ▶▶| न्यूपोर्ट (अमेरिका)

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा तथा युगल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ब्रायन बंधु माइक और बॉब को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस मौके पर हॉल ऑफ फेमर्स मार्टिना नवरातिलोवा, जिम कूरियर, स्टेन स्मिथ और एंडी रॉडिक अपने नीले हॉल ऑफ फेम ब्लेजर पहने हुए दर्शकों में शामिल थे। शारापोवा और ब्रायन बंधुओं को एक कास्ट टेनिस रैकेट दिया गया, जो हॉल ऑफ फेम की ओर से शामिल होने वालों के लिए नया उपहार है।

### 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में होगी शामिल सेरेना

इस अवसर पर 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स उपस्थित थीं। उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिद्वंद्वी, शारापोवा का परिचय कराया। सेरेना 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने की पात्र होगी। सेरेना ने कहा, 'मेरे करियर में कुछ ही खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने मुझे हर बार कोर्ट पर उतरते ही सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती दी। मारिया शारापोवा उनमें से एक थीं। जब भी मैंने ड्रॉ में अपने नाम के बगल में उनका नाम देखा, तो मैंने और कड़ा अभ्यास किया।'

### सेरेना ने मुझे प्रेरित किया : मारिया

इस अवसर पर शारापोवा ने कहा, 'आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है, जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे। सेरेना ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।' विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाली रूस की पहली महिला खिलाड़ी और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली दस महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा को अमेरिका के जुड़वा भाईयों माइक और बॉब ब्रायन के साथ टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

## राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप

# मीराबाई की वापसी, भारोत्तोलकों की नजरें ज्यादा पदक जुटाने पर



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

टोकियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी, जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं, जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं। मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें।

### पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं : चानू

चानू ने कहा, 'मैं अहमदाबाद में पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं, जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया है।' चानू भले ही मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं लेकिन भारत के दल के लगभग हर भार वर्ग में पोडियम पर पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल प्रतियोगिताएं (राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप) लंबे समय से भारतीय भारोत्तोलकों के लिए एक शानदार जगह रही हैं, जिन्हें चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति का फायदा मिलता है। जब भारत ने पिछली बार 2023 में चैंपियनशिप की मेजबानी की थी तो घरेलू टीम ने 20 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। इस बार भी रजत विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह सहित कई राष्ट्रमंडल पदक विजेता भारत की पदक तालिका में इजाफा करना चाहेंगे।

### महिला टेस्ट क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

**ब्रिस्बेन।** ऑफ स्पिनर एमी एडगर के पांच विकेट के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने एकमात्र अनधिकृत महिला टेस्ट के अंतिम दिन भारत ए को छह विकेट से हरा दिया। एडगर ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में वीजे जोशीथा का विकेट लेकर अपना पांचवां विकेट हासिल किया, जिससे भारत ए की दूसरी पारी 286 रन पर सिमट गई और मेजबान टीम को 281 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ए ने अनिका लियरॉयड (72), रेचल ट्रेनामन (64) और मैडी ड्रेक (68) के अर्धशतकों की बदौलत 85.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज ट्रेनामन और कप्तान ताहलिया विल्सन (46) ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर भारतीय आक्रमण पर दबाव बना दिया।

## राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप

# आन्या गोंटिया ने बढ़ाया जबलपुर का मान, जीता स्वर्ण पदक

**जबलपुर।** रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित 33वीं AIKF नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जबलपुर की आन्या गोंटिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

आन्या गोटिया, जो कि भरत कुमार गोटिया और मंजू गोटिया की पुत्री हैं, ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कुमीते (फाइट) -52 किलोग्राम भार वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से जबलपुर सहित पूरे प्रदेश को गर्व महसूस हुआ है। आन्या ने यह सफलता पीटर सर एवं लता मैडम के मार्गदर्शन में कठोर प्रशिक्षण के बाद प्राप्त की। उनका समर्पण, मेहनत और आत्मविश्वास इस सफलता के पीछे की मुख्य कुंजी रहे। आन्या के पिता भरत गोंटिया खमरिया में कनिष्ठ कार्यबंधक पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी



माता श्रीमती मंजू गोंटिया एक शिक्षिका हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार व शहरवासियों में खुशी का माहौल है। संस्कारधानी की इस होनहार बेटी ने न सिर्फ अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे जबलपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

### सिंकफील्ड कप: गुकेश का सामना फिरोजा और प्रज्ञाननंदा का डूडा से

**सेंट लुई।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से भिड़ेंगे जबकि उनके हमवतन आर. प्रज्ञाननंदा का सामना पोलैंड के डुडा जान-क्रिज्स्टॉफ से होगा। प्रतियोगिता में विश्राम दिवस से पहले फैबियानो कारुआना दो जीत



और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है, जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञाननंदा ने पहले राउंड में गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले। अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद पांच खिलाड़ियों अमेरिकी जोड़ी वेस्ली सो और सैमुअल सेवियन, फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव, फिरोजा और गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के समान 2.5 अंक हैं। डूडा के दो अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक आगे हैं।

## आर्सेनल की लीड्स पर बड़ी जीत, 5-0 से दी मात


# इंग्लिश प्रीमियर लीग: कम उम्र, बड़ा खेल, डाउमैन का तूफानी प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| लंदन

विक्टर ग्योकेरेस ने आर्सेनल के लिए अपना पहला गोल दागा, जिससे उनकी टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में लीड्स को 5-0 से हराया। जुरियन टिम्बर ने 34वें मिनट में आर्सेनल के लिए कॉर्नर से गोल किया, जिसके बाद बुकायो साका ने हाफटाइम के पहले गोल करके घरेलू टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

ग्योकेरेस ने शुरुआती दौर में एक आसान मौका गंवाने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद अपने घरेलू मैदान पर गोल किया। टिम्बर ने इसके बाद अपना दूसरा गोल किया। मैक्स डाउमैन ने बेंच से उतरते हुए दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। वह 15 साल और 235 दिन की उम्र में एथन नवानेरी के बाद आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। इस

- आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने मैक्स डाउमैन



### टॉटेनहैम की मैनचेस्टर सिटी पर प्रभावशाली जीत

इस बीच टॉटेनहैम ने नए कोच थॉमस फ्रैंक के नेतृत्व में प्रीमियर लीग सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने ब्रेनन जॉनसन और जोआओ पल्हिन्हा के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी पर 2-0 की प्रभावशाली जीत हासिल की।

### बार्सिलोना का विजय अभियान जारी, लेवांटे को 3-2 से हराया



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मेजबान टीम लेवांटे पर 3-2 से जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखा। शीर्ष लीग में जगह बनाने वाले लेवांटे ने मध्यांतर तक दो गोल की बढ़त हासिल करके सबको चौंका दिया था। गत विजेता बार्सिलोना को दूसरे हाफ में पेड्री गोंजालेज और फेरान टोरेस ने बराबरी दिलाई। इसके बाद लेमिन यामल ने विजयी गोल करने में मदद की जब उनके क्रॉस पर लेवांटे के उनाई एल्गेज़ाबल ने गेंद को अपने ही नेट में पहुंचा दिया। यह आत्मघाती गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले लेवांटे के स्ट्राइकर इवान रोमेरो ने 15वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। जोस लुइस मोरालेस ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने एल्चे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर अपनी बढ़त गंवा दी। एक अन्य मैच में मालोर्का ने सेल्टा विगो के साथ 1-1 से ड्रॉ खेल कर अंक बांटे।




No More CONSTIPATION!

24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

If you're also suffering from constipation, gas, or acidity, try Pet Saffa Granules/Tablets today. It doesn't stick in the mouth. Take it before bed for effective relief.

Helpful in:
CONSTIPATION
GAS
ACIDITY

Dr. Juneja's पेट सफा ®
Natural Laxative Granules & Tablets

## नौसिखिया अफसर के भरोसे शहर का बिजली सिस्टम!

### जबलपुर की बिजली व्यवस्था चरमराई, गणेशोत्सव से पहले ही अंधेरे में डूबा शहर

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है। जबलपुर जैसे बड़े और महत्वपूर्ण जिले की कमान एक ऐसे अधिकारी को सौंप दी गई है, जो न तो हालात को समझ पा रहे हैं और न ही संभाल पा रहे हैं। एसई सिटी संजय अरोरा की कार्यशैली पर अब खुलेआम सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उपभोक्ता दिन-रात अंधेरे और ट्रिपिंग के संकट से जूझ रहे हैं।

#### रविवार को ठप रहा पॉश इलाकों का सिस्टम

रविवार को शहर के यादव कॉलोनी, अधारताल, संजीवनी नगर, गोकलपुर, राइट टाउन, नेपियर टाउन और गढ़ा जैसे पॉश इलाकों में सुबह से ही लाइट गुल रही। जैसे-



तैसे शाम को सप्लाई लौटी, मगर रात होते-होते फिर वही आलम हर घर अंधेरे में डूब गया। उपभोक्ता बार-बार फोन मिलाते रहे, लेकिन शहर के मुखिया अरोरा साहब न तो फोन उठाते हैं और न ही हालात की जानकारी रखते हैं।

#### गणेशोत्सव में क्या होगा?

अब जबकि गणेशोत्सव जैसे बड़े पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं, जनता आशंकित है कि जब सामान्य दिनों में बिजली विभाग इस हाल में है तो त्योहार के दौरान क्या होगा? मूर्तियों की रोशनी, पंडालों की सजावट और सुरक्षा इंतजाम सब कुछ बिजली पर ही टिका है। यदि ट्रिपिंग और लंबे कटौती का यही हाल रहा तो त्योहार का मजा किरकिरा होना तय है।

#### कंपनी की लापरवाही, जनता पर मार

लंबी कटौती और ट्रिपिंग से घरेलू उपकरण जल रहे हैं, कारोबार चौपट हो रहे हैं और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जनता का कहना है कि बिजली कंपनी के इस कुप्रबंधन की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। आखिर जबलपुर जैसे बड़े शहर की कमान ऐसे नौसिखिया अफसर को क्यों दी गई, जिसने हालात संभालने की बजाय और बिगाड़ दिए?

#### जवाबदेही कब तय होगी?

जनता साफ कह रही है कि अगर गणेशोत्सव जैसे बड़े पर्व पर भी बिजली विभाग ने लापरवाही दिखाई तो सड़कों पर आक्रोश फूटना तय है। शहर की व्यवस्था को तुरंत सक्षम हाथों में सौंपना ही अब एकमात्र विकल्प बचा है।

#### अपने डीई पर भी एसई को भरोसा नहीं

शहर की बिजली व्यवस्था संभाल रहे एसई सिटी अरोरा अपने अधीनस्थ डीई पर भी भरोसा नहीं करते। नतीजा यह है कि शिकायतें जमीनी स्तर तक पहुँच ही नहीं पातीं और उपभोक्ता अंधेरे में कराहते रहते हैं। विभाग में तालमेल के बजाय आपसी अविश्वास हावी है और इसकी कीमत जनता चुका रही है।

## 27 सितंबर से जबलपुर होकर चलेगी रीवा-डॉ अंबेडकर नगर-रीवा फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** सितंबर से त्योहारों की शुरुआत हो रही है जिससे ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ेगी। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेल प्रशासन ने 27 सितंबर से रीवा से डॉ। अंबेडकर नगर (महू) बीच एक साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जो 25 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। दोनों दिशा में 5-5 फेरे लिए जाएंगे। बुकिंग भी शुरू कर दी गई है और पूरा शेड्यूल जारी किया गया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रीवा–डॉ अंबेडकर नगर-रीवा फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार एवं रविवार का गाड़ी का संचालन किया जाएगा।

#### ट्रेन की टाइमिंग

रीवा से डॉ। अंबेडकर नगर ट्रेन नंबर 01704 हर शनिवार को रात 10:20 बजे रीवा से रवाना होगी। अगले दिन सुबह 8:40 बजे रानी कमलापति स्टेशन, 9 बजे भोपाल जंक्शन और 9:33 बजे संत हिरदाराम नगर स्टेशन पहुंचेगी। दोपहर 3:5 बजे डॉ। अंबेडकर नगर पहुंचेगी।

डॉ। अंबेडकर नगर से रीवा ट्रेन नंबर 01703 हर रविवार को रात 9:20 बजे डॉ। अंबेडकर नगर से चलेगी। अगले दिन सुबह 2:45 बजे संत हिरदाराम नगर, 3:35 बजे भोपाल जंक्शन और 3:52 बजे रानी कमलापति स्टेशन होते हुए दोपहर 1:30 बजे रीवा पहुंचेगी।

#### यहां रहेगा ट्रेनों का स्टॉपेज

यह ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, सीहोर, शुजालपुर, मक्सी, देवास, इंदौर और डॉ। अंबेडकर नगर स्टेशनों पर रुकेगी। इस विशेष ट्रेन में 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी एवं 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 20 डिब्बे होंगे।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** सिविल लाईन थानांतर्गत कल देर रात सर्किट हाउस नं. 2 के पास एक पान दुकान को बंद कर खाना खा रहे दुकान के कर्मचारी से मोटरसाइकिल पर आये दो बदमाशों ने राजश्री गुटखा की मांग कर उसे दुकान खोलने कहा। कर्मचारी के मना करने पर आरोपियों ने उससे जबरन विवाद करते हुए एक ने कर्मचारी की अंगुली काटी और दूसरे ने चाकू से हमला कर चोटें पहुंचाई। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। सिविल लाईन पुलिस ने बताया कि कल देर रात मारपीट में घायल आमिर अली को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस को आमिर अली ने बताया कि वह सर्किट हाउस क्रमांक-2 के पास अमजद भाईजान की दुकान में काम करता है। कल रात लगभग 1.30 बजे वह दुकान बंद कर खाना खा रहा था। तभी मोटरसाइकिल पर दो लड़के आये और उससे बोले कि 40 रुपये वाली राजश्री दे दो। आमिर ने कहा कि दुकान बंद हो गई है। दोनों बोले ताला खोल कर राजश्री दे दो। आमिर ने कहा कि चाबी दुकान मालिक के पास है। इसी बात पर दोनों गालीगलौज करने लगे। मना करने पर एक लड़के आमिर के हाथ की अंगुली काट ली वहीं दूसरे ने चाकू से हमला कर कमर व पसली में चोटें पहुंचाई।

## नगर निगम के सामने बड़ा हादसा टला

## चलती कार में आग भड़की

**जबलपुर।** नगर निगम मुख्यालय के सामने उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक एक चलती कार में आग लग गई। कुछ ही क्षणों में कार के बोनट से धुआं और लपटें उठने लगीं। गनीमत यह रही कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन रोक दिया और बाहर निकल आया। समय रहते फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार क्रमांक सीजी 07 बीसी 0559 जेएमसी मुख्यालय के सामने से गुजर रही थी। अचानक बोनट से धुआं निकलना शुरू हुआ और देखते ही देखते आग भड़क उठी। चालक ने तत्काल वाहन को सड़क किनारे रोक दिया। आसपास मौजूद लोगों और पुलिस कर्मियों ने स्थिति को देखकर तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। आग फैलने से पहले ही स्थिति नियंत्रित कर ली गई, जिसके चलते किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि कार को आंशिक नुकसान हुआ है।

मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने घटना की जानकारी ली और कार चालक से पूछताछ की। प्रारंभिक अनुमान लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट या इंजन की तकनीकी खराबी के कारण आग लगी होगी। फिलहाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम कारणों की जांच कर रही है। कार में आग लगने की घटना नगर निगम मुख्यालय जैसे व्यस्त इलाके में हुई, जिससे कुछ देर के लिए आसपास के लोग घबरा गए और सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई। लेकिन समय रहते दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया और किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

## थाना परिसर में बने मंदिर में दिनदहाड़े चोरी

### शहपुरा थाना में वारदात से स्थानीय जन हैरान

हरिभूमि जबलपुर।

शहपुरा थाना परिसर के अंदर बना मंदिर जब सुरक्षित नहीं है तो आम जगहों की बात ही दूर है। यहां शहपुरा थाना परिसर स्थित जगदम्बा मंदिर में दोपहर की पूजा के बाद पुजारी ताला लगाकर अपने घर चले गये. इसके बाद दिनदहाड़े चोरो ने ताला तोड़ा और मूर्ति पर चढ़े जेवर व अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गये। आरोपी सीसीटीवी फुटेज में दिखाई भी दे रहे बड़ा सवाल यह है की जब थाना परिसर ही सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। घटना ने स्थानीय लोगों और भक्तों को हैरान कर दिया।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह वारदात थाना की बाउंड्री वॉल के अंदर हुई, लेकिन पूरे दिन किसी पुलिसकर्मी को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना की खबर फैलते ही मंदिर परिसर पर भक्तों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे।

मंदिर के पुजारी नंदू शर्मा ने बताया कि गत दोपहर लगभग 1:30 बजे उन्होंने माता रानी को भोग लगाकर मंदिर का ताला बंद किया और घर चले गए थे। जब शाम को संध्या आरती के लिए लौटे तो मंदिर का ताला टूटा मिला। अंदर का सामान बिखरा हुआ था और कीमती वस्तुएं गायब थीं।

#### सीसीटीवी में दिखा संदिग्ध युवक

पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू की और थाना परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कैमरे में एक संदिग्ध युवक हाथ में थैला लिए दोपहर करीब 3:15 बजे मंदिर की ओर जाता दिखाई दिया। इसके बाद से पुलिस की तीन टीमें सक्रिय होकर संदिग्ध की तलाश में जुटी हैं।

शहपुरा पुलिस का कहना है कि संदिग्ध की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर चोरी गई सामग्री बरामद कर ली जाएगी। हालांकि स्थानीय लोग मानते हैं कि चोर को पकड़ना मुश्किल नहीं होगा, लेकिन जिस निर्भीकता से उसने थाना परिसर के भीतर वारदात को अंजाम दिया है, उसने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## पितृपक्ष विशेषः जबलपुर से गया के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन, श्रद्धालुओं को मिलेगा बड़ा लाभ



**जबलपुर।** पितृपक्ष के अवसर पर गया में पिंडदान और श्राद्ध कर्म के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने विशेष पहल की है। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा जबलपुर–गया–जबलपुर के बीच विशेष स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन विशेष किराये पर चलाई जाएगी और यात्रियों को कुल 03-03 ट्रिप्स की सुविधा उपलब्ध होगी।

गाड़ी संख्या 01705 (जबलपुर–गया पितृपक्ष स्पेशल) का प्रस्थानः जबलपुर से 09, 14 और 19 सितंबर 2025 को रात 19:35 बजे। **प्रमुख ठहरावः** सिहोरा रोड (20:10/20:12) कटनी (20:50/20:55), मैहर (22:10/22:12), सतना (22:45/22:50)। गंतव्यः गया – अगली सुबह 09:30 बजे।

गाड़ी संख्या 01706 (गया–जबलपुर पितृपक्ष स्पेशल) प्रस्थानः गया से 08, 13 और 18 सितंबर 2025 को दोपहर 14:15 बजे। **प्रमुख ठहरावः** सतना (00:55/01:00), मैहर (01:28/01:30), कटनी (02:30/02:35), सिहोरा रोड (03:13/03:15),गंतव्यः जबलपुर – सुबह 04:15 बजे।

**ठहराव के स्टेशन-** यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर ठहरेगी।

**कोच संरचना-** इस ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए गए हैं, जिनमें: 04 सामान्य श्रेणी, 13 शयनयान श्रेणी 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच शामिल हैं।



## फ्लाईओवर पर घूमने बड़ी संख्या में पहुंच रहे शहरवासी

### सोशल मीडिया पर थैंक्स राकेश भैय्या टैंड चला

**जबलपुर।** जैसे ही मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक फ्लाईओवर जनता को समर्पित हुआ, पूरे जबलपुर सहित प्रदेशभर में सोशल मीडिया पर "जबलपुर फ्लाईओवर" और "थैंक्स राकेश भैय्या" ट्रेंड करने लगा। हजारों लोगों ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और पोस्ट साझा कर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। बड़ी संख्या में लोग फ्लाईओवर पर घूमने के लिये पहुंचे।

लोगों ने कहा कि पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह का यह योगदान अविस्मरणीय है, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को जमीन पर उतारने से लेकर जनता तक पहुंचाने तक लगातार मेहनत की। यही वजह रही कि उद्घाटन के बाद सोशल मीडिया पर मंत्री राकेश सिंह को धन्यवाद देते हुए "थैंक्स राकेश भैय्या" हैशटैग वायरल हो गया।

गौरतलब है की मदनमहल से दमोहनाका तक बना यह फ्लाईओवर करीब 7 किलोमीटर लंबा है और 1200 करोड़ रुपये से अधिक लागत में तैयार हुआ है। इसे प्रदेश का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक फ्लाईओवर माना जा रहा है। इंजीनियरिंग की दृष्टि से यह एक अनोखी उपलब्धि है, जिसमें आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया। इसके शुरू होते ही शहर के यातायात को बड़ी राहत मिली है और आने-जाने में लोगों का समय काफी कम हुआ है।

#### गडकरी बोले – यह तो शुरुआत है

वहीं फ्लाईओवर लोकार्पण कार्यक्रम में जिले के विकास की नई कहानी शुरु हुई। यहां लोकार्पण समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एक के बाद एक आधा दर्जन परियोजनाओं का ऐलान कर दिया. श्री गडकरी ने कहा ने कहा कि जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र के लिए यह तो केवल शुरुआत है। आने वाले समय में एक के बाद एक कई परियोजनाएं पूरी होंगी, जिनसे क्षेत्र का चेहरा बदल जाएगा। जबलपुर से मंडला होते हुए छत्तीसगढ़ सीमा तक चार लेन की सड़क बनाई जा रही है, जिससे व्यापार और पर्यटन को नई गति मिलेगी। सिवनी और छिंदवाड़ा से सावनेर तक मार्ग चौड़ा किया जा रहा है, जिससे यात्रा का समय आधा होगा। विशेष टाइगर कॉरिडोर का निर्माण होगा, जो नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व्स को जोड़ेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार देगा। जबलपुर का रिंग रोड अब पूरा होने के अंतिम चरण में है। इसका आखिरी पैकेज भी मंजूर कर लिया गया है। जबलपुर से भोपाल तक ग्रीनफील्ड हाईवे का निर्माण होगा, जिसकी लागत करीब 15 हजार करोड़ रुपये होगी। इसका डीपीआर इस साल तैयार होकर अगले साल निर्माण शुरू होगा। एम्पायर टॉकीज से गुरुद्वारा तक 900 करोड़ की लागत से और सिविक सेंटर से बलदेव बाग तक एक और रोपवे, जो पर्यटन और यातायात दोनों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

#### जनता का उत्साह चरम पर

फ्लाईओवर पर चलना लोगों के लिए गर्व और उत्साह का विषय बन गया है। उद्घाटन के तुरंत बाद ही लोग सेल्फी लेते नजर आए और सोशल मीडिया पर "जबलपुर फ्लाईओवर" की तस्वीरें शेयर करने लगे। शहरवासी इसे केवल एक आधारभूत संरचना नहीं, बल्कि जबलपुर की नई पहचान के रूप में देख रहे हैं।

#### फ्लाईओवर पर अतिक्रमण गंदगी रोकना चुनौती

फ्लाईओवर शुरु हुये 24 घंटे पूरे होने से पहले ही लोगों ने यहां गंदगी फैलना और अतिक्रमण करना शुरु कर दिया. फ्लाईओवर पर ठेले दिखाई दिये तो युवा गाड़ी खड़ी करके गुटखा खाते और थूकते नजर आए. विभागों को समन्वय बनाकर इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है, वर्ना यह उपलब्धि कुछ दिनों अतिक्रमण और गंदगी भेंट चढ जाएगी।

### चार सितंबर को सीट अलॉटमेंट रिजल्ट, पांच से 12 सितंबर तक रिपोर्टिंग

## नीट यूजी के पहली काउंसलिंग का रजिस्ट्रेशन प्रोसेस एक सितंबर तक

हरिभूमि जबलपुर।

केंद्रीय आयुष प्रवेश परामर्श समिति (एएसीसीसी) ने अपनी आफिसियल वेबसाइट पर नोटिफिकेशन जारी कर नीट यूजी-2025 की रैंक द्वारा 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा, केंद्रीय संस्थान, सरकारी अनुदान प्राप्त संस्थान, डीम्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग शेड्यूल घोषित कर दिया है। यह काउंसलिंग बीएएमएस/ बीएसएमएस/ बीएचएमएस/ बीयूएमएस/ बी फार्मा (आयुष) कोर्सेज में प्रवेश के लिए संचालित की जाएगी।

करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि प्रथम काउंसलिंग का रजिस्ट्रेशन प्रोसेस एक सितंबर तक चलेगा। 26 अगस्त से एक सितंबर के मध्य विद्यार्थियों को आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी तथा सिद्धा कोर्सेज के कॉलेजों की च्वाइस को अपनी इच्छानुसार भरना होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को निर्धारित फीस का भुगतान भी करना होगा।

NIIT FOUNDATION

#### दो से तीन सितंबर के मध्य सीट अलाटमेंट प्रोसेस चलेगा

दो से तीन सितंबर के मध्य सीट अलाटमेंट प्रोसेस चलेगा एवं चयनित कैंडिडेट्स को चार सितंबर को सीट अलाटमेंट रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। कैंडिडेट्स को पांच सितंबर से 12 सितंबर के मध्य आवंटित कॉलेज में अपने दस्तावेजों एवं फीस के साथ रिपोर्टिंग करनी होगी, जो कैंडिडेट्स अपने अलाटेड कॉलेज से सतुष्ट नहीं हैं, उन्हें आगे अपग्रडेशन हेतु स्वीकृति देनी होगी। चूंकि यह एएसीसीसी का प्रथम राउंड है। अतः ऐसे कैंडिडेट्स जो अपने अलाटेड कॉलेज से संतुष्ट नहीं हैं, वे फ्री एग्जिट का आप्शन भी ले सकते है तथा उन्हें अपने अलाटेड कॉलेज को रिपोर्ट करने की कोई आवश्यकता नहीं है। ऐसे कैंडिडेट द्वितीय राउंड काउंसलिंग में च्वाइस पुनः भरने के पात्रता रख पाएंगे और उनकी सिक्योरिटी डिपोजिट भी नहीं की जाएगी।

#### एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी को देने होंगे 500 रुपये

रजिस्ट्रेशन फीस सरकारी कॉलेज, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज, केंद्रीय विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय संस्थान (सीयू/एनआई) के लिए जनरल, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी एनसीएल की फीस 1000 रुपये, एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी 500 रुपये तथा डीम्ड यूनिवर्सिटीज के लिए 5000 रुपये रखी गई है। इसके साथ ही सभी कैंडिडेट्स को सरकारी कॉलेज, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज, केंद्रीय विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय संस्थान (सीयू/एनआई) मे च्वाइस फिलिंग के लिए सिक्योरिटी डिपोजिट 20000 रुपये भी जमा करवाना होगा। डीम्ड यूनिवर्सिटीज के लिए सिक्योरिटी डिपोजिट की राशि 50000 रुपये रहेगी, जो कि ऑनलाइन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकेगा। कैंडिडेट्स अपनी सब्मिटेड च्वाइस 26 अगस्त को दोपहर दो बजे के बाद रात 12 बजे तक च्वाइस लाकिंग कर पाएंगे। यदि कैंडिडेट्स इस समय अवधि मे लाकिंग नहीं करते हैं, तो उनके द्वारा सब्मिटेड च्वाइसेस रात 12 बजे के बाद स्वतः ही आटो लाक हो जाएगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240